





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 346
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 01 अक्टूबर, 2023

पीएम मोदी ने 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम का किया उद्घाटन

# सरकार सब कर लेगी, इस सोच से बाहर निकलने की जरूरतः मोदी

- डेवलप कंट्री का मतलब दिल्ली-मुंबई-चेन्नई नहीं, हम ऐसे मॉडल को नहीं मानते
- कहा- 25 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में आया बदलाव
- प्रधानमंत्री ने कहा कि हम देखना चाहते हैं 2047 तक देश एक विकसित राष्ट्र बनेगा
- स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का नाम




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार (30 सितंबर) को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत 'संकल्प सप्ताह' का शुभारंभ किया। ये कार्यक्रम 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक एक हफ्ते चलेगा। भारत मंडपम में पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ही सब कर लेगी इस सोच से हमें बाहर निकलने की जरूरत है। समाज की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। जिन-जिन ब्लॉक या जिलों में समाज को जोड़ने की ताकत है, वहां परिणाम जल्दी मिलते हैं। संकल्प सप्ताह के उद्घाटन कार्यक्रम में देश भर से लगभग 3,000 पंचायत और ब्लॉक स्तर के जन प्रतिनिधि और पदाधिकारी भारत मंडपम पहुंचे थे। इसके अलावा ब्लॉक और पंचायत स्तर के पदाधिकारियों, किसानों करीब दो लाख लोग वर्चुअल रूप से जुड़े।

### पीएम मोदी के संबोधन की 5 बड़ी बातें...

- आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में ब्लॉक पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जब हर ग्राम पंचायत काम तेजी से करेगी तो ही हर ब्लॉक का विकास तेजी से होगा। जो लोग इस मिशन से जुड़े हैं, मैं सभी लोगों को बधाई देता हूं।
- अभी जो लोग यहां (भारत मंडपम) आए हैं, वो देश के दूर-सुदूर गांवों की चिंता करने वाले लोग हैं। आखिरी छोर पर बैठे हुए परिवार की चिंता करने वाले लोग हैं। उनकी भलाई के लिए योजनाओं को आगे बढ़ाने वाले लोग हैं और इसी महीने यहां वो लोग भी बैठे थे, जो दुनिया को दिशा देने का काम करते थे।
- आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने 112 जिलों में 24 करोड़ से ज्यादा लोगों की जिंदगी बदली है। आकांक्षी जिला योजना की तरह आकांक्षी ब्लॉक योजना भी सफल होगी। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के लिए हमने बहुत ही सरल रणनीति से काम किया, क्योंकि सर्वांगीण विकास, सर्व-स्पर्शी विकास, सर्व-हितकारी विकास ये अगर हम नहीं करते हैं तो बदलाव संभव नहीं होता है।
- आकांक्षी ब्लॉक्स के लिए मैं राज्य सरकारों और अधिकारियों से आग्रह करूंगा कि वे इस बात पर भी ध्यान दें कि जो लोग ब्लॉक के अंदर सफल हैं, उनका भविष्य भी उज्ज्वल होना चाहिए, ताकि उनमें कुछ करने का जुनून हो। जो लोग परिणाम लाते हैं, उनको आगे बढ़ाया जाना चाहिए।
- जरूरी है कि ग्रास रूट लेवल पर परिवर्तन करते हुए हमें आगे बढ़े। विकास को सबसे निचले तबके तक पहुंचाना है। संसाधनों का समान वितरण करने की जरूरत है। जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व की जरूरत है।

### पीएम ने 7 जनवरी को लॉन्च किया था आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम

संकल्प सप्ताह आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा है। ये राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 7 जनवरी, 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर गवरनेंस में सुधार करना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को लागू करने और प्रभावी ब्लॉक विकास रणनीति तैयार करने के लिए देश भर में गांव और ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर आयोजित किए गए।

### सातों दिन की होगी अलग थीम

संकल्प सप्ताह सभी 500 आकांक्षी ब्लॉकों में मनाया जाएगा। संकल्प सप्ताह में हर दिन एक विशिष्ट विकास थीम को समर्पित है, जिस पर सभी आकांक्षी ब्लॉक काम करेंगे। पहले छह दिनों की थीम में संपूर्ण स्वास्थ्य, सुपोषित परिवार, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा और समृद्धि दिवस शामिल हैं। सप्ताह के आखिरी दिन यानी 9 अक्टूबर, 2023 को पूरे सप्ताह के दौरान किए गए कार्यों का संकल्प सप्ताह - समावेश समारोह उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

### आंकड़े संतुष्टि दे सकते, बुनियादी बदलाव नहीं

पीएम का कहना था कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के लिए हमने बहुत ही सरल रणनीति के साथ काम किया है. अगर हम सर्वांगीण विकास और सर्वहितकारी विकास नहीं करेंगे तो आंकड़े भले ही संतुष्टि दे दें, लेकिन बुनियादी बदलाव संभव नहीं है. इसलिए, यह आवश्यक है कि हम जमीनी स्तर पर बदलाव करके आगे बढ़ें. पीएम मोदी ने आगे कहा, यह कार्यक्रम (संकल्प सप्ताह) टीम इंडिया की सफलता का प्रतीक है. यह हर किसी के प्रयास की भावना का प्रतीक है. यह कार्यक्रम भारत के भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है. इसमें संकल्प के माध्यम से सिद्धि का प्रतिबिंब है. मुझे विश्वास है कि जिस तरह एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम को सफलता मिली है, उसी तरह एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम भी 100 फीसदी सफल होगा.

### 25 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में आया बदलाव

भारत मंडपम में संकल्प सप्ताह कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को बदल दिया है। जीवन की गुणवत्ता में बदलाव आया है। इस दौरान मेघालय के कलाकारों ने पीएम मोदी के स्वागत में गाना गाया। बता दें, इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से हस्तशिल्पकार और कारीगर पहुंचें है।

# 36.15 करोड़ पौधरोपण के बाद अब वानिकी नववर्ष मनाएगी योगी सरकार

## आज राज्य स्तर के साथ ही सभी 75 जनपदों में होगा वृहद आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



यूपी में सफलतापूर्वक वृहद रूप से 36.15 करोड़ पौधरोपण करने के बाद योगी सरकार अब वानिकी नववर्ष भी मनाएगी। सभी 75 जनपदों में समान रूप से पौधरोपण के पश्चात पहली अक्तूबर को राजधानी लखनऊ के साथ ही सूबे के सभी 75 जनपदों में इसका वृहद आयोजन किया जाएगा। विभिन्न वानिकी कार्यों के संबंध में एक्टिविटी बुक का भी विमोचन होगा। साथ ही पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जनअभियान 2024 के लिए मिशन टीम भी अभी से घोषित होगी यानी कागजों से निकलकर योगीराज में यह नववर्ष अब जमीं पर भी दिखेगा।

**वृक्षारोपण अभियान-2023 की मिशन टीम को काम का मिलेगा इनाम**

वृक्षारोपण अभियान-2023 को सफल बनाने वाली मिशन टीम की हौसलाअफजाई करने के बाद योगी सरकार अब उनका सम्मान भी करेगी। योगी सरकार के मार्गदर्शन में विभाग ने अगले वर्ष की तैयारी भी शुरू कर दी है। वानिकी नववर्ष के तहत %पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ% जनअभियान 2024 के लिए मिशन टीम के गठन की घोषणा होगी। वृक्षारोपण वर्ष 2023-24 के लिए नवगठित मिशन टीम को बेटन हस्तांतरित किया जाएगा। वृक्षारोपण वर्ष 2024 के लिए आईटी सेल द्वारा पीएमएस व एनएमएस साइट की लांचिंग होगी। साथ ही कॉफी टेबल बुक व विभिन्न वानिकी कार्यों के संबंध में एक्टिविटी बुक का विमोचन भी होगा।

### 36.15 करोड़ पौधे लगाकर योगी सरकार ने रचा इतिहास

योगी सरकार ने 2023 में 36.15 करोड़ पौधे लगाकर इतिहास रच दिया। सिर्फ दो दिन 22 जुलाई को 30,21,51,570 तथा स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) को 5.94 करोड़ पौधे राजधानी लखनऊ समेत सभी 75 जनपदों में लगाए गए। सीएम योगी ने 22 जुलाई को बिजनौर व मुजफ्फरनगर में गंगा किनारे पौधरोपण कर इस महाभियान का शुभारंभ किया था, जबकि 15 अगस्त को उन्होंने अमृत वाटिका, गोमती तट (झूलेलाल वाटिका के निकट) लखनऊ में पौधरोपण किया था।

### सिल्वीकल्चरल प्लान ऑफ ऑपरेशन का किया जाएगा क्रियान्वयन

वानिकी नववर्ष के तहत 2023-24 के लिए तैयार की गई मुख्य लाटों को उप्र वन निगम को हस्तांतरण करने की कार्यवाही शुरू होगी। विभिन्न प्रभागों में अग्रिम मृदा कार्य व नर्सरियों में थैली भरान कार्य का शुभारंभ, विभिन्न प्रभागों के मुख्य पातन की लाटों के बाउंड्री रजिस्टर पर वन निगम के प्रतिनिधि द्वारा हस्तांतरण की कार्यवाही, प्रत्येक प्रभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए तैयार किए गए सिल्वीकल्चरल प्लान ऑफ ऑपरेशन का क्रियान्वयन पहली अक्तूबर 2024 से किया जाएगा। इसका उद्देश्य अगले वर्ष की कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी बनाना भी है।

### समस्त जनपदों में विभागीय कर्मचारियों व आमजन को किया जाएगा जागरूक

वानिकी नववर्ष के अनुसार सभी 75 जनपदों में कार्यक्रम होंगे। इसके तहत एक-एक नर्सरी चिह्नित कर वृक्षारोपण समिति के अधिकारियों व स्थानीय लोगों के साथ गोष्ठी आयोजित की जाएगी। विभाग की तरफ से नर्सरी में पौध उगान, अग्रिम मृदा कार्य, वृक्षारोपण की सुरक्षा व देखरेख, सिल्वीकल्चरल (वनवर्धन) ऑपरेशन, कटान के लाटों की मॉर्किंग व पातन में सावधानियां, प्रभाग से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण वानिकी कार्य, वन्य जीवों की सुरक्षा, मानव-वन्य जीव संघर्ष आदि में से किसी एक विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी।

# ज्ञानवापी मामले पर सुनवाई पूरी व्यासजी के तहखाने मामले पर चार अक्तूबर को आएगा आदेश



जन एक्सप्रेस। वाराणसी

ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने को डीएम की निगरानी में सौंपने संबंधी मामले में दाखिल ट्रांसफर वाद में शनिवार को सुनवाई पूरी हुई। अदालत ने आदेश के लिए चार अक्तूबर की तारीख नियत कर दी है। विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट की तरफ से अधिवक्ता रवि कुमार पाण्डेय ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं की सिर्फ यह कहा कि ट्रांसफर आवेदन में मूल वाद नहीं दर्ज है। जिसे तत्काल संसोधित कर लिया गया, वादी शैलेन्द्र व्यास के अधिवक्ता सुभाषनंदन चतुर्वेदी ने कहा कि तह खाना में दरवाजा है ही नहीं विपक्षी किसी भी समय कब्जा कर सकते है। जिसका कड़ा प्रतिवाद अंजुमन इंतजामिया के अधिवक्ता मुमताज़ अहमद ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। सर्वे हो रहा है ताला हमारी तरफ से बंद था, खोला हमने ही ऐसे में कब्जा किये जाने की दलील गलत है। अदालत ने कहा कि दोनों पक्ष कि बहस सुन ली है, ऐसे में चार अक्तूबर को कोर्ट आदेश देगी। बता दें कि मामला की सुनवाई शुक्रवार को जिला जज की अदालत में हुई। प्रकरण में एक अन्य पक्षकार काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अधिवक्ता रवि कुमार पांडेय ने पक्ष रखने के लिए समय मांगा है। इस पर अदालत ने शनिवार को सुनवाई करने का फैसला किया।



# मरीजों की दलाली रोकने में पुलिस की मदद लेगा केजीएमयू, रणनीति तैयार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

ट्रॉमा सेंटर के बाहर सक्रिय निजी अस्पताल के दलालों पर लगाम लगाने के लिए केजीएमयू अब पुलिस की मदद लेगा। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने इसे लेकर ज्वाइंट कमिश्नर के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की है। ट्रॉमा सेंटर में रोजाना काफी संख्या में मरीज आते हैं। पर्याप्त बेड न होने पर इनमें से कई को लौटना पड़ता है। कई बार एंबुलेंस संचालक और दलाल इन्हें निजी अस्पताल पहुंचा देते हैं, जहां जमकर वसूली होती है। दलालों पर लगाम न लगने से परिसर से भी मरीजों की शिफ्टिंग हो जाती है। इसमें कर्मचारियों की भूमिका भी उजागर हो चुकी है।



# आज खुलेंगे प्रदेश के सभी स्कूल, निकाली जाएगी प्रभात फेरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

महात्मा गांधी की जयंती दो अक्तूबर की पूर्व संध्या पर रविवार को स्वच्छांजलि का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत सभी नागरिकों से रविवार एक अक्तूबर को सुबह 10 बजे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का आह्वान किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी विद्यालयों में रविवार सुबह प्रभात फेरी निकाली जाएगी और इसके बाद विद्यालयों में साफ-सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी तरह दो अक्तूबर को भी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी किए गए आदेश में स्वच्छ सारथी क्लब बनाकर कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी नागरिकों से एक अक्तूबर को स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान करने का आह्वान किया है।

# योगी सरकार ने किए ताबड़तोड़ तबादले, कई जिलों के डीएम और सीडीओ बदले

- आईएएस सत्येंद्र कुमार को महाराजगंज से हटाकर बाराबंकी का डीएम बनाया गया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने ताबड़तोड़ तबादले करते हुए कई जिलों के जिलाधिकारी और सीडीओ के तबादले किए गए हैं। फतेहपुर, सुल्तानपुर, महाराजगंज, बाराबंकी, झांसी व बरेली के जिलाधिकारी बदले गए हैं। बताया जा रहा है कि सुल्तानपुर में चिकित्सक हत्याकांड के बाद जिले के जिलाधिकारी का तबादला कर दिया गया है। 2013 बैच के आईएएस सत्येन्द्र कुमार को महाराजगंज से हटाकर बाराबंकी का जिलाधिकारी बनाया गया है। इनके अलावा 2015 बैच के आईएएस अनुनय झा, जो कि नगर आयुक्त मथुरा थे, उन्हें महाराजगंज का जिलाधिकारी बनाया गया है। बलिया के सीडीओ आईएएस प्रवीण वर्मा को बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण का सीईओ बनाया गया है। 2011 बैच के आईएएस रवींद्र कुमार-II को झांसी के डीएम पद से हटाकर बरेली के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। 2013 बैच के अविनाश कुमार को बाराबंकी डीएम के पद से हटाकर झांसी का जिलाधिकारी बनाया गया है। आईएएस सी इंदुमती को फतेहपुर और आईएएस कृतिका ज्योत्सना को सुल्तानपुर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।

### 4 सीनियर आईएएस की बढ़ाई जिम्मेदारी

सरकार ने जिन 4 सीनियर आईएएस की जिम्मेदारी बढ़ाई है। उनमें 3 प्रमुख सचिव, एक सचिव रैंक के अधिकारी हैं। एम. देवराज, प्रमुख सचिव, प्राविधक शिक्षा विभाग को मौजूदा जिम्मेदारी के साथ व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग का प्रमुख सचिव बनाया है। डॉ. एमकेएस सुंदरम, प्रमुख सचिव, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग बनाया गया है। वहीं, बाल कृष्ण त्रिपाठी को चित्रकूट मंडल का आयुक्त बनाया गया। इसके अलावा, पार्थसेन शर्मा को चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। पार्थ पहले चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में प्रमुख सचिव थे।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का 100 करोड़ हजम कर गया सरकारी तंत्र

## केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी ने मामले में आरोपियों की करोड़ों रुपये की सात प्रॉपर्टी को अटैच किया

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** केंद्र और राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना उत्तर प्रदेश में एक बार फिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। करीब 100 करोड़ रुपये के कथित तौर पर हुए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति घोटाले को सरकारी तंत्र ने ही अंजाम दिया। केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए इस मामले में आरोपियों की करोड़ों रुपये की सात प्रॉपर्टी को फिलहाल अटैच कर लिया है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में ये कार्रवाई की गई और कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग के पैसों से अर्जित सातों बेहद चर्चित प्रॉपर्टी को जांच एजेंसी ईडी की लखनऊ जोन ऑफिस द्वारा अटैच कर लिया गया है।

- मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में ये कार्रवाई की गई
- मनी लॉन्ड्रिंग के पैसों से अर्जित सातों प्रॉपर्टी को जांच एजेंसी ईडी की लखनऊ जोन ऑफिस द्वारा अटैच किया




### सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया करोड़ों रुपये का बंदरबांट

इस योजना का लाभ पोस्ट मैट्रिक परीक्षा देने वालों के लिए एक छात्रवृत्ति देने का लक्ष्य छात्रों को आर्थिक तौर पर मजबूत करने का था। लेकिन कुछ सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की आपसी मिलीभगत से स्कॉलरशिप के करोड़ों रुपये का आपस में बंदरबांट करके घोटाले को अंजाम दिया गया था।

इन सातों प्रॉपर्टी का सरकारी मूल्य करीब दो करोड़ 84 लाख रुपये है लेकिन आज की तारीख में इन सातों प्रॉपर्टी का बाजार मूल्य इससे कई गुणा ज्यादा है। ईडी द्वारा अटैच की गई प्रॉपर्टी में कई आरोपियों की प्रॉपर्टी है जो प्रमुख तौर पर इस प्रकार से हैं।

- **सैयद इशरत हुसैन जाफरी:** इस आरोपी के करीब 52 लाख रूपये के एक फ्लैट को अटैच किया गया है।
- **रचना जाफरी:** ये रचना जाफरी आरोपी सैयद इशरत हुसैन जाफरी की पत्नी है, जिसके नाम से जो प्रॉपर्टी को अटैच किया गया है, उसका सरकारी मूल्य करीब 76 लाख 55 हजार रुपये है।
- **प्रवीण सिंह चौहान:** इस आरोपी का एक फ्लैट अटैच हुआ है, जिसका सरकारी मूल्य करीब 24 लाख रुपये है। इसे प्रवीण सिंह चौहान ने अपनी पत्नी हेमा सिंह के नाम से अर्जित किया था।
- **राम और श्याम एजुकेशन सोसाइटी:** राम और श्याम एजुकेशन सोसाइटी के नाम से एक बहुत ही अच्छे लोकेशन में एक प्रॉपर्टी को खरीदा गया था जिसे रवि प्रकाश गुप्ता नाम के आरोपी ने खरीदा था। इस प्रॉपर्टी का अनुमानित सरकारी मूल्य करीब 35 लाख 50 हजार रुपये आंकी गया है।

### हजरतगंज थाने में दर्ज हुआ था मामला

मामले को हजरतगंज थाना में दर्ज किया गया था। बाद में उसी मामले को आधार बनाते हुए जांच एजेंसी ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत इस केस को टेकओवर कर लिया और कई आरोपियों से विस्तार से पूछताछ की गई थी। इसी मामले को आरोपियों की प्रॉपर्टी अटैच की गई है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार की डबल इंजन सरकार के द्वारा एक बहुत ही शानदार योजना की शुरुआत की गई थी। कुछ लोगों की आपसी मिलीभगत और भ्रष्टाचार द्वारा इसे अंजाम दिया गया था।

# डीएम ने ली कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के कार्यों की बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में शनिवार को कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं कार्यों की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना -भू लेखांकन, ई केवाईसी, एवं आधार सीडिंग के सम्बन्ध में कहा कि पंचायत सहायक व कृषि विभाग से सम्बन्धित कार्य करने वाले सभी को पावर बैंक उपलब्ध कराएं। फसल प्रबंधन एवं फसल अवशेष जलाने के सम्बन्ध में उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि जनपद, तहसील व विकासखंड, न्याय पंचायत, ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली गोष्ठियों एवं चैपाल व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन फसल अवशेष जलाने के दुष्परिणाम एवं विधिक प्रावधानों के बारे में कृषकों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण आदेश के अनुसार फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रयोग होने वाली प्रत्येक कंबाइन हार्वेस्टर के साथ कृषि विभाग, ग्राम विकास, राजस्व विभाग का कर्मचारी नामित है यदि कोई भी कंम्बाइन हार्वेस्टर सुपर एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, एक्स्ट्रा रीपर, एक्स्ट्रा रेक, बेलर या अन्य फसल और अवशेष प्रबंधन यंत्रों की बगैर चलती हुई पाई जाती तो उसको तत्काल सीज कर कंबाइन मालिक के स्वयं के खर्चे पर सुपर एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि धान की पराली का इन सीटू प्रबंध कर कृषकों के खेत में कंपोस्ट बनाने के लिए प्रसारित किया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी राजापुर, मऊ को निर्देशित किया कि इन क्षेत्रों में धान की पैदावार होती है लेखपाल व प्रधानों के साथ एक मीटिंग कराएं। कहा कि जलाने की बजाय इसे इकट्ठा कर गौशालाओं को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि 2023 को मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किये कि चित्रकूट महोत्सव के साथ ही मिलेट वर्ष को भी मनाए। कहा कि राजापुर में किसान भवन के लिए जमीन चिन्हित कर भूमि पूजन जल्द से कराएं। खेत तालाब के अंतर्गत उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम, द्वितीय व चित्रकूट को निर्देशित किये कि जो कार्य अधूरा है उसमें प्रगति कराएं। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी से उर्वरक के बारे में जानकारी लिए एवं निर्देशित किया कि गेहूं बुवाई के पहले डीएपी की स्टाल रखें। उन्होंने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित किया कि सहकारी समितियां पर कंट्रोल लगाएं किसी भी प्रकार की शिकायत उर्वरक वितरण में नहीं होनी चाहिए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी मऊ राकेश पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, उप कृषि निर्देशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गो के लोगों तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भाजपा बूथ सशक्तिकरण करण व अनुसूचित जाति बस्ती मे सम्पर्क अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों में बरगढ मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक हुई।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने बरगढ में कार्यकर्ताओ की बैठक की व कोलमजरा मऊ में अम्बेडकर नगर में अनुसूचित जाति की बस्ती मे लोगो से सम्पर्क किया। कार्यकर्ता बैठक में कहा कि सभी मडंलो के बूथो के सशक्तिकरण का काम हो रहा है। इसमे मंडल वार प्रवासी मंडलों की बैठक कर बूथों को सक्रिय करने का काम करेगें। अनुसूचित बस्तियों में जाकर घर- घर सम्पर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का मान दुनिया मे आगे बढ रहा है। आज दुनिया भारत का व पीएम मोदी का लोहा मान रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की कानून व्यवस्था से सारे अपराधियों या तो प्रदेश छोड दिये है या जेलो मे बंद है। आज बिना किसी भय के लोग अपना काम कर रहे है। आगामी 2024 में पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिये सभी सकल्प ले। सांसद आर के सिंह पटेल ने मऊ के अम्बेडकर नगर में अनुसूचित जाति बस्ती सम्पर्क के दौरान कहा कि केन्द्र की पीएम मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों के जनहित की योजनाओं के माध्यम से सीधे लाभ पहुचाने का काम कर रही है। पूर्ववर्ती सरकारों मे अनुसूचित जाति वर्ग को सिर्फ वोट के लिये पूछा जाता था। फिर उनकी कोई सुध लेने वाला नही होता था, किन्तु भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी का विकास सुनिश्चित किया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर मऊ चेयरमैन अमित द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी, तीरथ तिवारी, सुरेश अनुरागी, संजय पाडेय, मंडल अध्यक्ष बरगढ मनीष सिंह, हरिकेश बहादुर सिंह, श्याम नरायण शुक्ला, बिनीत द्विवेदी, श्रवण कुमार त्रिपाठी, सतोष मिश्रा, शारदा अग्रहरी, पुनीत मिश्रा, विनीत शुक्ला, तुलसीदास पांडेय, धीरेन्द्र मिश्रा, सत्यप्रकाश गौतम, रामप्रकाश कोरी आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सरधुवा प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि सरधुवा पुलिस ने 2 आरोपियों को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उपनिरीक्षक राजेश कुमार राय तथा आरक्षी अमित कुमार, बब्बू राजा द्वारा कृष्ण कुमार पुत्र रामस्वरुप निवासी लोधन का डेरा मजरा पनौटी को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किय। इसी प्रकार उप निरीक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय तथा आरक्षी अतुल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार' द्वारा भइयालाल पुत्र स्व0 बोधन निषाद निवासी हरिशनपुर को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने निकाला कौमुदी संचलन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कानपुर प्रांत द्वारा चित्रकूट में दिगंबर अखाड़ा के केशवगढ आश्रम में चल रहे प्रांत घोष शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का शनिवार को कौमुदी संचलन निकाला गया। जिसमें वादको ने अपने वाद्ययंत्रों की विशेष साज सज्जा कर विभिन्न रचनाओं का वादन कर कर्वी नगर रामलीला भवन पुरानी बाजार से पटेल तिराहा, बस स्टैंड होते हुए पुरानी बाजार तक भ्रमण कर पुरानी बाजार में समापन हुआ। समाज के लोगों ने संघ का संचलन देखकर कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए। जिससे समाज जागरण का कार्य होता है। संघ के जिला कार्यवाह अतुल प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ग में प्रांत के कुल 21 जिलों से वादको ने सहभागिता की। जिसमे कानपुर प्रांत के प्रांत घोष प्रमुख संतोष, वर्ग पालक अधिकारी सर्वेश, वर्ग कार्यवाह कमला कांत, वर्ग मुख्य शिक्षक गौरव, जिला शासकीय अधिवक्ता व जिला संघचालक श्यामसुंदर मिश्र, जिला प्रचारक पुनीत कुमार, कमल सिंह, संजय सिंह, विजय किशोर, पवन तिवारी, अवनीश गुप्ता, श्रेयस, अजय, दीनदयाल, कृष्णेंद्रप्रताप, शिवांक, अमन पांडेय, शुभम, अजय, अमित शुक्ला, सतीश पाण्डेय, विनोद सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# एसपी ने शरदीय नवरात्रि के दृष्टिगत महिला बीट की अधिकारियों और आरक्षियों को किया प्रशिक्षित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय एवं थानाध्यक्ष महिला थाना शालिनी सिंह भदौरिया सहित महिला कल्याण अधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में शरदीय नवरात्रों में महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति व शक्ति दीदी कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों के महिला बीट अधिकारियों, महिला एवं बाल सुरक्षा इकाई के साथ ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने विशेष सत्र में बताया कि महिला आरक्षियों के उपयोग के लिए उन्होंने जागरूकता सामग्री तैयार की है। इस सामग्री का वितरण करते हुए उन्होंने महिला चैपालों में महिलाओं का सम्बोधित करने और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करने के सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं से आत्मीय और सद्व्यवहारपूर्ण व्यवहार करें जिससे कोई समस्या होने पर वह बेहिचक पुलिस को बता सकें। कार्यशाला में महिला बीट अधिकारियों को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य व इसके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में महिला आरक्षियों को पुलिस मुख्यालय से प्राप्त नुक्कड़ नाटक के वीडियो दिखाये गये। इन वीडियोज के माध्यम से महिला आरक्षियों को बताया गया कि विद्यालयों, गावों, बाजारों में जाकर महिलाओं, बालिकाओं को गुड-टच, बैड-टच, साइबर अपराध, छींटाकसी, घरेलु हिन्सा के सम्बन्ध में जागरुक किया जाए। शारदीय नवरात्रों में शक्ति दीदी द्वारा भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शारदीय नवरात्रों के दौरान सभी बड़े पूजा पण्डालों एवं मंदिरों के आस पास शक्ति दीदी तैनात रहेंगी। जिससे महिलाओं को किसी प्रकार की असहज स्थिति उत्पन्न न हो एवं वहां महिला चैपाल के जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन करेंगी। कार्यशाला में महिला कल्याण अधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी द्वारा महिला बीट अधिकारियों को महिलाओं, बालिकाओं के लिये शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के सम्बन्ध में बताया गया।

# चोरी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता तथा उनके हमराही द्वारा वांछित आरोपी फूल कुमार पुत्र बब्बू निवासी नैनी थाना सरधुवा को 2000 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीती 30 अगस्त को वादिया द्वारा मैना पत्नी शिवा पण्डित निवासी अतरौली द्वारा थाना सरधुवा में सूचना दी कि फूल कुमार ने उसके 3 बकरे व 2 मुर्गे चोरी कर लिये हैं। इस सूचना पर थाना सरधुवा में फूल कुमार के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के किये जा रहे प्रयासों के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता एवं उनकी टीम द्वारा फूल कुमार को गिरफ्तार किया गया। जामातलाशी से आरोपी के कब्जे से 2000 रुपये बरामद हुये। आरोपी से चोरी के बकरे एवं मुर्गों के बारे में पूछा गया तो बताया कि उसने 12000 रुपये में 3 बकरे व 2 मुर्गे बेंच दिये थे, जिसमें से 10000 रुपये घरेलू कार्यों में खर्च हो गये हैं। सिर्फ यही 2000 रुपये बचे हैं। चोरी के बकरे व मुर्गे की बेंच के 2000 रुपये बरामदगी के आधार पर मुकदमा बढ़ोत्तरी की गयी। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी अमित सिंह, धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद के चलते हत्या करने के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** घरेलू विवाद के चलते पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले कलेक्टरेट कर्मी की जमानत सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 13 जून 2023 को भरतकूप थाने में सुनील कुमार पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने कहा था कि उसकी बहन सुनीता देवी की शादी 20 साल पहले घुरेटनपुर के निवासी उमेश कुमार पटेल पुत्र रामकिशोर पटेल के साथ हुई थी। उसके बहन के दो बेटियां और एक बेटा है। वादी के अनुसार उसकी बहन सुनीता की हत्या उसके पति उमेश ने गोली मारकर कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही मृतका की बेटियों के बयान भी दर्ज किए थे। इस मामले में जेल में बंद हत्यारोपी उमेश कुमार पटेल द्वारा अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसमें सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम द्वारा अपराध को गम्भीर किश्म का करार देते हुए जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## 3 जुआरी जुआ खेलते हुये गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ उप निरीक्षक रामवीर सिंह तथा उनकी द्वारा ग्राम नदीम कुर्मियां से ताश के पत्तों में हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये सुरेश कुमार गुप्ता पुत्र रामचंद्र गुप्ता निवासी ग्राम डेरा थाना बारा जनपद प्रयागराज, संजय सोनकर पुत्र वकील सोनकर, पुरुषोत्तम जायसवाल पुत्र संतोष कुमार जायसवाल निवासीगण नादिन कुर्मियान को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड 12500 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा जामातलाशी से 3840 रुपये बरामद किये गये। आरोपियों के विरुद्ध थाना राजापुर में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी अजय वर्मा, रोहित कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला को किया गया बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

वीरांगना लक्ष्मीबाई की नगरी झांसी में स्व महेंद्र तिवारी फाउंडेशन द्वारा राजकीय संग्रहालय झांसी में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैयाखादर में कार्यरत शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला को बेस्ट टीचर अवार्ड 2023 से उनके शैक्षिक नवाचारों, उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के कारण सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान दैनिक जागरण झांसी के संपादक सुरेंद्र सिंह एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 'प्रेरणा' मासिक पत्रिका के संपादक डॉ के बी त्रिवेदी एवं डॉ अचल सिंह द्वारा प्रदान किया गया।

साकेत बिहारी विज्ञान विषय को साहित्य से जोड़ते हुए लगभग 200 कविताओं की रचना कर चुके हैं। साथ ही स्वंय के प्रयासों से विद्यालय में स्मार्ट टी वी की स्थापना, प्रतिवर्ष विद्यालय के छात्र-छात्राओं का विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयन होने के साथ विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि में निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसके पूर्व उनको जनपद स्तरीय आदर्श शिक्षक पुरुस्कार, राज्य स्तरीय आई सी टी आधारित कक्षा शिक्षण प्रतियोगिता पुरस्कार एव अन्य पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है।

उनको इस सम्मान के मिलने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लवप्रकाश यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी एन पी सिंह, जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, शिक्षक अनुज श्रीवास्तव, अमजद शेख, संतोष गुप्ता, हेमन्त सिंह अभिषेक पांडेय आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।

# दो महिलाओ सहित तीन की हत्या का प्रयास घायलों की स्थिति बनी है नाजुक

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

सदर कोतवाली क्षेत्र के गड़रियन पुरवा स्थित डूडा कालोनी में बीती रात कुछ अज्ञात हमलावरों ने सो रही दो महिलाओं सहित तीन की गला रेत कर हत्या करने का प्रयास किया। युवती की चीख पुकार पर आरोपी फरार हो गये। सूचना पर मौके र पहुँची पुलिस ने नाजुक हालत में तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वही घायलो की नाजुक स्थित के चलते कानपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार डूडा कालोनी निवासी परवीन फात्मा प्राइवेट रूप में दायी का काम करती हैं। उनके घर उसके समधी चमन यादव व समधन रन्नो देवी बीती रात उसकी कालोनी में आये थे। परवीन की बेटी जोया भी घर में थी।

बताते हैं कि चारों लोग कालोनी में सो रहे थे। आधी रात को चार लोग कालोनी में दाखिल होकर सो रहे चमन यादव, रन्नो यादव व परवीन फात्म पर हमला कर दिया। आरोपियों ने चमन और परवीन का गला रेत कर लहूलुहान कर दिया। रन्नों के सिर व गले में वार किया। तभी बेटी जोया की नींद खुली और वह चीख-पुकार करते हुए बाहर भागी। जब तक कालोनी के लोग मौके पर पहुंचते आरोपी मौके से फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनों की हालत बेहद नाजुक बताते हुए डाक्टर ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस कालोनी में रहने वाले परवीन फात्मा के पति व उसके भतीजे को हिरासत में लेकर पूछतांछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शमसेर सिंह ने बताया कि घटना के पीछे चारित्रक मामला प्रकाश में आ रहा है। अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मामले की जांच किया जा रहा है जल्दी ही केस दर्ज कर खुलासा किया जाएगा।

# न्यायिक अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत् न्यायिक अधिकारियों ने सभी न्यायालयों के साथ-साथ कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया। जिला जज समेत सभी न्यायिक अधिकारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर परिसर को जहां साफ-सुथरा किया। वहीं कूड़े को डस्टबिन में रखने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया। जनपद न्यायाधीश-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत् कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण एवं पराविधिक स्वयं सेवक ने कार्यालय की साफ-सफाई किया। कूडे को किस प्रकार अलग-अलग डस्टबिन में रखने संबंधित जागरूक भी किया। जिससे कूडे को रिसाइकिल भी किया जा सके। इसके साथ-साथ जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित समस्त कर्मचारीगण को साफ-सफाई के लाभ बताकर जागरूक किया। जिससे रोग मुक्त और कचरा मुक्त भारत का सपना साकार हो सके। सभी से न्यायालय-कार्यालय साफ-सुथरा रखने में सहयोग प्रदान किये जाने की अपील किया।

# ई-रिक्सा चालक यातायात को कर रहे अव्यवस्थित, बन रहे जाम के कारण

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



शहर ही नही जनपद के विभिन्न नगरो की यातायात व्यवस्था को ई-रिक्सा चालक अव्यवस्थित करने पर तुले है। बेरोजगारी के चलते ई-रिक्शा की भरमार है। सड़कों से लेकर गलियों तक में इनकी धमाचैकड़ी से आम लोग परेशान हैं। बेरोजगारी व मंहगाई के चलते कम पढ़े लिखे लोगों के साथ ही पढ़े लिखे लोग भी ई-रिक्शा को अपना व अपने परिवार का पेट भरने के साधन के तौर पर अपना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर लोगों की जीविका का संसाधन बन चुके ई-रिक्शा आम लोगों के लिए जितने सुविधाजनक है उतने ही समस्याओं की वजह भी है। सड़कों पर चलने वाले इन ई-रिक्शा चालकों में से अधिकतर के पास न तो ड्राईविंग लाइसेंस होता है न ही इनके पास ई-रिक्शा चलाने का कोई प्रशिक्षण होता है। यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले ई-रिक्शा चालकों में से अधिकतर के पास यातायात से जुड़े नियमों तक की कोई जानकारी नहीं होती।

ई-रिक्सा चालको मे बडी सख्या नाबालिको की है। जिसके चलते यह रिक्शा चालक यात्री के हाथ देकर रुकने भर के इशारे करते ही बीच सड़क पर ही रिक्शा रोक देते हैं। कई बार इस तरह की हरकत करने से पीछे चलने वाले वाहनों या उस पर बैठे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। चोटहिल होने के साथ ही अस्पताल भर्ती तक की नौबत आन पड़ती है। लापरवाही की यह कोई अकेला उदाहरण नही है। बल्कि रात के अंधेरे में इन रिक्शा चालकों के द्वारा हेड लाईट का भी प्रयोग नहीं किया जाता जिससे सड़क पर विपरीत दिशा से आ रहा। वाहन एवं सड़क पर चलने वाला यात्री इनकी चपेट में आकर घायल होता रहता है। शहर व नगरो में ई-रिक्शा के लिये कोई चिन्हित पार्किंग स्थान नहीं है। ऐसे में शहर में चलने वाले ई-रिक्शा सड़कों पर ही डेरा जमाए रहते हैं। सड़कों पर खड़े रहने की वजह से हर समय सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। वही सवारियो के साथ ही भाडा लादकर सडको मे दौडा रहे है। जिससे भी लोगो को भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। बस स्टाप, रेलवे स्टेशन सहित अनेक स्थानो पर भारी सख्या मे ई-रिक्सा चालक वाहनो को खडा करके यातायात को बधित करते है। कई बार यातायात पुलिस ईरिक्सा चालको को यातायात नियमो का पाठ पढ़ाया लेकिन कोई सुधार नही हो रहा।

# जनपद की बागडोर सभालेंगी आईएएस सी. इन्दुमती

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



शासन ने जिलाधिकारी श्रुति का तबादला कर दिया गया है। अब जनपद की बागडोर 2012 बैच की आईएएस अफसर सी.इंदुमती को जिले का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। इससे पहले आईएएस अफसर सी इंदुमती मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ में तैनात थीं।

ज्नपद की नई जिलाधिकारी आईएएस अफसर सी. इंदुमती 2012 बैच की अफसर है। आईएएस अफसर सी.इंदुमती तमिलनाडु से आती हैं। उन्हें काफी तेजतर्रार अधिकारी के रूप में जाना जाता है। वर्ष 2013 में बरेली से उन्होंने शुरूआत किया फिर सहारनपुर में जॉइंट मजिस्ट्रेट और 2016-17 फतेहपुर में बतौर सीडीओ तैनात रहीं।

मुरादाबाद में सीडीओ, फिर 2018 से 19 तक लखनऊ में अलग-अलग विभागों में तैनात रहीं और 2020 में सुल्तानपुर में बतौर जिलाधिकारी उन्हें भेजा गया। फिर उनका तबादला लखनऊ कर दिया गया। वर्तमान में उनकी मिशन निदेशक के रूप में तैनाती लखनऊ में थी। अब उन्हें फतेहपुर का जिलाधिकारी बनाकर भेजा गया है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.8 (+1.5)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.0 (+0.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 81 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 50 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# के.डी.ए : पैशन ग्रुप को लाभ पहुंचाने के लिए नक्शा विभाग ने कर दिया खेल

**जांच होने के बाद खुल सकता है सारा खेल**

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर






**कानपुर नगर।** हाल ही में दो बड़े-बड़े हाउसिंग ग्रुप के मानचित्र निरस्त होने के बाद से कानपुर विकास प्राधिकरण में हड़कंप मचा हुआ है। दूसरी ओर एक तीसरा मामला भी प्राधिकरण के नक्शा विभाग द्वारा मनमानी करके जोन एक के बिठूर क्षेत्र में एक बड़े हाउसिंग प्रोजेक्ट को मानकों नियमों को ताक पर रखकर पास कर देने का सामने आया है। कानपुर विकास प्राधिकरण का नक्शा विभाग वर्तमान में अपनी मनमानी से नक्शे पास करने के मामलों को लेकर खूब चर्चाएं बटोर रहा है। आपको बताते चलें कि अभी हाल ही में पूर्व उपाध्यक्षअरविंद कुमार सिंह और अपर सचिव गुंडाकेश शर्मा समेत अन्य ने बड़े-बड़े बिल्डरों और कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार की नीतियों को बदल दिया था।प्राधिकरण के कानून को भी ताख पर रख दिया और मैनावती मार्ग स्थित एनआरआई सिटी में 12,496 वर्गमीटर जमीन पर विनायक श्री रियल एस्टेट का ग्रुपहाउसिंग का मानचित्र 18 मार्च को प्राधिकरण से स्वीकृत हो जाने दिया था, जबकि यह पूरी जमीनग्रीन बेल्ट की थी। इसी तरह, सिंहपुर कछार में रॉयल पाम इंफास्ट्रक्कर प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में शैक्षणिक भू- उपयोग की लगभग 25,000 वर्गमीटर जमीन का भू-उपयोग बदल कर कॉमर्शियल कैटेगिरी में मानचित्रस्वीकृत किया गया था। इन दोनों मामलों का की शिकायत नवाबगंज के अनूप कुमार शुक्ला ने शासन को भेजी थी। जिस पर स्तर पर जांच हुई लेकिन जब रिपोर्ट इन जिम्मेदार अधिकारियों से मांगी गई तो इन्होंने फर्जीवाड़ा करते हुए शासन को भी गुमराह कर दिया था। मामला अंकुश समिति के पास पहुंचा और उसकी जांच जब फिर से चालू हुई तो पता चला की बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा सभी ने मिलकर किया था। दोनों स्वीकृत मानचित्रो को निरस्त कर दिया गया है। अब ऐसा ही कुछ खेल कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित सिंहपुर के पास बन पैशन नाम के हाउसिंग प्रोजेक्ट का निकलकर सामने आ रहा है। सूत्रो के हवाले से मिल रही जानकारी के अनुसार प्राधिकरण के नक्शा विभाग ने इस हाउसिंग ग्रुप का नक्शा गांधारी रूपी पट्टी बांधकर के पास किया है उन्हें यह नहीं दिखाई दिया की नहर विभाग के साथ-साथ सरकारी आराजी की जमीनों को भी पैशन ग्रुप ने अपने कब्जे में दिखाकर नक्शा पास करवा लिया। लेकिन अब एक शिकायत के कारण प्राधिकरण में खलबली मची हुई है। विश्वसनीय सूत्र यहां तक बताते हैं कि अगर उच्च स्तरीय जांच हुई तो यहां पर भी काफ़ी फर्जी वाला नक्शा विभाग का देखने को मिल सकता है। शेष जारी....

## छेड़छाड़ के मामले में बिठूर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के टिकरा चौकी के अंतर्गत बीती 25 सितंबर को घर में अकेला पाकर पड़ोस के युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। मां, बाप के घर वापस लौटने पर युवती ने आप बीती परिजनों बताई। सूत्रों के मुताबिक टिकरा चौकी के लोहार खेड़ा के रहने वाली एक युवती ने बीते दिन पुलिस कमिश्नर के यहां पेश होकर गांव के ही एक युवक पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें युवती द्वारा यह बताया गया कि युवक द्वारा बीती सोमवार के दिन युवती को घर में अकेला पाकर उसके बदन के कपड़े फाड़ने व छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। जिसके बाद पुलिस कमिश्नर के आदेश पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ में पास्को एक्ट की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत करने के बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुलिस ने गांजा तस्कर को माल सहित दबोचा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

काकादेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत वाहन चेकिंग अभियान के दौरान काकादेव पुलिस ने शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने गांजा तस्कर के पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की है।काकादेव थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति हाथ में थैला लिए हुए हैं जिसमें गांजा है इस दौरान उपनिरीक्षक राहुल शुक्ला, उमाकांत मय हमराहियों को संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया पुलिस को देख वह भागने का प्रयास कर रहा था इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को दबोचा तो पूछताछ के दौरान संदिग्घ व्यक्ति ने अपना नाम रामबाबू निवासी ग्राम बरखिरवा जनपद हरदोई बताया। तलाशी के दौरान गांजा तस्कर के पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है ।गांजा तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की गई है।

# महात्मा गांधी के आंदोलन, विचार, व्यक्तित्व और जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में शनिवार को गांधी के व्यक्तित्व पर डॉक्यूमेंट्री कॉम्पीटिश्न का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक मंडल के रूप में डॉ.ओमेंद्र, शोभित गंगवार एवं विजय भान सिंह उपस्थित रहे। इस डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली 12 टीमों में पहले स्थान पर श्रेयांश बीएजेएमसी, दूसरे स्थान पर गीतांजली एवं प्रिया तथा तीसरे स्थान पर अर्चिता रक्सैल ने जीत हासिल की। महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती के उपलक्ष्य में हुए इस आयोजन में गांधी जी के आंदोलन, विचार, व्यक्तित्व एवं उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया । कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ योगेंद्र कुमार पांडे ने तथा योगदान कार्यक्रम समन्वयक डॉ.जितेंद्र डबराल ने दिया। इस अवसर पर डॉ.दिवाकर अवस्थी, डॉ.रश्मि गौतम, सागर कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# बीजेपी पार्षद सौम्या शुक्ला ने दर्ज कराई क्रॉस एफआईआर

**तहरीर में अभियुक्तों को दर्शाया अज्ञात, लेकिन विवेचना होने के बाद दवा व्यापारी और उनकी पत्नी का खुलेगा नाम**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में बीती 24 सितंबर की रात्रि को थाना रायपुरवा क्षेत्र में घटित हुई दवा व्यापारी और पार्षद पति के बीच मारपीट की घटना में पार्षद पति समेत चार अन्य आरोपियों के जेल जाने के बाद अब इस मामले में एक नया सनसनीखेज मोड़ आ गया है। खुद महिला पार्षद के द्वारा वादी बनकर रायपुरवा थाने में मुक़दमा दर्ज कराया है। हालांकि मुकदमे में किसी का नाम नहीं खोला गया है मुकदमा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध दर्ज हुआ है लेकिन जानते सभी हैं कि यह मुकदमा और किसी के खिलाफ नहीं बल्कि दवा व्यापारी के खिलाफ ही दर्ज किया गया है जो एक क्रॉस एफआइआर का मामला माना जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि बीती 24 सितंबर की रात्रि को थाना रायपुरवा क्षेत्र के अफीम कोठी चौराहे के पास वार्ड 95 से बीजेपी पार्षद सौम्या शुक्ला के पति अंकित शुक्ला और उनके अन्य साथियों का दवा व्यापारी अमोल दीप भाटिया और उनकी पत्नी से विवाद हो गया था। विवाद कार की ओवर टेकिंग को लेकर हुआ था। इस दौरान मारपीट हुई और अमोल भाटिया काफी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया, दवा व्यापारी सामाजिक संगठन और सिख समाज सड़कों पर उतर आया, वहीं इस मामले में भारतीय जनता पार्टी का एक बहुत बड़ा धड़ा पीड़ित अमोल दीप भाटिया के खिलाफ हो गया तो वही एक दूसरा धड़ा पीड़ित अमोल दीप भाटिया के पक्ष में उतर आया। जिस कारण हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ और आखिरकार योगी सरकार के निर्देश पर पार्षद सौम्या शुक्ला के पति अंकित शुक्ला को अपने अन्य साथियों के साथ जेल जाना पड़ा। लेकिन अभी पार्षद पति और उसके साथियों को जेल गए हुए 24 घंटे भी नहीं बीता था कि एक क्रॉस एफआइआर सौम्या शुक्ला की तहरीर पर थाना रायपुरवा में दर्ज की गई है। हालांकि सौम्या शुक्ला ने एफआईआर में अज्ञात अभियुक्तों को दर्शाया है लेकिन जो घटना दर्शाई है और गाड़ी का नंबर दर्शाया है उसे जब पुलिस अपनी विवेचना में खोलेगी तो उसमें अमोल दीप भाटिया और उनकी पत्नी और गाड़ी का नाम निकालकर के सामने आएगा। फिलहाल अब इसमें राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मामला तूल पकड़ेगा और नुकसान सिर्फ और सिर्फ योगी सरकार का होना है।

# पदोन्नति नहीं किए जाने पर काली पट्टी बांधकर की गेट मीटिंग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



श्रम विभाग कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर श्रम विभाग के प्रदेश एफसी के सभी कर्मचारियों ने शनिवार को पदोन्नति के रिक्त पदों पर पदोन्नति नहीं किए जाने पर काली पट्टी बांधकर गेट मीटिंग की। उन्होंने अपर श्रमायुक्त सरजूराम शर्मा को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने बताया कि गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, गोंडा, आजमगढ़, अयोध्या, गोरखपुर, बस्ती, सोनभद्र, प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट धाम, झांसी, वाराणसी, कानपुर के सभी कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा मांगों को पूरा किए जाने तथा मुख्य सचिव एवं मुख्य मंत्री से 30 सितंबर 23 तक पदोन्नति के रिक्त पदों पर पदोन्नति किए जाने के आदेश को लागू करने की मांग की गई है। यू.पी.लेवर डिपार्टमेंट मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बिष्ट और महामंत्री नरेंद्र सिंह ने बताया कि श्रम विभाग के कर्मचारी 9 अक्टूबर 23 को सभी कार्यालयों में एकदिवसीय धरना व 27 अक्टूबर 23 को श्रमायुक्त कार्यालय कानपुर में धरना प्रदर्शन कर आगामी निर्णय लेंगे। ज्ञापन सौंपने में प्रभात मिश्रा, देवेंद्र सिंह बिष्ट, नरेन्द्र सिंह, विमलेश यादव, रजनीश उपाध्याय, आशीष यादव, शिवपूजन, राजेंद्र कुमार, रूपसी बाजपेई, आरती गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक से मुलाकात कर मांगा समाधान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी के नेतृत्व में शनिवार को संगठन पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक फतेह बहादुर सिंह से मुलाकात की। संगठन द्वारा चाचा नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज, ज्वाला देवी बालिका इंटर कॉलेज सहित कई कॉलेजों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कनिष्ठ सहायक पद पर पदोन्नति कराए जाने, एसीपी आदेश जारी करने, समय से वेतन भुगतान ,एनपीएस की समय से फीडिंग, एरियर भुगतान आदि समस्याओं पर समाधान की मांग की गई। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने तत्काल सहायकों को निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर प्रथम फतेह बहादुर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय मुन्नीलाल वर्मा को अंग वस्त्र ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संतोष तिवारी, भगवत प्रसाद जोशी, अजय प्रधान, प्रसून तिवारी, आशुतोष मौर्य, जनार्दन शुक्ला, जयशंकर, गणेश दीक्षित, निखिल तिवारी, सुरेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# बिल्हौर ब्लॉक के लालपुर में 6, और रसूलपुर मे 1 शिक्षक स्कूल मे नहीं मिले



जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील के ज्यादातर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक देर से आते हैं और समय से पहले चले जाते हैं अधिकारियों की लाख आकस्मिक जांच के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर उनका वेतन भी काटा जाता है अब कोई शिक्षक अधिकारियों से डर के स्कूल में नहीं पड़ता है बल्कि टाइम पास करने आता है और अपने मोबाइल पर लगे रहते हैं और समय से पहले ही चले जाते हैं 20त्न अध्यापक पुर तहसील में ऐसे हैं जो स्कूलों में हफ्ते में एक दिन ही जाते हैं घंटे गांड के लिए और पूरे हफ्ते के साथ आशा करके चले जाते हैं शनिवार को जन एक्सप्रेस संवाददाता ने कुछ स्कूलों की जमीनी हकीकत देखी 12:50 पर प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर में नीलम कनौजिया और संगीता अपने-अपने कमरे में बच्चों को पढ़ा रही थी शिक्षक हेमंत नदारत थे 1:35 पर प्राथमिक विद्यालय परसाद निवादा में स्कूल के गेट में अंदर से ताला बंद था आवाज देने पर इंचार्ज अध्यापिका रेखा सिंह आई और उन्होंने आग्रह करके गेट के अंदर ले गई और उन्होंने अपने सभी क्लासरूम और शिक्षिकाओं का परिचय कराया उस समय सारिका शिक्षामित्र, अनीता तिवारी सहायक, छाया शिक्षामित्र, रुचि सहायक अध्यापिकाए , रसोईया पुष्पा देवी व राम बेटी विद्यालय में मौजूद थी और 48 बच्चे उपस्थित थे। विद्यालय में साफ सफाई और रखरखाव अति सुंदर था सम्मेलन विद्यालय लालपुर में 1:50 पर गेट से 49 बच्चे निकल रहे थे जिसमें से 50त्न बच्चे ही ड्रेस में थे 1:55 पर इंचार्ज अध्यापिका ममता गेट का ताला बंद कर रही थी साथ में शिक्षिका रेनू और सपना भाटिया भी गेट से निकल रही थी। परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ था जब उनसे पूछा गया कि आपके यहां नो शिक्षक हैं इसमें से 6 शिक्षक देवेन्द्रा कमल,विजय लक्ष्मी ,आरती तिवारी ,गायत्री ,अनु प्रिया ,समता (शिक्षा मित्र ) स्कूल परिसर में मौजूद नहीं थे और ना ही गेट से निकले पूछने पर उन्होंने कहा आप कौन हैं अब स्कूल बंद हो गया है अब पूछने का क्या मतलब है बच्चों के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया विद्यालय में 75 बच्चे हैं सभी आए थे। कुछ दिन पहले खंड शिक्षा अधिकारी ने आवश्यक निरीक्षण में कुछ शिक्षक अनुपस्थित मिले थे उनका वेतन 1 दिन का काटने की संतुष्टि भी कर चुके हैं लेकिन इसके बाद भी इस स्कूल का रवैया सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है ग्रामीणों ने बताया कि बच्चो कुछ भी नहीं आता है।



# पेट्रोल पंपों पर अभी भी धड़ल्ले से बोतलों में दिया जा रहा पेट्रोल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

**पेट्रोल पंप मालिक सरकार द्वारा जारी नियमों को ताक पर रखकर पेट्रोल पंप चला रहे**

शहर के अधिकतर पेट्रोल पंपों पर अभी भी बोतलों में पेट्रोल दिया जा रहा है। पेट्रोल पंप मालिक सरकार द्वारा जारी नियमों को ताक पर रखकर पेट्रोल पंप चला रहे हैं। आपको बताते चलें केंद्र सरकार के देश में हो रही अपराधिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने प्रोटॉन में पेट्रोल पंप देने पर पूरी तरीके से रोक लगा दी थी। सरकार ने यह निर्देश भी जारी किया था कि यदि किसी भी पेट्रोल पंप पर बोतलों में पेट्रोल देते हुए पाया जाएगा तो पेट्रोल पंप संचालक पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही साथ जेल भेजे जाने का भी प्रावधान है। बीते दिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ जिसमें एक पेट्रोल पंप पर पंप कर्मचारियों द्वारा बोतल में पेट्रोल देते हुए देखा गया है। सूत्रों के मुताबिक यह वीडियो साकेत नगर स्थित निजी पेट्रोल पंप का है। आपको बता दे कि शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरा होगा जब शहर के पेट्रोल पंपों पर पंप कर्मियों द्वारा बोतलों में पेट्रोल ना दिया जाता हो। जबकि सभी पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इस बात से तो यही साबित होता है कि पंप के कर्मचारी पेट्रोल पंप मालिक के आदेशों का पालन कर रहे हैं।

# उत्तरीपुरा स्थित चिकवा बगिया कब्रिस्तान में जल निगम का चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के पुर ग्राम सभा में आए दिन जमीन के कब्जी और अवैध निर्माण की शिकायतें तहसील में होती रहती हैं जिसके चलते शनिवार को लगभग 300 वर्ष पुराने बगिया कब्रिस्तान में की भूमि पर जल निगम के बुलडोजर ने वहां पर पुरानी कब्रों को उखाड़ दिया देखते-देखते विशेष समुदाय समाज के लोग वहां पर इकट्ठा हो गए भीड़ बढ़ती देख लोगों का विरोध देख जेसीबी मशीन और वहां पर काम करने वाले जल निगम के लोग रफू चक्कर हो गए। सूचना के बाद भी घंटे वहां पर तहसील और पुलिस प्रशासन नहीं पहुंचा जब सोशल मीडिया पर खबरें वायरल हुई तो प्रशासन वहां पर जगा फिर नंगे पैर दौड़कर वहां पहुंचा और वहां की स्थिति देखकर उनके पसीने छूट गए की बुलडोजर और जल निगम के लोगों को पानी की टंकी बनाने के लिए उनको पुराने कब्रें भी ना दिखाई पड़ी आखिरकार किसने इस जगह को बताया आखिरकार चिन्हित करने वाले लेखपाल कानूनगो कहां गए। जल निगम कर्मचारियों ने बताया हमको जमीन चिन्हित करके दे दी गई और हमने अपना काम शुरू कर दिया ।मीडिया के पहुंचने पर जल निगम कर्मचारी जेसीबी लेकर चले गए।जबकि ग्राम सभा की सरकारी जमीनों पर लगातार किए जा रहे अवैध कब्जे और कब्रिस्तान की जमीन पर बनाई जा रही पानी की टंकी सूचना पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा और कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने काम को रुकवा कर दूसरी जगह पर निर्माण कार्य कराए जाने की बात कही है और वहां पर विशेष समुदाय समाज के लोगों को समझाया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# यूपी में आठ माह में 1921 हत्या और 1869 रेप, 6555 आरोपी गए जेल

## सीएम योगी ने क्राइम कंट्रोल में नाकाम अधिकारियों को लगाई फटकार



**सीएम ने पिछले छह साल की तुलना में इस साल के अपराधों की समीक्षा बैठक की**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी की कानून व्यवस्था को लेकर सीएम ने पिछले छह साल की तुलना में इस साल के अपराधों की समीक्षा बैठक की। बैठक के जारी आंकड़ों से साफ है कि जनवरी से अगस्त 2023 तक थानों में दर्ज अपराध में कमी आने के साथ अपराधियों पर ज्यादा कार्रवाई हुई है। सीएम योगी आदित्य नाथ ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पिछले आठ माह में हत्या, डकैती और रेप अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने वाले टॉप फाइव अधिकारियों की तारीफ की। वहीं लगाम लगाने में नाकाम अधिकारियों की फटकार लगाई है।

### हत्या के मामलों में चंदौली, औरेया और ललिपुर को चेतावनी

यूपी में जनवरी से अगस्त 2023 के बीच हत्या के 1921 एफआईआर दर्ज की गई हैं। जिसमें से 1322 में चार्जशीट और 90 में अन्तिम रिपोर्ट लगायी। वहीं 4705 आरोपियों में 4230 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। यह आंकड़े बताते हैं कि पिछले 6 वर्षों में प्रदेश में हत्या में मामलों में 9.02 प्रतिशत की कमी आयी है। जिसको समीक्षा बैठक में और कम करने को कहा गया है। सीएम ने महोबा, श्रावस्ती, सीतापुर, जालौन और कौशाम्बी में हत्या की घटनाएं बढ़ने पर अधिकारियों को अलर्ट मोड पर आने को कहा है। दूसरी तरफ टॉप फाइव अमरोहा, झांसी, जालौन और हरदोई को अपराध में अंकुश लगाने और कार्रवाई करने में तारीफ की। जबकि चंदौली, औरेया, ललितपुर और बांदा को खराब प्रदर्शन के लिए चेतावनी दी।

### रेप के मामलों में 2325 आरोपी गिरफ्तार

यूपी में रेप के मामलों में दर्ज 1869 केस में पुलिस ने 1359 में चार्जशीट दाखिल कर 2578 आरोपियों में से 2325 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रेप के मामले में फतेहगढ़, सीतापुर, खीरी, कौशांबी और हमीरपुर में बढ़ोतरी होने पर अधिकारियों को और एक्टिव करने के निर्देश दिए हैं। रेप के मामलों में कार्रवाई करने वाले टॉप 5 जिले बदायूं, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा और संभल के अधिकारियों के काम की नजीर पेश की गई। वहीं प्रयागराज कमिश्नरेट, शाहजहांपुर, बलरामपुर, कौशाम्बी और फतेहपुर की लचर कार्रवाई पर चेतावनी दी गई।

### डकैती के 16.22 प्रतिशत केस हुए कम, लूट में भी हुई कमी

यूपी के अपराध की समीक्षा बैठक में सामने आया कि प्रदेश में पिछले आठ माह में डकैती की 30 एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें 18 में चार्ज शीट दाखिल कर 200 लोगों को जेल भेजा गया। जो पिछले 6 वर्षों में प्रदेशभर में हुई डकैती के केस की तुलना में 16.22 प्रतिशत कम हैं। हालांकि वाराणसी कमिश्नरेट, झांसी, अमेठी, औरैया और कन्नौज में डकैती के केस बढ़े हैं। दूसरी तरफ प्रदेश में लूट की 789 केस सामने आए हैं। जिसमें 589 केस में चार्जशीट दाखिल कर 2118 आरोपियों को जेल भेजा गया। यह आंकड़े बताते हैं कि लूट की घटनाओं में पिछले आठ माह में 24.61 प्रतिशत कमी आई है।

## कृषि कुंभ 2.0 : बीज से बाजार, तकनीक से नवाचार के वैश्विक परिदृश्य से परिचय कराएगा आयोजन : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

वर्ष 2018 में कृषि कुंभ के आयोजन के लिए देश भर में सराहे गए उत्तर प्रदेश में कृषि कुंभ 2.0 को वैश्विक समारोह बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसकी समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि कुंभ 2.0 में प्रदेश के प्रत्येक जनपद के साथ-साथ देश के हर राज्य की भागीदारी कराई जानी चाहिए। हर राज्य में कृषि क्षेत्र में हो रहे बेस्ट प्रैक्टिस को यहां प्रदर्शित किया जाए, इससे हमारे किसान तकनीकी दृष्टि से और संपन्न हो सकेंगे। यह आयोजन बीज से बाजार तक और दुनिया भर में कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही तकनीक से लेकर नवाचार तक की जानकारी देने वाला होगा। आयोजन दिसंबर के दूसरे सप्ताह में संभावित है। उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कृषि कुंभ के इस दूसरे संस्करण में दो लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता कराई जाए। भारत सरकार के माननीय मंत्रीगणों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं संवर्गी सेक्टर की ख्यातिलब्ध कंपनियों व संस्थाओं, सभी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित किया जाए। सम्मेलन के वैश्विक स्वरूप पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान, इजरायल, क्रोएशिया, पोलैंड, पेरू, जर्मनी, यूएसए, फिलीपींस, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया जैसे देशों में खेती-किसानी को लेकर अनेक अभिनव कार्य हो रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तर्ज पर संबंधित देशों में भारतीय दूतावासों और उच्चायोग से संपर्क कर इन देशों को कृषि कुंभ में कंट्री पार्टनर के रूप में सहभागी बनाने के प्रयास किए जाएं। सम्मेलन का मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में होगा, जबकि इससे पूर्व नई दिल्ली में कर्टेन रेजर इवेंट भी आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों और संस्थाओं द्वारा कृषि प्रदर्शनी, इंटीग्रेटेड फार्मिंग, ड्रोन के उपयोग, उपलब्धियों, गोवंश संरक्षण, रेशम उद्योग की प्रगति, विशेषज्ञों के व्याख्यान, प्रदर्शनियां आदि आयोजित की जाएंगी।

### श्रीअन्न की विशिष्टताओं से परिचय कराएगी विशेष कार्यशाला

बाजार, ज्वार, मडुआ, सांवा, कोदो, काकुन, कुटकी, चेना, कुट्टू और रामदाना जैसे स्वाद और पोषण युक्त श्रीअन्न की विशिष्टताओं से परिचय कराने को अक्तूबर में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशानुसार, उत्तर प्रदेश श्रीअन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में मिलेट्स के विभिन्न उत्पादों/पकवानों का प्रदर्शन किया जाएगा। मिलेट्स पर कार्य करने वाले एफपीओ, उद्यमियों, कृषकों को सम्मानित किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में प्रस्तावित मिलेट्स की इस खास कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ होटल एशोसिएशन, शेफ, स्कूली बच्चों और एफपीओ आदि को भी आमंत्रित किया जाएगा।



## चुनावी मोड में आई बसपा मायावती करेंगी पदाधिकारियों के साथ बैठक, एजेंडे में लोकसभा चुनाव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती रविवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगी। उन्होंने यूपी और उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारियों व जिलाध्यक्षों की विशेष बैठक बुलाई है, जिसमें अहम दिशा-निर्देश दिये जाएंगे। बसपा प्रदेश कार्यालय की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक विशेष बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव की जमीनी तैयारियों के बारे में बसपा सुप्रीमो समीक्षा करेंगी। इस दौरान पार्टी की रणनीति पर चर्चा के साथ देश और प्रदेश के बदले राजनीतिक परिदृश्य पर भी गहनता से विचार-विमर्श किया जाएगा। पार्टी द्वारा महिला आरक्षण बिल में ओबीसी व एससी-एसटी की भागीदारी बढ़ाने की केंद्र सरकार से की गई मांग का जनता के बीच प्रचार-प्रसार करने की रणनीति पर भी बात होगी। सूत्रों की मानें तो बसपा सुप्रीमो संगठन में कुछ अहम बदलाव की घोषणा भी कर सकती हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी जमीनी स्तर गठबंधन की संभावनाओं पर भी कुछ चर्चा करे।

**छात्रवृत्ति मिलने के नियम हुए सख्त**

## स्कूल में उपद्रव किया तो रोक दी जाएगी छात्रवृति



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में छात्रवृत्ति पाने के नियमों में बदलाव किया जा रहा है। यदि छात्र ने स्कूल में किसी प्रकार का उपद्रव किया और इसकी सूचना स्कूल ने दे दी तो छात्र की छात्रवृति रोकी जा सकती है। विद्यार्थियों के शिक्षण संस्थान में उपद्रव करने पर छात्रवृत्ति और शुल्क भरपाई की सुविधा रोकी जा सकती है। इस संबंध में जारी नई नियमावली में आचरण संबंधी कड़े प्रावधान किए गए हैं। संबंधित प्राधिकारियों को छात्रवृत्ति की सुविधा रद्द करने तक का अधिकार दिया गया है। नई नियमावली के अनुसार, छात्रवृत्ति अभ्यर्थी की संतोषजनक प्रगति एवं आचरण पर निर्भर है। अगर संस्थान प्रमुख यह बताता है कि कोई अभ्यर्थी खुद के आचरण या चूक के कारण संतोषजनक प्रगति करने में असफल रहा है। उसे दुर्व्यवहार जैसे हड़ताल करने या उसमें भाग लेने या संबंधित प्राधिकारियों की अनुमति के बगैर उपस्थिति में अनियमितता आदि का दोषी पाया गया है तो संबंधित प्राधिकारी छात्रवृत्ति रद्द कर सकता है। इसे रोक सकता है या जितनी अवधि उचित समझे, आगे का भुगतान रोक सकता है। यहां बता दें कि छात्रवृत्ति के तहत छात्रों को शैक्षणिक भत्ते के साथ ही संस्था से वापस न होने वाले शुल्क की भरपाई की जाती है। अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए शुल्क की भरपाई की कोई कैपिंग (अधिकतम सीमा) लागू नहीं है, जबकि अन्य वर्गों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम समूहों के आधार पर अधिकतम 10 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक का भुगतान होता है। हर साल 50 लाख से ज्यादा विद्यार्थी योजना का लाभ पाते हैं।

### पढ़ाई के लिए गोद लिए जाने पर भी अनाथ बच्चों को मिलेगा लाभ

अनुसूचित जाति के हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं के माता पिता के जीवित न होने पर अगर कोई संस्था या संभ्रांत व्यक्ति उन्हें पढ़ाई करवाने के उद्देश्य से गोद लेता है तो भी उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलेगा। संस्था के प्रबंधन या संभ्रांत व्यक्ति की आय उनकी पात्रता निर्धारण का आधार नहीं मानी जाएगी। यहां बता दें कि अनुसूचित जाति के ढाई लाख रुपये तक सालाना आय वाले परिवारों के बच्चों को यह सुविधा दी जाती है।

## चिकित्सक हत्याकांड : आज चिकित्सक के गांव जाएंगे सपा के नेता, आरोपी अब तक फरार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

चिकित्सक की हत्या के मामले में रविवार को सपा का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उनके गांव पहुंचेगा। शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बी पांडेय के नेतृत्व में पहुंच रहे प्रतिनिधिमंडल में तीन विधायक, पांच पूर्व विधायक समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहेंगे। जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल सुबह 11 बजे लंभुआ के सखौलीकलां गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारीजनों से मिलेगा। उनकी समस्याओं व मांगों से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराएगा। आपको बता दे कि अब तक मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

### मुख्यमंत्री योगी ने की परिजनों से मुलाकात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को डॉ. घनश्याम के परिजनों से लखनऊ में मुलाकात की। उधर, सांसद मेनका गांधी ने पत्र जारी कर इसकी तीखी निंदा की और कार्रवाई की मांग की। पूरे घटनाक्रम को करीब एक सप्ताह बीत रहा था किंतु सांसद मेनका गांधी की ओर से कोई ट्वीट या सार्वजनिक संदेश तक जारी नहीं हुआ था। यही हाल नगर विधायक विनोद सिंह का भी रहा। उन्होंने इतनी निर्मम हत्या की सार्वजनिक आलोचना तक नहीं की थी। इसे लेकर पार्टी में भी तीखी प्रतिक्रिया हो रही थी और प्रदेश नेतृत्व तक भी यह मामला पहुंचा था।

### सांसद ने दिया अस्वस्थता का हवाला

सांसद मेनका गांधी ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि कई दिनों से अस्वस्थ हैं। वे बोल भी नहीं पा रही हैं। इसलिए वे चाहकर भी सुल्तानपुर नहीं पहुंच पाईं। जारी पत्र में लिखा है कि इस कलंकित घटना को अंजाम देने वाले अपराधी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। यात्रा योग्य होते ही मैं सुल्तानपुर में डॉक्टर तिवारी के परिवार के बीच पहुंचूंगी और उन्हें न्याय दिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगी।

## कार के नीचे आई सड़क पर खेल रही बच्ची, किस्मत से बची जान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ठाकुरगंज के बरौरा हुसैनबाड़ी इलाके में घर के बाहर खेल रही चार साल की एक बच्ची को रौंदते हुए एक कार गुजर गई। बलरामपुर अस्पताल में बच्ची भर्ती है। उसे गंभीर चोटें आई हैं। शनिवार को घटना की सीसीटीवी फुटेज सामने आई। तब पुलिस सक्रिय हुई। बच्ची के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। कार ड्राइवर को पकड़ने के लिए एक टीम कानपुर रवाना हुई है। हुसैनबाड़ी निवासी नूर मोहम्मद ई-रिक्शा चलाते हैं। उनकी बेटी अलीना 27 सितंबर को सुबह करीब दस बजे घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक कार गली में आई और बच्ची को रौंदते हुए गुजर गई। कार चालक भाग निकला। परिजन घर से बाहर आए तो बच्ची दर्द से चीख रही थी। शनिवार को जब फुटेज वायरल हुई तब पुलिस ने परिजन से संपर्क किया। पीड़ित परिजन ने बताया कि बिरहाना रोड कानपुर निवासी राहुल हुसैनबाड़ी में रहने वाले एक रिश्तेदार के घर आए थे। उनकी ही कार से हादसा हुआ है। उन्होंने इलाज का खर्च उठाने की बात कही थी, लेकिन बाद में मुकर गए। एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि कार मालिक का नंबर स्विच ऑफ है। तलाश में टीम कानपुर गई है। वहीं, डॉक्टरों ने बताया कि अलीना की पसलियां टूटी हैं। कुछ खा नहीं पा रही है। उल्टियां हो रही हैं। अंदरूनी चोट अधिक है।

### आखिर क्यों नहीं रुका कार चालक

सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि अलीना सड़क के बायीं ओर बैठी खेल रही है। तभी कार गली में मुड़ती है और कार का आगे बायीं तरफ वाला पहिया उसके ऊपर चढ़ जाता है। हैरानी की ये है कि इसके बाद भी कार चला रहा शख्स नहीं रुकता है। कार आगे बढ़ाता है तो पिछला पहिया भी चढ़ जाता है। अब सवाल है कि वह समझ नहीं सका या फिर भागने के चक्कर में ऐसा किया। जब वह पकड़ा जाएगा तभी ये साफ हो सकेगा।

## 49444 ग्राम पंचायतों में किया गया ग्राम चौपालों का आयोजन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है ।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं। काफी हद तक लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है ।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है ।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम चौपालों को और अधिक प्रभावी व परिणामपरक बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि और अधिक ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जाए तथा चौपालों से पूर्व सफाई अभियान चलाया जाए और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण वहां पर आयें और व्यक्तिगत समस्यायें ही न हल हों।

## झूलेलाल जी ने दी थी मिर्खशाह को सर्वधर्म समभाव की शिक्षा, संगोष्ठी में रखे गए विचार



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी की ओर से भारतीय भाषा उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में हमारे पूर्वज झूलेलाल-महान-व्यक्तित्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। चारबाग स्थित सिंधु भवन में गुजरात से आए डॉ. जेठो लालवानी, दिल्ली के देवीलाल लालवानी, प्रकाश गोधवानी ने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने कहा कि झूलेलाल जी सिंधी समाज के इष्टदेव व अवतार पुरुष हैं। उदयचंद, झूलेलाल, लालसांई, अमरलाल, उडेरोलाल, दरियाशाह, जिन्दहपीर आदि नाम से ये प्रसिद्ध हैं। सिंध के तत्कालीन अरबी शासक मिर्खशाह को सर्वधर्म समभाव की शिक्षा देकर झूलेलाल जी अंतर्ध्यान हो गए थे। कार्यक्रम संयोजक पटेल दास हीरवानी, प्रकाश गोधवानी, समाजसेवी अशोक चंदवानी, अशोक मोतियानी दीपक लालवानी, महेंद्र वर्मा, रवि यादव, अशोक चंदवानी, जेपी हिरवानी, पुरुषोत्तम केसवानी पंडित अशोक शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## 'एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान' पर्यटन स्थलों पर होगी सफाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

गांधीजी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए 'स्वच्छता की सेवा पखवाड़े' के अंतर्गत पर्यटन विभाग की ओर से प्रत्येक जिले में पर्यटन स्थल या महत्वपूर्ण स्थल की सफाई होगी। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। लखनऊ में पर्यटन भवन व इसके आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह फिरोजाबाद में स्वच्छता कार्यक्रम में रहेंगे। स्वच्छ शहर और गांव बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 01 अक्टूबर रविवार को सुबह 10 बजे से सामूहिक रूप से एक घंटे श्रमदान का आह्वान किया गया है। यह बापू के लिए उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर एक स्वच्छांजलि होगी। उत्तर प्रदेश का पर्यटन विभाग राज्य भर में एक घंटे की सेवा देकर इस उद्देश्य में योगदान देगा।

## भाजपा अनुसूचित वर्ग के लोगो के विकास के लिए प्रतिबद्ध : भूपेंद्र चौधरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी,क्षेत्रीय अध्यक्ष, केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिकाओं के अध्यक्षों सहित प्रमुख पदाधिकारी सम्मलित हुए।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा अनुसूचित वर्ग के लोगो के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 9 वर्षों में अपनी अनेक योजनाओं के द्वारा अनुसूचित वर्ग के लोगो के कल्याण और उत्थान के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में अनुसूचित वर्ग के सबसे ज्यादा सांसद व विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि भाजपा के है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर से जुड़े पांच स्थान जन्मस्थान महू, दीक्षा स्थल नागपुर, चौत्यभूमि मुंबई, शिक्षा भूमि लंदन और महापरिनिर्वाण स्थल दिल्ली में स्मारकों के निर्माण करपंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे अभियानों व कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने ÷बस्ती सम्पर्क अभियान÷ के तहत बस्तियों में लाभार्थियों से सम्पर्क सहित समाज के प्रबुद्ध वर्ग, सेवा निवृत्त अधिकारी, खिलाड़ी, लोककलाकारों व अन्य प्रमुख लोगों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करने को कहा। प्रदेश महामंत्री संगठन ने आगामी दिनों में अनुसूचित मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी 6 संगठनात्मक क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले सम्मेलनों की योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र स्तर पर होनें वाले इन सम्मेलनों में प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक बूथ से अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो इसके लिए हमें योजनापूर्वक कार्य करना होगा। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा अनुसूचित समाज के कल्याण के लिए किए गए अनेकों कार्यों के बारे में भी लोगों को अवगत कराने के लिए व्यापक सम्पर्क संवाद करने के लिए कहा। बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र कन्नौजिया, केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर राष्ट्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा भोला सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री गुलाब देवी, असीम अरूण सहित सांसद, विधायक, मोर्चो के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष व अन्य प्रमुख नेता सम्मिलित हुए।

**देश में सबसे ज्यादा भाजपा के हैं अनुसूचित वर्ग के सांसद विधायक**

## डिप्टी सीएम 3 अक्टूबर को करेंगे ग्राम्य विकास विभाग की मण्डलीय समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की लखनऊ मण्डल के ग्राम्य विकास विभाग के कार्यक्रमों की मण्डलीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक 03अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे पंचायती राज निदेशालय अलीगंज लखनऊ के आडिटोरियम में आहूत की गयी है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि बैठक में लखनऊ मण्डल के सभी मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त श्रम रोजगार स्वतः रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा ब्लाक प्रमुख उपस्थिति रहेंगें। समीक्षा बैठक हेतु मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। संयुक्त विकास आयुक्त लखनऊ मण्डल को बैठक से सम्बन्धित बिन्दुओं को सम्मिलित करते हुए बुकलेट एवं पीपीटी तैयार कराने व उसे सभी सम्बंधित को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।उनके द्वारा ही बैठक की कार्यवृत्त एवं उप मुख्यमंत्री की बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में कार्यवाही की जायेगी।मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ द्वारा इस? सम्बन्ध में सम्बन्धित को औपचारिक आदेश और आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## एलडीबी में लागू हुई 'मृतक ऋणी सदस्यों की ऋण मोचन योजना'

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों के हित में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक एलडीबी में ''मृतक ऋणी सदस्यों की ऋण मोचन योजना- 2023'' लागू की गयी है ।श्री राठौर ने बताया की यह योजना 01 अक्टूबर 2023 से 31 दिसम्बर तक प्रभावी होगी। योजना तीन श्रेणियों में लागू की गई है। प्रथम श्रेणी में 31 मार्च तक अथवा इससे पूर्व वितरित ऋण प्रकरणों में मृतक ऋणी सदस्य के वारिसान हितधारक केवल अवशेष मूलधन की पूर्ण धनराशि जमा कर खाता बन्द कर सकेंगे, इन्हे ब्याज में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। द्वितीय श्रेणी के अन्तर्गत 01 अप्रैल से 31 मार्च तक ऋण लेने वाले मृतक ऋणी सदस्यों के वारिसान हितधारक अवशेष मूलधन के साथ 25 प्रतिशत ब्याज जमाकर खाता बन्द कर सकते हैं। इस प्रकार इन्हे ब्याज में 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### बाघ परियोजना: पांच दशक, बड़ी कसक

**उत्तर प्रदेश के पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बीते सात-आठ वर्षों में इस कदर बढ़ गई है जिससे बाघ जंगलों से निकलकर बाहर खेतों और आवासीय क्षेत्रों में भी पहुंचने लगे हैं। जिस कारण कई बाघों ने इंसानों को निवाला भी बना डाला। वहां जंगली क्षेत्रों में बाघों की दहशत बनी हुई है। इसके अलावा लखीमपुर खीरी के दुधवा पार्क में भी बाघों की संख्या अच्छी खासी बढ़ी है। खैर, वहां बाघों का बढ़ना स्वाभाविक हैं क्योंकि वहां प्राकृतिक सौन्दर्यता चारों ओर भरी है और बाघों के रहने का वहां अनुकूल वातावरण भी मौजूद है?**

*भारत में बाघ परियोजना मुहिम ने अपने 50 साल पूरे कर लिए । पूरे देश में कुल 53 टाइगर रिजर्व क्षेत्र हैं, लेकिन अफसोस इनमें कुछ बाघ रिजर्व क्षेत्र ऐसे हैं जहां एक भी बाघ नहीं हैं? ये हम नहीं, बल्कि पिछले सप्ताह जारी सरकारी आंकड़ों ने बताया है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की माने तो गुजरे चार वर्षों में देश भर में 715 बाघों की संख्या बढ़ी। इस समय कुल 3682 बाघ देश में हैं। इसके साथ ही ये भी बताया गया है कि तेलंगाना का कवल टाइगर रिजर्व, मिजोरम का डम्पा टाइगर रिजर्व क्षेत्र, अरुणाचल प्रदेश का कमलेंग, ओडिशा का सतकोसिया और सहायद्री स्थित बाघ रिजर्व क्षेत्र एकदम बाघ हीन हैं, वहां बाघ विलुप्त हो गए हैं। कुछ असमय मर गए, तो कुछ शिकारियों के शिकार हो गए। हालांकि शिकारियों के हाथों मरे बाघों के संबंध में रिपोर्ट में नहीं बताया गया है। पर, ये तल्ख सच्चाई है जिसे सरकार भी मानती है कि इस वक्त पूरे देश में बाघों का शिकार करने के लिए संगठित गिरोह सक्रिय है। इनका डेरा टाइगर रिजर्व क्षेत्रों के आसपास ज्यादा है। क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बाघ, शेर, चीते व अन्य जंगली जानवरों के अवशेषों की भारी डिमांड रहती है। ऐसी खबरें भी कई मर्तबा आती हैं कि इनके इन कुकर्मों में फॉरेस्ट कर्मी भी शामिल पाए गए। गौरतलब है कि वनजीव संरक्षण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा सरकारी बजट बीते पचास सालों में बाघों के संरक्षण पर खर्च किया गया। उस हिसाब से देखें तो बाघों के बढ़ोतरी के आंकड़े उतने तसल्ली नहीं देते, जितने देने चाहिए। सालाना करीब 10 से 12 करोड़ रुपये देश के विभिन्न टाइगर रिजर्व में बाघ संरक्षण के लिए खर्च किया जाता है। एक और दुखद खबर है जो बाघ प्रेमियों को खासी चिंतित कर सकती है। दरअसल, कुछ बाघ रिजर्व ऐसे हैं जिनमें मात्र एक-एक ही बाघ शेष बचे हैं। उनमें बंगाल का बक्सा टाइगर रिजर्व, नामदफा रिजर्व, राजस्थान का रामगढ़ विषधारी क्षेत्र, छत्तीसगढ़ का सीतानदी और झारखंड का पलामू टाइगर रिजर्व शामिल हैं। इसके अलावा दर्जन भर टाइगर रिजर्व ऐसे हैं जिनमें भी बाघों की संख्या बस 3 या 4 के आसपास ही बची है। मध्य प्रदेश अब भी प्रथम स्थान पर काबिज है जिसे टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश बाघ संरक्षण के लिए सबसे अनुकूल प्रदेश है। लेकिन वहीं जब चीतों के संरक्षण की नजर दौड़ती है तो ये तथ्य अपने आप में झूठे लगते हैं, वो इसलिए, कि नामीबिया और आस्ट्रलिया से लाए गए चीते भी कूनो नेशनल पार्क में ही छोड़े गए थे जिनमें अधिकांश अब दम तोड़ चुके हैं। हिंदुस्तान में बाघ अभ्यारण्य मुहिम सन 1973 में लागू हुई थी जिसे 'प्रोजेक्ट टाइगर' का नाम दिया गया था। जिम्मेदारी 'राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' के कंधों पर रखी गई थी। सन 2018 तक कुल भारत में 50 टाइगर रिजर्व क्षेत्र हुआ करते थे जिसे तीन वर्ष पहले बढ़ाकर 53 कर दिए गए हैं। बढ़ाने के पीछे की मंशा बाघों की संख्या में और इजाफा करना था। हालांकि कुछ जगहों पर बाघों की संख्या अपने आप बढ़ी, उसी को देखते हुए जहां बाघों की चहलकदमी दिखी, सरकार ने उसे बाघ रिजर्व घोषित कर दिया। जबकि, ये बाघ ऐसे थे जो अपना रास्ता भटककर जहां-तहां पहुंचे थे। बाघों की गिनती को लेकर भी कई बार विरोध होता है। पर्यावरणविद् कहते हैं कि बाघों की गणना सही तरीके से नहीं होती। उनकी मांगों को ध्यान में रखकर 2018 में केंद्र सरकार ने आधुनिक तरीकों से बाघों की गणना करवाई, जिसका नजीता ये निकला बाघों की संख्या देशी गणना वाले तरीकों के मुकाबले बढ़ी हुई सामने आई। हालांकि हिंसक जानवरों जैसे, बाघ, शेर व तेंदुओं की सटीक गणना को लेकर विरोधाभाष की स्थिति अब भी बनी रहती है। बाघ प्रेमी सरकारी आंकड़ों पर ज्यादा भरोसा नहीं करते हैं। पर, इस वक्त बाघों की संख्या बढ़ी है इस पर विश्वास इसलिए किया जा सकता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**मांट्रियाल से नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर की ऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में गिर गया। इस आतंकी हमले में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी जिम्मेदारी को निभाने में असफल रहे हैं। वे भारत में किसानों के आंदोलन का समर्थन कर रहे थे। तब ट्रूडो कह रहे थे कि कनाडा दुनिया में कहीं भी किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा रहेगा। क्या कनाडा की खुफिया एजेंसियां इतनी घटिया हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वहां पर खालिस्तानी सक्रिय हैं?**

# कनाडा जाना बंद करें बच्चे, होश आ जाएगा ट्रूडो को



आर.के. सिन्हा

**बेशक, कनाडा में जो कुछ हो रहा है उससे भारत आहत है। इस कट्टरपंथ की सार्वभौमिक तौर पर निंदा तो होनी चाहिए। कनाडा लंबे समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। वहां पर मंदिरों में भी तोड़फोड़ की जाती है। कनाडा का ब्रैम्पटन शहर तो भारत विरोधी गतिविधियों का केन्द्र बन चुका है।**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जिस बेशर्मी से अपने देश के खालिस्तानी आंदोलनकारियों को समर्थन देना शुरू किया है उससे दोनों देशों के संबंध तार-तार जैसे हो गए हैं। भारत-कनाडा संबंधों को मजबूती देने का काम तो भारत से हर साल वहां पर पढ़ने के लिए जाने वाले हजारों-लाखों नौजवान करते रहे हैं। जाहिर है, भारत का आमजन कनाडा के प्रधानमंत्री के रुख से बहुत खिन्न है। भारत ने अपने कूटनीतिक जवाब में कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा देने पर रोक लगा दी है। दूसरी ओर जो भारतीय छात्र कनाडा जाकर पढ़ना चाहते थे, वो अब ऐसा करने से स्वयं बच रहे हैं। इसकी वजह से भी दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हुआ है। विदेश में पढ़ने जाने के लिए मदद करने वाली एक कंसल्टेंट कंपनी का कहना है कि इसी वर्ष हमारे पास 65 ऐसे छात्र आए थे, जो कनाडा पढ़ने के लिए जाना चाहते थेह्व लेकिन, अब उन्होंने अपना फैसला बदल लिया है। इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि भारत से हरेक साल बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि देशों में क्यों चले जाते हैं? यह सवाल कनाडा में जो भारत को लेकर हो रहा है उस रोशनी में पूछ जाना चाहिए। वहां जो कुछ भी घटित हो रहा है उससे पहले ही भारतीयों के साथ हिंसा के मामले सामने आने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय अपनी एडवाइजरी जारी कर चुका है। विदेश मंत्रालय भारत में कनाडा के उच्चायोग से इन घटनाओं को कनाडा के अधिकारियों के साथ उठाने व उनकी सही जांच करवाने के लिए भी कई बार कह चुका है। यह भी सच है कि कनाडा में घृणा अपराधों, सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों की घटनाओं में तो निश्चित रूप से वृद्धि हुई है। भारत के लाख कहने के बावजूद कनाडा सरकार वहां पर जा बसे, या रह रहे भारतीयों को सुरक्षा प्रदान नहीं करवा पा रही है। कनाडा में अब भी हजारों या यूं कहिये कि लाखों भारतीय नौजवान पढ़ रहे हैं। अब उन्हें अपने भविष्य की चिंता सता रही है। उपलब्ध आकड़ों के अनुसार साल 2018-19 के दौरान ही 6.20 लाख विद्यार्थी पढ़ने के लिए देश से बाहर गए थे। ये आंकड़े मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने ही जारी किए थे। ये अधिकतर स्नातक की डिग्री लेने के लिए ही कनाडा या किसी अन्य देश का रुख करते हैं। स्नातकोत्तर की डिग्री लेने के लिए बाहर जाने वाले अपेक्षाकृत कम ही होते हैं। पर मूल बात यह है कि हर साल इन विद्यार्थियों के अन्य देशों में जाने के कारण देश की अमूल्य विदेशी मुद्रा भी देश के बाहर चली जाती है। इन लाखों विद्यार्थियों के लिए देश को अरबों रुपया अन्य देशों को देना पड़ता है वह भी विदेशी मुद्रा में। अगर कोई विद्यार्थी वास्तव में किसी खास शोध आदि के लिए अमेरिका की एमआईटी या कोलोरोडो जैसे विश्वविद्लायों में दाखिला लेता है तो कोई बुराई भी नहीं है। आखिर अमेरिका के कुछ विश्वविद्यालय अपनी श्रेष्ठ फैक्ल्टी और दूसरी सुविधाओं के चलते सच में बहुत बेहतर हैं। यही बात ब्रिटेन के आक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज जैसे विश्वविद्लायों के संबंध में भी कही जा सकती हैं। इनमें बहुत से अध्यापक नोबेल पुरस्कार विजेता तक हैं। इसलिए इनमें दाखिला लेने में तो कोई बुराई नहीं हैं। लेकिन अगर हमारे बच्चे होटल मैनेजमेंट या एमबीए या सामान्य स्नातक डिग्री जैसे कोर्सज के लिए कनाडा, यूक्रेन और चीन जाएं तो बात गले से नहीं उतरती। सच पूछा जाए जाए तो इसका कोई ठोस कारण भी समझ नहीं आता। फिर यह भी एक तथ्य है कि विदेशों में पढ़ाई के लिए जाने वाले बच्चों को अनेक अवसरों पर घोर कष्ट भी होता है। उन्हें कई बार विदेशी विश्वविद्यालय सब्जबाग दिखा कर अपने पास बुला लेते हैं। जब हमारे बच्चे विदेशों में जाते हैं, तो उन्हें कड़वी हकीकत दिखाई देती है। हालांकि तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इन बच्चों के अभिभावकों ने भी एजुकेशन लोन के नाम पर बहुत मोटा लोन ले लिया होता है जिसे उन्हें दो दशक तक चुकाते रहना पड़ता है । इसके साथ ही, कनाडा में मुट्ठी भर खालिस्तानी भारत और हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। दुख इस बात का है कि मित्र देश होने के बावजूद कनाडा सरकार कुछ नहीं कर रही। खालिस्तानियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी पर निकाली परेड में पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी को आपत्तिजनक रूप में दिखाया। बीती 6 जून को कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में खालिस्तानियों ने 5 किलोमीटर लंबी परेड निकाली। इसमें एक झांकी में इंदिरा गांधी की हत्या का सीन दिखाया गया। झांकी में इंदिरा गांधी को खून से सनी साड़ी पहने दिखाया गया है। उनके हाथ ऊपर हैं। दूसरी तरफ दो शख्स उनकी तरफ बंदूक ताने खड़े हैं। इसके पीछे लिखा है-बदला। कनाडा अपने को एक सभ्य देश होने का दावा करता है। पर वहां अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा की वकालत करने वाले खुल कर हिंसा का खेल कर रहे हैं जो पलट कर उन्हीं पर वार कर सकता है, जो इंदिरा जी के पाले हुये भिंडरावाले के चेले ने इंदिरा जी के साथ किया। बेशक, कनाडा में जो कुछ हो रहा है उससे भारत आहत है। इस कट्टरपंथ की सार्वभौमिक तौर पर निंदा तो होनी चाहिए। कनाडा लंबे समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। वहां पर मंदिरों में भी तोड़फोड़ की जाती है। कनाडा का ब्रैम्पटन शहर तो भारत विरोधी गतिविधियों का केन्द्र बन चुका है। जुलाई 2022 में कनाडा के रिचमंड हिल इलाके में एक विष्णु मंदिर में महात्मा गांधी की मूर्ति को खंडित कर दिया गया था। सितंबर 2022 में कनाडा में स्वामीनारायण मंदिर को खालिस्तानी तत्वों ने भारत विरोधी भित्ति चित्रों के साथ विकृत कर दिया था। पर वहां की पुलिस की काहिली और निकम्मेपन के कारण दोषी पकड़ में नहीं आते।



**अब वक्त की मांग है कि भारतीय अपने बच्चों को कनाडा पढ़ने के लिए भेजना बंद कर दें। अगर इस तरह की पहल सफल हो जाती है तो कनाडा स्वतः घुटनों पर आ जाएगा। वहां के सैकड़ों कॉलेजों पर ताला लग जाएगा और उसकी अर्थव्यवस्था पंगु होने लगेगी।**

## एक्सप्रेस कविता

*विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का,*
*तेरे लिये लेनदेन है बहुत फायदे का।।*
*वह धंधा करता है मुखौटों का।*
*कारोबार है बहुत फायदे का।।*
*सच के बीच भी लोग फरेब करते हैं।*
*यह चलन भी है बहुत कायदे का ।।*
*यहां कौन सच्चा कौन झूठा है यहां।।*
*काम साधते डराकर कानून कायदे का ।।*
*सियासत अवाम के बीच आ जाती हैं*
*पुलिंदा लेकर बड़े अकूत वायदे का।।*
*सच गुम है झूठ के बवंडर में आज संजीव।*
*क्या फायदा है सबूत ,कायदे का।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***जीत का मतलब हमेशा प्रथम आना ही नहीं होता, बल्कि जीत का मतलब है कि आपने पहले से बेहतर किया।***





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितिया 09:44 तक |
| नक्षत्र: | अश्विनी 19:32 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | रविवार |
| योग: | व्याघात, 13:12 |
| सूर्योदय: | 06:17 |
| सूर्यास्त: | 18:03 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 16:35-18:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | आश्विन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:46-12:33 |

## जन एक्सप्रेस

### करना वचन पूरा !

*है परिवर्तन तय ।*
*पूरा है प्रयास ।।*
*रैली से आवाज़ उठी ।*
*बनना ही है ख़ास ।।*
*आशीर्वाद चाहिए ।*
*देना इस पर ध्यान ।।*
*बिना इसके कोई ।*
*कैसे बने महान ?*
*करना वचन पूरा ।*
*वादा है हमारा ।।*
*ना कर सकते इससे ।*
*कभी भी किनारा ।।*
*बैठी अकर्मण्य है ।*
*आपकी सरकार ।।*
*कर रही ना कुछ भी ।*
*है फिर क्यों सत्कार ?*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजन घटाने के लिए खाएं जौ का डोसा



### डोसा बनाने की विधि

- 1 कप जौ
- 1/2 उड़द दाल
- 1/2 इडली वाले चावल
- 1 चम्मच मेथी दाना

### डोसा बनाने का तरीका

इसके लिए आपको सभी सामग्रियों को रात में पीसकर बैटर बना लेना है। उसके बाद उन्हें कम से कम 10 घंटों के लिए फर्मेंट होने के लिए छोड़ देना है। उसके बाद इस बैटर की मदद से एक क्रिस्पी डोसा तैयार करें। आप ब्रेकफास्ट में इस स्वादिष्ट डोसा का सेवन कर सकते हैं। हालांकि, दिन के किसी अन्य समय पर भी खा सकते हैं।स्टिचेस की जरूरत तो नहीं है।

जौ के आटे की रोटी, इसका सूप, दलिया और पुलाव आदि का सेवन तो हम सभी करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी यह जौ का डोसा खाया है? आपको बता दें कि जौ का दलिया बहुत ही स्वादिष्ट और स्वास्थ्य लाभों से भरपूर होता है। जौ में विटामिन बी, आयरन, कैल्शियम, जिंक, डाइट्री फाइबर, सेलेनियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व बहुत अच्छी मात्रा में होते हैं। इसके अलावा, जौ एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोकेमिकल्स भी भरपूर होती है। अगर आप रोज जौ का डोसा बनाकर खाते हैं, तो इससे वजन घटाने से लेकर डायबिटीज कंट्रोल करने तक कई फायदे मिल सकते हैं। अब सवाल यह उठता है कि घर पर जौ का डोसा कैसे बनाएं और इसके सेवन से क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं।

**वजन घटाने के लिए जौ का डोसा खाने के फायदे:** जूही कपूर के अनुसार, जौ में घुलनशील फाइबर होता है। साथ ही इसमें बीटा-ग्लूकेन्स होते हैं। जब आप इसे रात भर के लिए फर्मेंट करते हैं, तो इसमें कुछ बैक्टीरिया और एसिड प्राकृतिक रूप से बढ़ जाते हैं, जो आंत में बैक्टीरिया के संतुलन और डाइजेशन में सुधार करते हैं। इसके अलावा, यह एक पेट भरने वाले नाश्ते का एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें कैलोरी कम होती हैं और यह आपको लंबे समय पेट भरा महसूस कराने में मदद करता है। इस तरह आप बार-बार खाने से बचते हैं और अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग भी शांत होती है। ऐसे में जौ का डोसा आपकी वेट लॉस डाइट के लिए एक अच्छा विकल्प साबित हो सकता है।

**ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है:** डायबिटीज रोगियों के लिए जौ का डोसा बहुत लाभकारी साबित हो सकता है। इसमें मौजूद घुलनशील फाइबर और बीटा-ग्लूकेन्स ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में मदद करते हैं। यह धीरे-धीरे पचता है और जल्दी ग्लूकोज में अवशोषित नहीं होता है, जिससे ब्लड शुगर में स्पाइक को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करता है:** जिन लोगों को हाई कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों की समस्या है, वे अगर डाइट में जौ का डोसा शामिल करें, तो इससे उनकी दिक्कतें कम हो सकती हैं। जौ में मौजूद बीटा-ग्लूकन को एलडीएल यानी खराब कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करते हैं, जो हाई बीपी और हृदय रोगों के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारणों में से एक है।

## एक्सप्रेस विशेष

# अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस की प्रासंगिकता



डॉ. श्याम सिंह

**यह एक चिंता का विषय और बड़ी भारी चुनौती भी है कि हम इस समस्या से कैसे निपटें। भारत जैसे विकासशील देश की बात की जाए तो यहां तो इस संबंध में बहुत कम प्रयास हुये हैं। इस समस्या से निपटने हेतु कारगर उपाय और ठोस रणनीतियां बनानी होंगी।**

**जनगणना, 2011 के अनुसार वर्तमान समय में वृद्धजनों की जीवन प्रत्याशा 68 वर्ष है। बुजुर्ग आबादी में भारी वृद्धि औद्योगिक या विकसित समाजों के लिए अद्वितीय नहीं है। यूरोपीय और एशियाई औद्योगिक देशों में आयु समूह के 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग अपनी आबादी का कम से कम 15 से 20 प्रतिशत हैं।**

**प्रत्येक** वर्ष पहली अक्टूबर को वृद्धजनों को समर्पित अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाया जाता है। यह दिवस बड़े-बुजुर्गों के मान-सम्मान और देखभाल हेतु सभी को अपने माता-पिता के प्रति ज़िम्मेदारी का बोध कराता है। इस दिन को विश्व वृद्ध दिवस का नाम इसलिए दिया गया है ताकि इस दिन,समाज में वृद्धों की विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक समस्याओं पर अधिक ध्यान दिया जाए। विश्व के कई देशों में इस तरह के दिवस मनाए जाते हैं जैसे-ताइवान ने वर्ष के नौवें चंद्रमा मास के नवें दिन को राष्ट्र के लिए वृद्ध जनसंख्या के प्रति सम्मान प्रकट करने वाला दिवस घोषित किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका में मई का मास 'वृद्ध अमेरिकन मास' घोषित किया गया है। कनाडा में जून मास 'वरिष्ठ नागरिक मास' मनाया जाता है। मिस्त्र ने वर्ष 1989 मैक्सिकों में अकापुल को (मैक्सिको) चौदहवीं अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध सम्मेलन में 30 नवंबर के दिन को प्रत्येक वर्ष वृद्धों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए घोषित किए जाने का प्रस्ताव रखा था।इसी तरह जापान में प्रतिवर्ष 15 सितंबर 'दादा दिवस' के रुप में मनाया जाता है, जब पौत्र अपने दादाओं को पुष्पों के साथ प्रणाम करते हैं तथा उन्हें उपहार देते हैं। इस दिवस के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को देखें तो ज्ञात होता है कि वृद्धजनों की देखभाल के प्रति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी चिंता व्यक्त की और इस दिशा में 1982 में वियना में विश्व वृद्ध सभा का आयोजन किया गया तथा इस सभा में वृद्धों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कार्य योजना को भी स्वीकार किया गया और पहली अक्टूबर को प्रत्येक वर्ष 'विश्व वृद्ध दिवस' मनाये जाने की घोषणा की गई। इसके साथ ही वर्ष 1999 का वर्ष अंतरराष्ट्रीय वृद्ध वर्ष के रूप में मनाया गया था। इसी संबंध में चीन के बीजिंग शहर में विकासशील देशों में वृद्धावस्था से संबंधित एक वैश्विक आयोग की स्थापना हाल ही में की गई है। आयोग का लक्ष्य लिंग समानता और अधिकार नीतियों एवं कार्यक्रमों को बनाना है, जो 25 सदस्यीय देशों के आबादी और विकास में भागीदार सहित विकासशील देशों में वृद्धों के रहन-सहन को सुधारेगा। वर्तमान समय में जिस तरह से वृद्धजनों की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है उसको दृष्टिगत रखते हुये इस दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। आंकड़ें बताते हैं कि पिछले दस वर्षों के दौरान वृद्ध आबादी और वृद्धावस्था सहायता प्रणाली में जनसांख्यिकीय एवं सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से काफी बदलाव आए हैं। पिछले एक दशक में वृद्धजनों की संख्यी में 39.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और देश की आबादी में इनकी हिस्सेपदारी वर्ष 2001 के 6.9 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर वर्ष 2011 में 8.3 प्रतिशत हो गई है। जीवन प्रत्याशा में सुधार के परिणामस्वरुप 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। जनगणना, 2011 के अनुसार वर्तमान समय में वृद्धजनों की जीवन प्रत्याशा 68 वर्ष है। बुजुर्ग आबादी में भारी वृद्धि औद्योगिक या विकसित समाजों के लिए अद्वितीय नहीं है। यूरोपीय और एशियाई औद्योगिक देशों में आयु समूह के 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग अपनी आबादी का कम से कम 15 से 20 प्रतिशत हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ का अनुमान है कि 2025 तक दुनिया के 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की आबादी 1.2 अरब तक पहुंचने की संभावना है। अधिकांश देशों में वृद्धों की आबादी दूसरी आबादी की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। इस प्रकार जिस तरह से बुजुर्ग आबादी में वृद्धि हो रही है तो उसकी तुलना में कल्याणकारी संसाधन और उपाय बहुत ही सीमित हैं। हम सभी के समक्ष यह एक चिंता का विषय और बड़ी भारी चुनौती भी है कि हम इस समस्या से कैसे निपटें। भारत जैसे विकासशील देश की बात की जाए तो यहां तो इस संबंध में बहुत कम प्रयास हुये हैं। इस समस्या से निपटने हेतु कारगर उपाय और ठोस रणनीतियां बनानी होंगी। सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रयासों के साथ-साथ वैयक्तिक स्तर पर भी प्रयास करने होगें। आवश्यकता इस बात की है कि वृद्धजनों के लिए सुरक्षित ठिकाने बनाए जाएं और उन्हें नए दौर के तौर-तरीकों से अवगत कराया जाए ताकि उनका बुढ़ापा सुखमय बीते। इसके साथ ही हमें यह समझना होगा कि वृद्धावस्था विकास की एक प्रक्रिया है जिससे प्रत्येक व्यक्ति को गुजरना पड़ता है, इसीलिए हमें अपने बड़े-बुजुर्गों को वही मान-सम्मान देना चाहिए जिसके कि वे हकदार हैं। इस दिवस की सही मायनों में सार्थकता तभी साबित होगी जब प्रत्येक बुजुर्ग आत्म-सम्मानपूर्वक जीवन जिएगा और उन्हें उनके अधिकारों से कभी वंचित नहीं किया जाएगा। आज इस वृद्ध दिवस के अवसर पर हम सभी को यह शपथ लेना चाहिए कि हम अपने बड़े बुजुर्गों का हमेशा सम्मान करेंगे और कभी भी अपने मन, बचन एवं कर्म से उनके आत्म-सम्मान को ठेस नहीं पहुंचायेगें।

# युवक की मौत के बाद वन विभाग ने लिया सबक, ग्रंट नंबर तीन में लगे कैमरे

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** के दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन की मैलानी रेंज में युवक को मार डालने वाले बाघ की तलाश की जा रही है। वन विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में कॉम्बिंग कर रही हैं। बाघ की गतिविधियों का पता लगाने के लिए दो जोड़ी कैमरे लगाए गए हैं। बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की अनुमति प्रधान मुख्य वन संरक्षक ( पीसीसीएफ) वन्यजीव से मांगी गई है। बफरजोन की मैलानी रेंज जंगल से सटे गांव ग्रंट नंबर तीन निवासी राम मिलन (28) पर शुक्रवार सुबह छह बजे बाघ ने उस समय हमला कर मार डाला था जब वह मजदूरी करने के लिए जा रहा था। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत है। उधर वन विभाग की टीमें बाघ का पता लगाने के लिए लगातार कांबिंग कर रही है। शुक्रवार की रात भी बाघ आबादी से सटे गुरूदेव सिंह के खेत में काफी देर तक चहलकदमी करता रहा। बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रभावित क्षेत्र में चार कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही बाघ को पकड़ने के लिए दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव ) से पिंजरा लगाने की अनुमति मांगी है।

### ग्रामीणों को किया गया जागरूक

दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन के उपप्रभागीय वनाधिकारी मोहम्मद साकिब खान ने बताया कि गांव के नजदीक बाघ की मौजूदगी के मद्देनजर ग्रामीणों को सतर्क रहने, खेतों की ओर अकेले न जाने,पालतू पशुओं को जंगल के नजदीक चराने न ले जाने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीणों को बाघ हमले से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। फिलहाल वन विभाग की टीमों को सतर्कता के साथ निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# उत्तर रेलवे समय–सारणी 2023-24

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे की नई समय–सारणी 01.10.2023 से प्रभावी होगी। समय–सारणी 2023–24 की कुछ प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:–

### समय–सारणी 2023–24 में शामिल नई रेलगाड़ियाँ

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | चालन आवृति | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 20657/20658 हुब्बल्लि जं.–हज़रत निज़ामुद्दीन–हुब्बल्लि जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 14.10.2022 |
| 22447/22448 नई दिल्ली अम्ब–अंदौरा–नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 19.10.2022 |
| 20172/20171 हज़रत निज़ामुद्दीन–रानी कमलापति–हज़रत निज़ामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 02.04.2023 |
| 20978/20977 दिल्ली कैंट–अजमेर–दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 13.04.2023 |
| 14527/14528 बठिण्डा–श्री गंगानगर–बठिण्डा एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 15.04.2023 |
| 22458/22457 देहरादून–आनन्द विहार(टर्मि.)–देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 29.05.2023 |
| 22549/22550 लखनऊ–गोरखपुर–लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 6 दिन | 09.07.2023 |
| 19271/19272 भावनगर–हरिद्वार–भावनगर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 06.09.2023 |
| 20973 फिरोजपुर कैंट–रामेश्वरम एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 07.10.2023 |
| 20974 रामेश्वरम–फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | 03.10.2023 |
| 14719/14720 बीकानेर जं.–अमृतसर–बीकानेर जं. एक्सप्रेस | साप्ताहिक | तत्काल प्रभाव से |
| 04689 अम्बाला–जलंधर सिटी डीएमयू विशेष | प्रतिदिन | 23.10.2022 |

### रेलगाड़ियों के चालन मार्ग का विस्तार

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | विस्तार | | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| | से | तक | |
| 14265/14266 वाराणसी–देहरादून–वाराणसी एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 10.10.2022 |
| 22407/22408 वाराणसी–आनन्द विहार(टर्मि.)–वाराणसी एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 13.10.2022 |
| 14854/14853 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 21.10.2022 |
| 14864/14863 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 21.10.2022 |
| 14866/14865 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 21.10.2022 |
| 06951/06952/74907/74906 जम्मू तवी–एमसीटीएम–जम्मू तवी पैसेंजर | जम्मू तवी | पठानकोट | 23.10.2022 |
| 64912/64915 रोहतक–नई दिल्ली–रोहतक पैसेंजर | रोहतक | जींद | 23.10.2022 |
| 64932/64931 रोहतक–नई दिल्ली–रोहतक पैसेंजर | रोहतक | जींद | 23.10.2022 |
| 19167/19168 अहमदाबाद–वाराणसी–अहमदाबाद एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | 12.12.2022 |
| 14712/14711 श्री गंगानगर–हरिद्वार–श्री गंगानगर एक्सप्रेस | हरिद्वार | ऋषिकेश | 01.03.2023 |
| 12538/12537 बनारस–मुजफ्फरपुर–बनारस एक्सप्रेस | बनारस | प्रयागराज रामबाग | 01.03.2023 |
| 14624/14623 फिरोजपुर कैंट–छिन्दवाड़ा–फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस | छिन्दवाड़ा | सिवनी | 27.04.2023 |
| 14259/14260 लखनऊ–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–लखनऊ एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | गया | 29.04.2023 |
| 14261/14262 लखनऊ–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.–लखनऊ एक्सप्रेस | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | गया | 27.04.2023 |
| 54703/54704/09603/09604 जयपुर–लोहारु जं.–जयपुर पैसेंजर | लोहारु जं. | बठिण्डा | 11.05.2023 |
| 14310/14309 देहरादून–उज्जैन–देहरादून–एक्सप्रेस | उज्जैन | लक्ष्मीबाई नगर | 31.05.2023 |
| 04108/04107/64282/64281 उतरेटिया–सुलतानपुर–उतरेटिया एक्सप्रेस | सुलतानपुर | शिवपुर | 05.06.2023 |
| 14724/14723 भिवानी–कानपुर–भिवानी कालिन्दी एक्सप्रेस | कानपुर | प्रयागराज | 04.08.2023 |
| 12494/12493 हज़रत निज़ामुद्दीन–पुणे–हज़रत निज़ामुद्दीन दर्शन एक्सप्रेस | पुणे | मिरज | 04.08.2023 |
| 22129/22130 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–प्रयागराज–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) तुलसी एक्सप्रेस | प्रयागराज | अयोध्या कैंट | 27.08.2023 |
| 14011/14012 होशियार पुर–दिल्ली जं.–होशियार पुर एक्सप्रेस | दिल्ली | आगरा कैंट | 26.08.2023 |
| 12057 नई दिल्ली–ऊना हिमाचल एक्सप्रेस | ऊना हिमाचल | दौलतपुर चौक | 25.08.2023 |
| 12058 ऊना हिमाचल–नई दिल्ली एक्सप्रेस | ऊना हिमाचल | दौलतपुर चौक | 26.08.2023 |
| 12549/12550 दुर्ग–जम्मू तवी–दुर्ग एक्सप्रेस | जम्मू तवी | एमसीटीएम | 29.08.2023 |
| 14734/14733 जयपुर जं.–होशियार पुर–जयपुर जं. एक्सप्रेस | जयपुर जं. | बठिण्डा जं. | 13.09.2023 |

### रेलगाड़ियों की चालन आवृति में विस्तार

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | चालन आवृति में विस्तार | | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| | से | तक | |
| 15211/15212 दरभंगा–अमृतसर–दरभंगा जननायक एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | प्रतिदिन | 03.03.2023 |
| 22435/22436 वाराणसी–नई दिल्ली–वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस | सप्ताह में 5 दिन | सप्ताह में 6 दिन | 20.03.2023 |
| 04295/04298/64211/64212 लखनऊ–कानपुर सेन्ट्रल–लखनऊ एक्सप्रेस | सप्ताह में 5 दिन | प्रतिदिन | 24.06.2023 |
| 04129/04130/64593/64594 फतेह पुर–कानपुर सेन्ट्रल–फतेह पुर एक्सप्रेस | सप्ताह में 5 दिन | प्रतिदिन | 24.06.2023 |
| 19307/19308 इन्दौरा–चंडीगढ़–इन्दौर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | सप्ताह में 2 दिन | 04.08.2023 |

### रेलगाड़ियों का टर्मिनल परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | वर्तमान टर्मिनल | परिवर्तित टर्मिनल | प्रस्थान के दिन | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 22431/22432 प्रयागराज–एमसीटीएम–प्रयागराज एक्सप्रेस | प्रयागराज | सूबेदारगंज | सप्ताह में 2 दिन | 05.11.2022 |
| 14854/14853 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस | वाराणसी | वाराणसी सिटी | सप्ताह में 3 दिन | 21.10.2022 |
| 14864/14863 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस | वाराणसी | वाराणसी सिटी | सप्ताह में 3 दिन | 21.10.2022 |
| 14866/14865 जोधपुर–वाराणसी–जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस | वाराणसी | वाराणसी सिटी | साप्ताहिक | 21.10.2022 |
| 19167/19168 अहमदाबाद–वाराणसी–अहमदाबाद साबरमति एक्सप्रेस | वाराणसी | वाराणसी सिटी | सप्ताह में 4 दिन | 12.12.2022 |
| 14309/14310 लक्ष्मीबाई नगर–देहरादून–लक्ष्मीबाई नगर उज्जैनी एक्सप्रेस | देहरादून | योग नगरी ऋषिकेश | सप्ताह में 2 दिन | 02.01.2024 |
| 14317/14318 इन्दौर–देहरादून–इन्दौर एक्सप्रेस | देहरादून | योग नगरी ऋषिकेश | सप्ताह में 2 दिन | 05.01.2024 |
| 14265/14266 वाराणसी–देहरादून–वाराणसी एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | प्रतिदिन | 10.10.2022 |
| 22407/22408 वाराणसी–आनन्द विहार (टर्मि.)–वाराणसी एक्सप्रेस | वाराणसी | बनारस | सप्ताह में 2 दिन | 13.10.2022 |

### (मेल/एक्सप्रेस) रेलगाड़ियों के नम्बरों में परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | परिवर्तित रेलगाड़ी सं. | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 20407 बनारस–आनन्द विहार टर्मिनस | 22541 | 09.02.2023 |
| 20408 आनन्द विहार टर्मिनस–बनारस | 22542 | 10.02.2023 |
| 14811 / 14812 सीकर जं.–दिल्ली सराय रोहिल्ला–सीकर जं. एक्सप्रेस | 14713 / 14714 | 04.10.2023 |
| 14711 / 14712 ऋषिकेश–श्री गंगानगर– ऋषिकेश एक्सप्रेस | 14816 / 14815 | 01.10.2023 |
| 14012 होशियार पुर–आगरा कैंट एक्सप्रेस | 11906 | 28.12.2023 |
| 14011 आगरा कैंट–होशियार पुर एक्सप्रेस | 11905 | 27.12.2023 |
| 14723 / 14724 प्रयागराज जं.–भिवानी जं.–प्रयागराज जं. एक्सप्रेस | 14117 / 14118 | 02.12.2023 |
| 14265 / 14266 देहरादून–वाराणसी–देहरादून एक्सप्रेस | 15119 / 15120 | 01.02.2023 |
| 14553 / 14554 दिल्ली जं.–दौलतपुर चौक–दिल्ली जं. एक्सप्रेस | 14053 / 14054 | 12.01.2024 |
| 19791 जयपुर जं.–बठिण्डा जं. एक्सप्रेस | 14733 | 13.09.2023 |
| 14825 जयपुर जं.–बठिण्डा जं. एक्सप्रेस | 14734 | 13.09.2023 |
| 09603/09604 जयपुर जं.–बठिण्डा जं.–जयपुर जं. एक्सप्रेस | 04704 / 04703 | तत्काल प्रभाव से |
| 01625/01626 धूरी जं.–बठिण्डा जं.–धूरी जं. | 04765 / 04766 | तत्काल प्रभाव से |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | चालन आवृति | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग |
|---|---|---|---|
| 12209/12210 कानपुर सेन्ट्रल–काठगोदाम–कानपुर सेन्ट्रल एक्सप्रेस | साप्ताहिक | आलमनगर–बरेली जं. | आलमनगर–बरेली जं.–रामपुर जं. |

### स्टेशन के नाम में परिवर्तन

| वर्तमान नाम | नया नाम |
|---|---|
| उधमपुर (यूएचपी) | शहीद कैप्टन तुषार महाजन (एमसीटीएम) |

### रेलगाड़ी के नाम में परिवर्तन

| वर्तमान नाम | नया नाम |
|---|---|
| 14205/14206 अयोध्या कैंट–दिल्ली एक्सप्रेस | 14205/14206 अयोध्या कैंट–दिल्ली अयोध्या एक्सप्रेस |

### रेलगाड़ियों की सूची जिनका प्रस्थान समय जल्द (प्रीपोन) किया गया है

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन | पुराना समय | | नया समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| 14649 | लखनऊ | 00:45 | 00:55 | 00:40 | 00:50 |
| 14673 | लखनऊ | 00:45 | 00:55 | 00:40 | 00:50 |
| 15624 | लखनऊ | 01:00 | 01:10 | 00:55 | 01:05 |
| 22541 | लखनऊ | 01:00 | 01:10 | 00:55 | 01:05 |
| 12371 | लखनऊ | 01:00 | 01:10 | 00:55 | 01:05 |
| 12353 | लखनऊ | 01:00 | 01:10 | 00:55 | 01:05 |
| 14230 | लखनऊ | 01:35 | 01:45 | 01:30 | 01:40 |

### रेलगाड़ियों की सूची जिनका प्रस्थान समय जल्द (प्रीपोन) किया गया है

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन | पुराना समय | | नया समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| 13257 | लखनऊ | 02:00 | 02:10 | 01:50 | 02:00 |
| 15903 | लखनऊ | 02:15 | 02:25 | 02:10 | 02:20 |
| 19616 | लखनऊ | 02:15 | 02:25 | 02:10 | 02:20 |
| 15057 | लखनऊ | 02:15 | 02:25 | 02:10 | 02:20 |
| 15909 | लखनऊ | 05:10 | 05:20 | 05:00 | 05:10 |
| 12212 | लखनऊ | 05:20 | 05:35 | 05:15 | 05:25 |
| 15716 | लखनऊ | 05:25 | 05:35 | 05:15 | 05:25 |
| 19269 | लखनऊ | 05:25 | 05:35 | 05:15 | 05:25 |
| 13167 | लखनऊ | 05:25 | 05:35 | 05:20 | 05:30 |
| 12174 | लखनऊ | 05:25 | 05:35 | 05:20 | 05:30 |
| 12183 | लखनऊ | 05:35 | 05:45 | 05:25 | 05:35 |
| 19313 | लखनऊ | 05:35 | 05:45 | 05:25 | 05:35 |
| 19305 | लखनऊ | 05:35 | 05:45 | 05:25 | 05:35 |
| 14307 | लखनऊ | 06:20 | 06:30 | 06:15 | 06:25 |
| 12144 | लखनऊ | 06:40 | 06:50 | 06:30 | 06:40 |
| 14123 | लखनऊ | 07:40 | 07:55 | 07:45 | 07:50 |
| 15075 | लखनऊ | 08:00 | 08:10 | 07:55 | 08:05 |
| 15073 | लखनऊ | 08:00 | 08:10 | 07:55 | 08:05 |
| 19615 | लखनऊ | 13:50 | 14:00 | 13:30 | 13:40 |
| 18103 | लखनऊ | 15:05 | 15:15 | 15:00 | 15:10 |
| 13307 | लखनऊ | 15:25 | 15:35 | 15:20 | 15:30 |
| 13005 | लखनऊ | 15:40 | 15:50 | 15:35 | 15:45 |
| 15023 | लखनऊ | 15:50 | 16:00 | 15:45 | 15:55 |
| 22200 | लखनऊ | 15:50 | 16:00 | 15:45 | 15:55 |
| 15076 | लखनऊ | 16:00 | 16:10 | 15:55 | 16:05 |
| 15074 | लखनऊ | 16:00 | 16:10 | 15:55 | 16:05 |
| 15668 | लखनऊ | 17:00 | 17:10 | 16:50 | 17:00 |
| 15636 | लखनऊ | 17:00 | 17:10 | 16:50 | 17:00 |
| 14611 | लखनऊ | 17:15 | 17:25 | 17:10 | 17:20 |
| 12355 | लखनऊ | 17:15 | 17:25 | 17:10 | 17:20 |
| 12237 | लखनऊ | 17:35 | 17:45 | 17:30 | 17:40 |
| 13009 | लखनऊ | 17:50 | 18:00 | 17:45 | 17:55 |
| 04297 | लखनऊ | 10:18 | 18:20 | 17:55 | 18:05 |
| 15025 | लखनऊ | 18:40 | 18:50 | 18:30 | 18:40 |
| 13413 | लखनऊ | 18:55 | 19:05 | 18:45 | 18:55 |
| 13483 | लखनऊ | 18:55 | 19:05 | 18:45 | 18:55 |
| 14124 | लखनऊ | 19:05 | 19:10 | 19:00 | 19:05 |
| 20413 | लखनऊ | 19:10 | 19:20 | 19:05 | 19:15 |
| 12331 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 15651 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 15653 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 15097 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 12587 | लखनऊ | 19:35 | 19:45 | 19:20 | 19:30 |
| 14205 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 | 19:40 | 19:50 |
| 15635 | लखनऊ | 20:55 | 21:05 | 20:50 | 21:00 |
| 15026 | लखनऊ | 20:55 | 21:05 | 20:50 | 21:00 |
| 15667 | लखनऊ | 20:55 | 21:05 | 20:50 | 21:00 |
| 19408 | लखनऊ | 21:05 | 21:15 | 21:00 | 21:10 |
| 20940 | लखनऊ | 21:05 | 21:15 | 21:00 | 21:10 |
| 14523 | लखनऊ | 21:05 | 21:15 | 21:00 | 21:10 |
| 12555 | लखनऊ | 21:25 | 21:35 | 21:20 | 21:30 |
| 14207 | लखनऊ | 21:40 | 21:50 | 21:30 | 21:40 |
| 19166 | लखनऊ | 23:05 | 23:15 | 23:00 | 23:10 |
| 19168 | लखनऊ | 23:05 | 23:15 | 23:00 | 23:10 |
| 13237 | लखनऊ | 23:25 | 23:35 | 23:10 | 23:20 |
| 13239 | लखनऊ | 23:25 | 23:35 | 23:10 | 23:20 |
| 22317 | वाराणसी | 00:20 | 00:30 | 00:10 | 00:20 |
| 12326 | वाराणसी | 01:00 | 01:10 | 00:40 | 00:50 |
| 12358 | वाराणसी | 01:00 | 01:10 | 00:40 | 00:50 |
| 12318 | वाराणसी | 01:00 | 01:10 | 00:40 | 00:50 |
| 13152 | वाराणसी | 01:30 | 01:40 | 01:00 | 01:10 |
| 13258 | वाराणसी | 02:55 | 03:05 | 02:50 | 03:00 |
| 12372 | वाराणसी | 05:10 | 05:20 | 05:00 | 05:10 |
| 14004 | वाराणसी | 08:05 | 08:15 | 08:00 | 08:10 |
| 13430 | वाराणसी | 08:50 | 09:00 | 08:40 | 08:50 |
| 05169 | वाराणसी | 08:50 | 08:55 | 08:45 | 08:50 |
| 05138 | वाराणसी | 09:35 | 09:40 | 08:50 | 08:55 |
| 19321 | वाराणसी | 11:35 | 11:45 | 11:20 | 11:30 |
| 19046 | वाराणसी | 15:50 | 16:00 | 15:40 | 15:50 |
| 13168 | वाराणसी | 20:00 | 20:10 | 19:35 | 19:45 |
| 15103 | वाराणसी | 21:40 | 21:45 | 21:35 | 21:40 |
| 15023 | वाराणसी | 22:15 | 22:25 | 22:30 | 22:40 |
| 14003 | वाराणसी | 23:55 | 00:05 | 23:45 | 23:55 |
| 14236 | अयोध्या जं. | 01:28 | 01:30 | 00:36 | 01:38 |
| 14235 | अयोध्या जं. | 02:38 | 02:40 | 02:36 | 02:38 |
| 15083 | अयोध्या जं. | 02:56 | 02:58 | 02:51 | 02:53 |
| 15053 | अयोध्या जं. | 03:22 | 03:24 | 03:11 | 03:13 |
| 22613 | अयोध्या जं. | 04:20 | 04:25 | 03:53 | 03:55 |
| 14854 | अयोध्या जं. | 04:53 | 04:55 | 04:43 | 04:45 |
| 19054 | अयोध्या जं. | 05:48 | 05:50 | 05:24 | 05:26 |
| 13151 | अयोध्या जं. | 07:22 | 07:24 | 06:21 | 06:23 |
| 14018 | अयोध्या जं. | 06:36 | 06:38 | 06:28 | 06:30 |
| 14214 | अयोध्या जं. | 08:45 | 09:10 | 08:40 | 09:05 |
| 14650 | अयोध्या जं. | 08:51 | 08:53 | 08:48 | 08:50 |
| 13307 | अयोध्या जं. | 10:18 | 10:20 | 09:43 | 09:45 |
| 13238 | अयोध्या जं. | 09:56 | 09:58 | 09:48 | 09:50 |
| 13010 | अयोध्या जं. | 11:36 | 11:38 | 11:33 | 11:35 |
| 13308 | अयोध्या जं. | 13:54 | 13:55 | 13:47 | 13:48 |
| 13009 | अयोध्या जं. | 13:56 | 13:58 | 13:53 | 13:55 |
| 18205 | अयोध्या जं. | 15:58 | 16:00 | 15:46 | 15:48 |
| 14232 | अयोध्या जं. | 15:58 | 16:00 | 15:53 | 15:55 |
| 13237 | अयोध्या जं. | 19:48 | 19:50 | 19:42 | 19:44 |
| 14853 | अयोध्या जं. | 20:34 | 20:36 | 20:26 | 20:28 |
| 13152 | अयोध्या जं. | 20:58 | 21:00 | 20:51 | 20:53 |
| 15102 | अयोध्या जं. | 23:28 | 23:30 | 22:48 | 22:50 |
| 14854 | अयोध्या कैंट | 04:30 | 04:35 | 04:20 | 04:25 |
| 15116 | अयोध्या कैंट | 04:30 | 04:35 | 04:20 | 04:25 |
| 14018 | अयोध्या कैंट | 06:10 | 06:15 | 06:05 | 06:10 |
| 12226 | अयोध्या कैंट | 06:38 | 06:40 | 06:35 | 06:37 |
| 14236 | अयोध्या कैंट | 01:05 | 01:13 | 01:00 | 01:08 |
| 15101 | अयोध्या कैंट | 01:10 | 01:15 | 01:05 | 01:15 |
| 15715 | अयोध्या कैंट | 01:40 | 01:45 | 01:35 | 01:40 |
| 15933 | अयोध्या कैंट | 02:10 | 02:12 | 02:05 | 02:07 |
| 15083 | अयोध्या कैंट | 03:20 | 03:25 | 03:15 | 03:20 |
| 15053 | अयोध्या कैंट | 03:50 | 03:58 | 03:45 | 03:53 |
| 19167 | अयोध्या कैंट | 03:55 | 04:08 | 03:50 | 04:00 |
| 19165 | अयोध्या कैंट | 03:55 | 04:08 | 03:50 | 04:00 |
| 14234 | अयोध्या कैंट | 04:05 | 04:15 | 04:02 | 04:12 |
| 19054 | अयोध्या कैंट | 06:33 | 06:41 | 06:00 | 06:05 |
| 13151 | अयोध्या कैंट | 07:50 | 07:58 | 07:25 | 07:30 |
| 14650 | अयोध्या कैंट | 08:30 | 08:35 | 08:23 | 08:31 |
| 13238 | अयोध्या कैंट | 09:35 | 09:40 | 09:25 | 09:30 |
| 13307 | अयोध्या कैंट | 11:05 | 11:13 | 10:30 | 10:35 |
| 15023 | अयोध्या कैंट | 12:10 | 12:15 | 12:05 | 12:10 |
| 15668 | अयोध्या कैंट | 13:25 | 13:27 | 13:18 | 13:20 |
| 15636 | अयोध्या कैंट | 13:25 | 13:27 | 13:18 | 13:20 |
| 13009 | अयोध्या कैंट | 14:25 | 14:30 | 14:20 | 14:25 |
| 18205 | अयोध्या कैंट | 15:25 | 15:35 | 14:50 | 15:00 |
| 15623 | अयोध्या कैंट | 16:30 | 16:35 | 16:20 | 16:30 |
| 19053 | अयोध्या कैंट | 16:30 | 16:35 | 16:20 | 16:30 |
| 19615 | अयोध्या कैंट | 16:30 | 16:35 | 16:20 | 16:30 |
| 19322 | अयोध्या कैंट | 19:08 | 19:10 | 19:05 | 19:10 |
| 13237 | अयोध्या कैंट | 20:15 | 20:20 | 20:10 | 20:20 |
| 14853 | अयोध्या कैंट | 20:55 | 21:00 | 20:48 | 20:56 |
| 15624 | अयोध्या कैंट | 22:20 | 22:25 | 22:15 | 22:20 |
| 14649 | अयोध्या कैंट | 22:20 | 22:25 | 22:15 | 22:20 |
| 15084 | अयोध्या कैंट | 22:50 | 22:55 | 22:45 | 22:50 |
| 15102 | अयोध्या कैंट | 23:00 | 23:10 | 22:10 | 22:20 |
| 15128 | प्रतापगढ़ जं. | 00:55 | 01:00 | 00:50 | 00:55 |
| 14229 | प्रतापगढ़ जं. | 01:03 | 01:08 | 01:00 | 01:05 |
| 14230 | प्रतापगढ़ जं. | 04:55 | 05:00 | 04:45 | 04:50 |
| 22183 | प्रतापगढ़ जं. | 05:41 | 05:46 | 05:35 | 05:40 |
| 13430 | प्रतापगढ जं. | 06:12 | 06:17 | 05:50 | 05:55 |
| 12539 | प्रतापगढ़ जं. | 06:25 | 06:30 | 06:15 | 06:20 |
| 14234 | प्रतापगढ़ जं. | 07:00 | 07:07 | 06:25 | 06:30 |
| 04381 | प्रतापगढ़ जं. | 08:23 | 08:28 | 08:20 | 08:25 |
| 14204 | प्रतापगढ़ जं. | 09:48 | 09:50 | 09:45 | 09:47 |
| 12875 | प्रतापगढ़ जं. | 09:46 | 09:51 | 09:43 | 09:48 |
| 22129 | प्रतापगढ़ जं. | 10:14 | 10:16 | 10:12 | 10:14 |
| 04256 | प्रतापगढ़ जं. | 10:55 | 11:00 | 10:40 | 10:45 |
| 13005 | प्रतापगढ़ जं. | 11:35 | 11:40 | 11:25 | 11:30 |
| 15120 | प्रतापगढ़ जं. | 11:40 | 11:45 | 11:15 | 11:20 |
| 12356 | प्रतापगढ़ जं. | 13:10 | 13:15 | 13:05 | 13:10 |
| 22683 | प्रतापगढ़ जं. | 14:25 | 14:30 | 14:10 | 14:15 |
| 15127 | प्रतापगढ़ जं. | 16:08 | 16:13 | 16:05 | 16:10 |
| 22130 | प्रतापगढ़ जं. | 16:20 | 16:22 | 16:18 | 16:20 |
| 15108 | प्रतापगढ़ जं. | 16:38 | 16:40 | 16:35 | 16:40 |
| 18206 | प्रतापगढ़ जं. | 17:35 | 17:45 | 17:05 | 17:10 |
| 12876 | प्रतापगढ़ जं. | 18:15 | 18:20 | 18:00 | 18:05 |
| 04255 | प्रतापगढ़ जं. | 18:30 | 18:35 | 18:25 | 18:30 |
| 14232 | प्रतापगढ़ जं. | 18:33 | 18:37 | 18:20 | 18:25 |
| 14865 | प्रतापगढ़ जं. | 20:25 | 20:30 | 20:20 | 20:25 |
| 04382 | प्रतापगढ़ जं. | 20:27 | 20:32 | 20:25 | 20:30 |
| 22684 | प्रतापगढ़ जं. | 22:00 | 22:05 | 21:45 | 21:50 |
| 12540 | प्रतापगढ़ जं. | 23:25 | 23:30 | 23:20 | 23:25 |
| 14234 | सुलतानपुर जं. | 05:28 | 05:30 | 05:25 | 05:27 |
| 22183 | सुलतानपुर जं. | 06:40 | 06:45 | 06:25 | 06:30 |
| 04107 | सुलतानपुर जं. | 07:30 | 07:35 | 07:25 | 07:30 |
| 04381 | सुलतानपुर जं.. | 09:33 | 09:38 | 09:25 | 09:30 |
| 22129 | सुलतानपुर ज. | 10:56 | 10:58 | 10:54 | 10:56 |
| 18205 | सुलतानपुर जं. | 13:20 | 13:25 | 13:15 | 13:20 |
| 22130 | सुलतानपुर जं. | 15:40 | 15:42 | 15:38 | 15:40 |
| 18206 | सुलतानपुर जं. | 16:20 | 16:30 | 16:15 | 16:25 |
| 14232 | सुलतानपुर जं. | 17:35 | 17:40 | 17:25 | 17:30 |
| 04382 | सुलतानपुर जं. | 19:20 | 19:25 | 19:15 | 19:20 |
| 04108 | सुलतानपुर जं. | 20:25 | 20:30 | 19:35 | 19:40 |
| 14308 | रायबरेली जं. | 00:23 | 00:25 | 00:20 | 00:25 |
| 14229 | रायबरेली जं. | 02:40 | 02:45 | 02:35 | 02:40 |
| 12174 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 13167 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 14003 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 14259 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 13429 | रायबरेली जं. | 03:35 | 03:40 | 03:30 | 03:35 |
| 14307 | रायबरेली जं. | 03:55 | 04:00 | 03:52 | 03:57 |
| 14123 | रायबरेली जं. | 06:10 | 06:12 | 06:01 | 06:03 |
| 14512 | रायबरेली जं. | 06:30 | 06:35 | 06:25 | 06:30 |
| 12539 | रायबरेली जं. | 08:00 | 08:05 | 07:45 | 07:50 |
| 14204 | रायबरेली जं. | 08:18 | 08:20 | 08:15 | 08:17 |
| 14215 | रायबरेली जं. | 08:15 | 08:20 | 08:05 | 08:10 |
| 14210 | रायबरेली जं. | 09:05 | 09:07 | 09:03 | 09:05 |
| 15107 | रायबरेली जं. | 09:20 | 09:25 | 09:10 | 09:15 |
| 12875 | रायबरेली जं. | 11:23 | 11:28 | 11:15 | 11:20 |
| 12356 | रायबरेली जं. | 11:33 | 11:35 | 11:30 | 11:32 |
| 13005 | रायबरेली जं. | 13:20 | 13:25 | 13:15 | 13:20 |
| 15119 | रायबरेली जं. | 13:35 | 13:40 | 13:30 | 13:35 |
| 12355 | रायबरेली जं. | 15:18 | 15:20 | 15:10 | 15:12 |
| 22683 | रायबरेली जं. | 16:00 | 16:05 | 15:40 | 15:45 |
| 12173 | रायबरेली जं. | 17:00 | 17:02 | 16:58 | 17:00 |
| 14209 | रायबरेली जं. | 17:24 | 17:26 | 17:23 | 17:25 |
| 15127 | रायबरेली जं. | 17:55 | 18:00 | 17:45 | 17:50 |
| 14207 | रायबरेली जं. | 19:30 | 19:35 | 19:25 | 19:30 |
| 12184 | रायबरेली जं. | 20:40 | 20:45 | 20:35 | 20:40 |
| 14124 | रायबरेली जं. | 20:45 | 20:47 | 20:33 | 20:35 |
| 04255 | रायबरेली जं. | 21:00 | 21:05 | 20:50 | 20:55 |
| 14203 | रायबरेली जं. | 21:14 | 21:16 | 21:12 | 21:14 |
| 14865 | रायबरेली जं. | 22:15 | 22:20 | 21:55 | 22:00 |
| 04362 | ऋषिकेश | --- | 07:50 | --- | 07:45 |
| 04366 | मुरादाबाद | --- | 07:30 | --- | 07:25 |
| 04226 | मुरादाबाद | --- | 07:55 | --- | 07:45 |
| 04370 | रोज़ा जं. | --- | 06:15 | --- | 06:00 |
| 04380 | बरेली जं. | --- | 18:50 | --- | 18:35 |
| 05396 | शाहजहांपुर | --- | 07:00 | --- | 06:40 |
| 04547 | अम्बाला | --- | 13:10 | --- | 12:15 |
| 52452 | शिमला | --- | 18:05 | --- | 17:40 |
| 52454 | शिमला | --- | 18:45 | --- | 18:15 |
| 04755 | बठिण्डा जं. | --- | 07:25 | --- | 06:55 |
| 09750 | बठिण्डा जं. | --- | 14:15 | --- | 14:00 |
| 14510 | बठिण्डा जं. | --- | 18:25 | --- | 18:10 |
| 14546 | सहारनपुर | --- | 06:20 | --- | 06:15 |
| 04402 | सहारनपुर | --- | 13:25 | --- | 13:00 |
| 04373 | सहारनपुर | --- | 13:55 | --- | 13:45 |
| 04522 | सहारनपुर | --- | 18:15 | --- | 18:00 |
| 04523 | सहारनपुर | --- | 16:40 | --- | 16:35 |
| 04765 | धूरी जं. | --- | 04:10 | --- | 04:05 |
| 04572 | धूरी जं. | --- | 05:10 | --- | 05:00 |

उपरोक्त जानकारी के अलावा उत्तर रेलवे द्वारा 100 रेल सेवाओं को 3 मिनट से लेकर 55 मिनट तक का गतिवर्धन (स्पीडिंगअप) किया गया है।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दर्खें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव

जन एक्सप्रेस । महोबा

चरखारी नगर में गरीब बच्चों की शिक्षा हेतु लगभग तीन दर्जन सरकारी स्कूल प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किया जा रहे हैं परंतु इन विद्यालय में शिक्षकों का अभाव इतना है कि कुछ विद्यालय शिक्षामित्र के सहारे चल रहे हैं। वहीं कार्यालय नगर क्षेत्र भी अपने चहेते शिक्षकों को चार-चार-6- 6 विद्यालयों का वित्तीय चार्ज देकर मनमानी करा रहे हैं। जबकि यदि ईमानदारी से शिक्षकों को समान भाव से देखकर विद्यालयों का आवंटन किया जाए तो एक शिक्षक के हिस्से में दो या तीन विद्यालय पढ़ने नजर आ रहे हैं। लोगों के सवाल है कि, आखिर कुछ शिक्षक एकल विद्यालय संचालित कर रहे हैं तो कुछ शिक्षकों के पास आधा दर्जन विद्यालयों की जिम्मेवारी दी गई है। पिछले दिनों मिडे मील को लेकर एक शिक्षक और पालिका परिषद के मेंबर और शिक्षक का विवाद जिलाधिकारी की चैखट पर पहुंचा और अखबारों की सुर्खियां बटोरी वहीं खंड शिक्षाधिकारी का कहना है की सरकार के शासनादेश के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों को नगर क्षेत्र में अस्थाई तौर पर तैनात नहीं किया जा सकता है। अब यह सवाल उठता है कि यदि नगर क्षेत्र में शिक्षक की नहीं होंगे तो नगर के गरीब बच्चों की शिक्षा व्यवस्था कैसे चलेगी ? वहीं नगर में दर्जनों विद्यालय शिक्षकों के अभाव में दम तोड़ते दिखलाई पड़ रहे हैं तो दूसरी ओर विद्यालयों की व्यवस्था दुरुस्त रखने की जिम्मेदार अपने चाहतों को आधा आधा दर्जन विद्यालयों का प्रभार देकर अपनी पोबारह कर रहे हैं। पिछले दिनों आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण गोपाल थपक ने बरसों से जमीन कार्यालय नगर क्षेत्र के प्रभारी के विरोध जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर नगर से बाहर तैनात करने की शिकायत की थी ,परंतु विभागीय अधिकारियों ने कार्यालय प्रभारी से शॉर्टकट कर कुछ दिनों के लिए महोबा कार्यालय से संबंध भी किया था। परंतु मामला शांत होने के पश्चात फिर से इस पटल पर तैनाती दे दी गई जिससे नगर की शिक्षा व्यवस्था एकदम ध्वस्त हो गई। नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी जानकारी के अभाव में हमेशा ही शिक्षकों के अभाव का रोना रोती रहती हैं जबकि नगर में बेसिक शिक्षा विभाग की बेसिक शिक्षा बद से बत्तर होती जा रही है और कोढ़ में खाज यह है कि एक। शिक्षक को आधा -आधा दर्जन विद्यालयों की जिम्मेवारी होने के कारण मिडुमील भी बच्चों को सही तरीके से नहीं मिल पाता है।

## भव्य भंडारा का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/बरहज देवरिया।** श्री धाम बारीपुर कुटी के महन्त श्री श्री 108 श्री शिवचरन दास जी महाराज और उत्तराधिकारी श्री गोपाल दास जी महाराज द्वारा अयोध्या में भंडारे का आयोजन किया गया ।अयोध्या श्री राम लला की नगर में मणि पर्वत, पौहारी आश्रम, श्री धाम अयोध्या में श्री राम लला के नव निर्मित मन्दिर में पूर्व विराजमान होने की खुशी में भव्य भंडारा का आयोजन देवभूमि देवरिया श्री धाम बारीपुर कुटी के महन्त श्री श्री 108 श्री शिवचरन दास जी महाराज और उत्तराधिकारी श्री गोपाल दास जी महाराज जी के द्वारा अयोध्या के लगभग सभी साधु सन्तों को भंडारा कराया गया, ।इस दौरान छोटी छावनी के महंत श्री नृत्य गोपाल दास महाराज जी के कृपा पात्र शिष्य श्री कमल नयन दास महाराज जी उपस्थित रहे और साथ में और में अन्य दिव्य विभूतियाँ उपस्थित रहे,

# पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, न्याय का दिया भरोसा

जन एक्सप्रेस । महोबा




पीड़ित, शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज शनिवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों, जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें। लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# भूसा खरीद मामले में तत्कालीन अध्यक्ष सहित तीन पर भ्रस्टाचार का आरोप

जन एक्सप्रेस । उरई

**✻ डीएम के आदेश पर एसडीएम कालपी ने की जांच**

गौशाला कदौरा की लगातार शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय पर उपजिलाधिकारी कालपी द्वारा जांच करायी गयी। उपजिलाधिकारी कालपी द्वारा साक्ष्यों के आधार पर की गयी।
विवेचना में गौशाला हेतु स्थानीय कृषकों से क्रय किये गये भूसा व हरा चारा की धनराशि सीधे आपूर्तिकर्ता के खाते में अन्तरित न करके निकाय के कर्मचारियों के खाते में अन्तरण कर वित्तीय अनियमित्ता किया जाना परिलक्षित है। जिसके लिये अमीर आलम, तत्कालीन अध्यक्ष नगर पंचायत कदौरा पवन किशोर, तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत कदौरा राधा बल्लभ चतुर्वेदी, सम्बद्ध लिपिक नगर पंचायत कदौरा तथा भरत सिंह गौशाला प्रभारी/स्थायी सफाईकर्मी नगर पंचायत कदौरा प्रथम दृष्ट्या उत्तरदायी प्रतीत होते हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये राज्य वित्त निधि से प्राप्त धनराशि के अंश 02 लाख 29 हजार 209 रूपये को निकाय से कर्मी भरत सिंह के खाते में तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी एवं अध्यक्ष नगर पंचायत कदौरा की अनुमति प्राप्त कर पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से अन्तरित किया जाना प्रमाणित पाया गया। उक्त गम्भीर वित्तीय अनियमित्ता के दृष्टिगत प्रकरण में संलिप्त सभी संबंधित के विरूद्ध प्रभागीय कार्यवाही हेतु शासन को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

# एनसीसी कैडेट ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर चलाया स्वच्छता अभियान

जन एक्सप्रेस । कालपी

**✻ की अपने आस पास साफ-सफाई रखने की अपील**

नगर के एमएसवी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने 58 यूपी बटालियन के कर्नल निलेश कुमार झा, सूबेदार मेजर सुरेंद्र कुमार सूबेदार घनाराम के निर्देशन में एनसीसी क्रेडिट के द्वारा देश के क्रांतिकारी तथा महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चला कर उनको नमन किया। शनिवार को नगर में महापुरुषों की प्रतिमाओ डॉ भीमराव अंबेडकर एवं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया और स्वच्छता अभियान चलाया कैडेट्स ने नगर वासियों से अपने आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील द्विवेदी, सीटीओ राहुल कुमार बीएचएम श्रीप्रसाद, हवलदार विनोद राना, भौतिक प्रवक्ता आनंद शर्मा, एनसीसी कैडेट हार्दिक गोयल नैंसी माया राघवेंद्र दीक्षा आदि अन्य एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।



# खराब फसल देख किसान की मौत

जन एक्सप्रेस । कालपी

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम भदरेखी में खेत में फसल खराब देखकर किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम भदरेखी निवासी किसान ब्रह्मप्रकाश 42 वर्ष बटाई पर खेत लेकर किसानी करता था। बताया गया है कि वह शुक्रवार को अपने खेत पर गया था। तभी खेत में खड़ी पिपरमेंट की फसल खराब देखकर सदमा लग गया और घर आते ही उनके सीने में दर्द होने लगा। अचानक हालत बिगड़ते देख परिजन घवरा गए और उसे अस्पताल ले गए। जहां पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक किसान के भाई रामसजीवन ने बताया कि वह बटाई पर खेती कर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनकी तीन पुत्रियां व दो पुत्र हैं। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी गुड्डी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दहेज हत्या में सास ससुर और पति समेत आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । उरई

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम भदरेखी में हुई नवविवाहिता की मौत मामले में मायके पक्ष ने दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाते हुए ससुराल वालों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। तहरीर पर पुलिस ने सास ससुर व पति समेत 8 लोगों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर उनकी तलाश शुरू कर दी।
जिला हमीरपुर के ग्राम बेरी कुपरा निवासी बाबूराम अहिरवार ने आटा थाना में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि मैने अपनी पुत्री राखी 25 वर्ष की शादी 2021 में आटा थाना क्षेत्र के भदरेखी निवासी कालका प्रसाद के पुत्र राजेन्द्र से की थी। शादी के दो महीने बाद से ही ससुर कालका प्रसाद, सास प्रेमा देवी, पति राजेन्द्र, जेठ अरविंद व उसकी पत्नी राधा, जीत सिंह व उसकी पत्नी शील व बीरू अतिरिक्त दहेज के लालच में आए दिन मारपीट करते थे। बताया कि बीते शुक्रवार को राखी की उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। घटना की खबर ग्राम भदरेखी में रह रही मृतका की बुआ द्वारा पीड़ित को दी गई थी। फिलहाल पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर ससुराल पक्ष के आठ सदस्यों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शरू कर दी है। मामले में सीओ कालपी देवेंद्र पचौरी ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर सास ससुर पति समेत आठ पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। राजेन्द्र की तलाश के लिए पुलिस उसके सभी ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## सीडीओ ने सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत की दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस/उरई।** मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अर्न्तगत दिनांक 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत शपथ दिलाये जाने के सम्बन्ध में बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अर्न्तगत दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को स्वच्छ भारत शपथ दिलाई जानी है। दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को गांधी जयन्ती के अवसर पर विकास खण्ड मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों एवं नागरिकों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छ भारत शपथ दिलाना सुनिश्चित करें साथ ही समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित होने कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छ भारत शपथ दिलाये जाने हेतु सम्बन्धित ग्राम स्तरीय कर्मचारियों को भी निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़

कस्बे के मोहल्ला मैथलीशरण में युवक ने संदिग्ध पस्थितियों के चलते कमरे में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
माधौगढ़ कस्बे के मोहल्ला मैथलीशरण निवासी मोतीलाल कुशवाहा के शतांन नही थी। बताया गया कि 12 साल पहले मध्य प्रदेश के दतिया स्थित अनाथालय से लगभग 7 साल का हरी कुशवाहा को घर ले आए थे। जबकि चार साल पहले मोतीलाल कुशवाहा व पत्नी मुन्नी देवी की मौत हो गई थी। इसके बाद चार साल से हरी कुशवाहा 19 वर्ष घर में अकेला रह रहा था। शुक्रवार रात उसने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते कमरे में गमछा बांधकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों ने चचेरे चाचा लखन कुशवाहा व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को उतारकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में कोतवाल समीर कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की सही जानकारी हो सकेगी। फिलहाल मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## सेवानिवृत्त हुए उ0नि0 सहित आरक्षी को दी भावुक विदाई



**जन एक्सप्रेस/महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले दो पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में उनको स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा किये गये सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उनके उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनों के साथ भावुक विदाई दी गयी।

# पुलिस ने स्कार्पियो सहित पांच बदमाशों को दबोचा

जन एक्सप्रेस । देवरिया



महानन्द सिंह यादव भटनी थाने में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। 20 सितम्बर को उनकी ड्यूटी बिहार सीमा से सटे केरवनिया बैरियर पर थी। भोर में करीब पौने चार बजे बिहार की तरफ से आ रही स्कार्पियों को महानंद सिंह यादव और उनके साथ ड्यूटी कर रहे होमगार्ड शशिभूषण ने रोका तो भागने के प्रयास में स्कार्पियो सवारों ने कांस्टेबल महानंद सिंह यादव की जान ले ली थी। तभी से स्कार्पियों, उसके मालिक समेत अन्य बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही थी। शनिवार को भटनी के प्रभारी थानेदार दीपक कुमार भोर में गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें केरवनिया बैरियर की घटना में शामिल स्कार्पियों के बारे में जानकारी मिली। प्रभारी थानेदार पुलिस टीम के साथ चांदपार रेलवे अंडरपास के समीप पहुंच स्कार्पियो का पीछा करने लगे।पुलिस को देख कर बदमाश गाड़ी मोड़ कर तेज स्पीड में देवरिया की तरफ भागने लगे। प्रभारी थानेदार ने इसकी सूचना कंट्रोल रुम को दिया। कंट्रोल रुम की सूचना पर एसओजी और सदर कोतवाली पुलिस ने सलेमपुर-देवरिया फोरलेन पर मुण्डेरा गांव के समीप घेराबंदी कर दिया। इसी बीच सलेमपुर की तरफ से आते हुए एक स्कार्पियों दिखाई दी। पुलिस ने रोकना चाहा तो उसमें सवार बदमाशों ने फायरिंग करते हुए पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास किया। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने कूद कर अपनी जान बचाई। इसी बीच बदमाशों की गाड़ी सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। गाड़ी से उतर कर भागते समय भी बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग का प्रयास किया इस दौरान गोली तमंचा में फंस गई। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने स्कार्पियों सवार पांच बदमाशों को दबोचते हुए गाड़ी कब्जे में ले लिया।

# अवैध तमंचा सहित युवक बंदी

जन एक्सप्रेस । महोबा

थाना पनवाड़ी पुलिस ने आकाश पुत्र हरिप्रकाश श्रीवास उम्र 25 वर्ष को अवैध असलहा रखने के आरोप मे बंदी बनाकर जेल भेजा है। थाना पनवाड़ी पुलिस ने बताया कि आकाश पुत्र हरि प्रकाश निवासी ग्राम जखा थाना पनवाड़ी को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बुडेरा तिराहे से 12 बोर के अवैध असलहे सहित बंदी बनाकर जेल भेजा है।




## क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के केंद्रीय कमेटी का गठन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के केंद्रीय कमेटी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष कमल पटेल ने सूची जारी करते हुए मुक्तेश्वर दूबे को उपाध्यक्ष, मनोज यादव को महासचिव, जगन्नाथ यादव को मंत्री, दयाशंकर सिंह को कोषाध्यक्ष, मनोज शुक्ला को प्रवक्ता, सुरेश प्रसाद को संयुक्त मंत्री और चंदन वर्मा, रितेश पटेल, रजनीश पटेल, जया पांडेय, भारत भूषण श्रीवास्तव, राकेश मद्धेशिया, सुधाकर दूबे, सुधेंद्र पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है।

# छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को 6 साल की सजा, 30 हजार का लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस । उरई

न्यायालय में विचाराधीन छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को 6 साल की सजा सुनाई गई।न्यायाधीश ने गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाया और 30 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।
चुर्खी थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते वर्ष 2021 की 10 अप्रैल को 8 साल की किशोरी से गांव के ही युवक पुष्पेंद्र ने छेड़छाड़ की थी। जिसे लेकर किशोरी के पिता ने आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता ब्रजराज सिंह राजपूत ने बताया कि इस मामले की सुनवाई पोक्सो एक्ट कोर्ट के जज डॉक्टर अवधेश कुमार कर रहे थे।
न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर मामले का दोषी पुष्पेंद्र को पाया और उसे 6 साल की सजा सुनाई। इतना ही नहीं बल्कि आरोपित पर 30 हज़ार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

# गैंगस्टर मामले में दो लोगों को हुआ दो-दो वर्ष का कारावास

जन एक्सप्रेस । उरई

न्यायालय के एडीजी कोर्ट में ट्रायल पर चल रहे गैंगस्टर मामले में न्यायाधीश ने आरोप सिद्ध हो जाने के बाद दो लोगों को दो-दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच पांच हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया। जगदीश मामले की तीसरी आरोपी की मौत हो चुकी है। कदौरा थाने की तत्कालीन थानाध्यक्ष रमाकांत शुक्ला ने बीते वर्ष 1999 में गैंगस्टर मामले में छक्कू व मल्लू निवासीगण ग्राम बड़ागांव के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। जिनके खिलाफ पुलिस ने बीते वर्ष 2012 में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। जिसकी सुनवाई एडीजे कोर्ट में चल रही थी। एडीजी कोर्ट के न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर छक्कू व मल्लू को दोषी पाते हुए दो-दो साल कारावास की सजा सुनाई। इतना ही नहीं बल्कि दोनों लोगों पर पांच- पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। जबकि इस मामले के तीसरे आरोपी जागे की मौत हो चुकी थी।

## अवैध असलहाधारी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** थाना चरखारी पुलिस ने अवैध असलहाधारी युवक को ग्राम सूपा तिराहे से बंदी बनाकर जेल भेजा है। थाना चरखारी पुलिस ने बताया कि टिंकू बाबा पुत्र हरप्रसाद उम्र 28 निवासी अग्रसेन भोजन के पीछे प्राईवेट बस स्टैण्ड महोबा किसी गम्भीर बारदात को अंजाम देने के लिए सूपा तिराहे पर खड़ा हुआ था। मुखबिर की सूचना पर थाना चरखारी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टिंकू बाबा को 315 बोर के अवैध असलहे तथा 1 जिंदा कारतूस सहित बंदी बनाकर जेल की हवा खिलाई है।

# अज्ञात महिला की हत्या कर शव गद्दे में और पैर बैग में मिला

जन एक्सप्रेस । भलुअनी/देवरिया

बेलडाड़ कठिनईया मार्ग पर मुंडेरा गांव के पुलिया के पास शनिवार की सुबह लोगों ने गद्दा और बैग बिखरा देखा। दुर्गंध आने पर इसकी सूचना भलुअनी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची भलुअनी पुलिस गद्दे की जांच की तो उसमें एक महिला का शव लिपटा मिला। बैग में महिला का कटा दोनों पैर पैक किया हुआ था। शव से दुर्गंध उठ रहा था, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है की दो-तीन दिन पूर्व हत्या कर शव को छिपाने की नीयत से लाकर फेंक दिया गया था।शव को जिस तरह गद्दे, चादर और बैग में पैक कर फेंका गया है। इससे प्रतीत होता है कि हत्यारों ने बेरहमी से कत्ल किया है। महिला के शरीर पर सिर्फ अंतःवस्त्र ही थे। जिससे कई तरह की चर्चाएं है। महानगरों की स्टाइल में पहली बार ग्रामीण इलाके में इस तरह से मिले शव को देख लोगों में सनसनी है। पुलिस की जांच के बाद ही महिला की हत्या का राज खुल सकेगा और निर्मम हत्या करने वाले चेहरे सामने आ सकेंगे।

## पंडित मुक्तेश्वर दुबे हुए क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के केंद्रीय कमेटी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष कमल पटेल ने सूची जारी करते हुए मुक्तेश्वर दूबे को उपाध्यक्ष, मनोज यादव को महासचिव, जगन्नाथ यादव को मंत्री, दयाशंकर सिंह को कोषाध्यक्ष, मनोज शुक्ला को प्रवक्ता, सुरेश प्रसाद को संयुक्त मंत्री और चंदन वर्मा, रितेश पटेल, रजनीश पटेल, जया पांडेय, भारत भूषण श्रीवास्तव, राकेश मद्धेशिया, सुधाकर दूबे, सुधेंद्र पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है।

# नेपाल देश में भारतीय पर्यटकों व व्यापारियों की अब और बढ़ेगी मुश्किलें

**✻ अब नेपाल लेकर नहीं जा सकेंगे 100 रुपए से अधिक का भारतीय नोट**

**जन एक्सप्रेस । अशोक उपाध्याय**

**भारत नेपाल सीमा/बहराइच।** भारतीय मुद्रा को लेकर नेपाल सरकार का नया फरमान जारी हो चुका है। अब आप 5000 रुपए से अधिक लेकर नेपाल नहीं जा सकते हैं। सभी नोट ?100 और उससे छोटे नोटों की शक्ल में होंगे। वहीं बड़े नोटों को लेकर जाने की अब अनुमति नहीं मिलेगी। इसके पीछे कारण यह भी माना जा रहा है कि भारत सरकार ने 2000 के नोटों के प्रचलन पर प्रतिबंध लगा दिया है। 30 सितंबर 2000 के नोटों को बैंकों में जमा करने और बदलने की आखिरी तारीख थी। इससे पूर्व नेपाल राष्ट्र बैंक ने बड़ा फैसला लिया है। नेपाल जाने पर भारतीय नागरिक अधिकतम 5 हजार और नेपाल से भारत आने वाले नागरिक 25000 रुपए तक ले जा सकते हैं। नेपाल सरकार के नए आदेश के बाद सीमावर्ती बंजारों का कारोबार बड़े पैमाने पर प्रभावित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के व्यापारी सकते में है।भारत-नेपाल एक दूसरे के पड़ोसी होने के साथ हीं साथ सामाजिक व धार्मिक रूप से भी एक दूसरे के काफी करीब है। लेकिन हाल के दिनों में नेपाल सरकार द्वारा नये-नये फरमान जारी किए जा रहे हैं। जिससे भारत के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को अधिक परेशान होना पड़ रहा है। अब नेपाल में भारतीय मुद्रा को लेकर नेपाल सरकार द्वारा एक फरमान जारी किया गया है। इस फरमान के बाद भारतीय लोगों में परेशानी की स्थिति बन गई है। नेपाल में जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक वहां पांच हजार से ज्यादा रुपये लेकर कोई नहीं जा सकता है। पकड़े जाने पर कार्रवाई हो सकती है।

### नेपाल राष्ट्र बैंक की अधिसूचना

**बहराइच।** नेपाल राष्ट्र बैंक ने भारतीय करेंसी को लेकर नई अधिसूचना जारी कर दी है। नेपाल राष्ट्र बैंक की ओर से जारी अधिसूचना में भारत से नेपाल आते समय भारतीय मुद्रा पांच हजार तक ही लेकर जाने का निर्देश जारी किया गया है। सभी नोट ?100 या उससे नीचे के नोटों की शक्ल में होंगे। इससे अधिक के नोट ले जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधिसूचना में स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित दर वाले नोट नहीं रखने व नेपाल के अंदर नेपाली मुद्रा में ही लेन देन करने का जिक्र है। इस अधिसूचना में नेपाल सीमा शुल्क कार्यालय को भी आगाह करने की बात कही गई है। अधिसूचना में नेपाल के नागरिकों को भारत आने के लिए 25 हजार रुपये तक नकद लेकर आने की अनुमति है। चिकित्सा कारणों से ये रकम 50 हजार रुपये हो सकती है। नेपाली नागरिक मनी चेंजर से 25 हजार रुपये तक की समान सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं।

### क्या कहते हैं जानकार

**बहराइच।** भारत व नेपाल के बीच पुरानी धार्मिक, आध्यात्मिक, आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक संबंध है। जानकारों का कहना है कि नेपाल राष्ट्र बैंक के इस आदेश का दोनों देशों के सीमा क्षेत्र के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। नेपाल के पर्यटन क्षेत्र में भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। नेपाल पर्यटन का बड़ा केंद्र है। प्रतिवर्ष सर्वाधिक भारतीय पर्यटक नेपाल जाते हैं। पर्यटकों के माध्यम से नेपाल सरकार को काफी राजस्व मिलता है। ऐसे में नेपाल आने वाले पर्यटकों को मनी चेंजर के माध्यम से करेंसी को बदलना होगा। इस आदेश के बाद सीमा क्षेत्र में छोटे भारतीय नोटों के कमी होने की संभावना भी प्रबल हो जायेगी। इसका असर व्यापार पर पड़ेगा। इस आदेश के बाद नेपाल व भारतीय सीमा क्षेत्र के कारोबारी परेशान हैं।

### सीमावर्ती क्षेत्र के बाजार पर प्रभाव

**बहराइच।** भारत नेपाल के बीच खुला आवागमन है। किसी तरह के वीजा व पासपोर्ट की आवश्यकता नहीं होती। दोनों देशों के सीमा क्षेत्र के लोग एक दूसरे देश में जाकर व्यापार व कारोबार करते रहे हैं। हालात यह है कि सीमावर्ती भारतीय बाजार में नेपाली करेंसी तो नेपाल के बाजार में भारतीय करेंसी का धड़ल्ले से प्रचलन होते आया है।

## जिला न्यायालय में आहूत हुई एक नया सवेरा की एडवाइजरी कमेटी के सदस्यों की बैठक

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला जज शैलेन्द्र सिंह यादव के संचालन में प्रारंभ प्रोजेक्ट 卐एक नया सवेरा卐 जिसमें बालक बालिकाओं के अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा वह संवैधानिक अधिकारों के विषय में जागरूक किया जाएगा के अंतर्गत आज प्रोजेक्ट मैनेजर श्वेता राज सिंह द्वारा आहूत हुई बैठक। बैठक में एडवाइजरी कमेटी के सदस्यों ने किया प्रतिभाग जिनमे साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य प्रदीप खरे, यूनिवर्सिटी के लॉ डिपार्टमेंट के डीन डॉ अशोक कुमार राय की प्रतिनिधि के तौर पर डॉ वंदना गुप्ता, ओम प्रकाश सिंह, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक राजेश चौबे, शिक्षाविद ए एन त्रिपाठी, व पत्रकार पवन कुमार मिश्रा उपस्थिति रहे। बैठक में प्रोजेक्ट के विस्तार और एक्शन कमिटी के गठन पर चर्चा हुई। जल्द ही जोड़े जाएंगे समान्य नागरिक। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया की ये जन जन की योजना है तो पूरे समाज को जुड़ कर कार्य करना होगा और प्राधिकरण का उदेश्य है कि प्रत्येक नागरिक जागरूक हो।

# देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंडलीय समीक्षा बैठक

**विकास कार्यों में तेजी लाने के मंडलीय अधिकारियों को दिए निर्देश, आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए तैयारी को पूरा करने का दिया निर्देश**

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




शनिवार को विकास कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई बैठक में उन्होंने मंडलीय अधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंडल में विद्युत आपूर्ति में और सुधार किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जनमानस की विद्युत को लेकर समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। वहीं कृषि विभाग द्वारा मंडल में बीज के डीबीटी में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की मनरेगा के कार्यों की गहनता के साथ जांच की जाए। उन्होंने कहा की मंडल में बलरामपुर,बहराइच और श्रावस्ती अकांक्षात्मक जनपद में शामिल है , यहां स्वास्थ्य,शिक्षा में काफी सुधार की सम्भावना है, इसके लिए चिकित्सालयो में डॉक्टरों की उपस्थिति एवं परिषदीय विद्यालयों में शिक्षको की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा की परिषदीय विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष बच्चो की शतप्रतिश उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए।

### सड़कों पर ना दिखे छुट्टा जानवर, सफाई का चलाया जाए विशेष अभियान

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा की सड़को पर छुट्टा जानवर/गोवंश ना दिखे, निराश्रित गोवंश स्थलों पर क्षमता के अनुसार संरक्षित किया जाए। वहीं नगर निकाय द्वारा मंडल में विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया। गन्ना किसानों के भुगतान के लेकर उन्होंने बजाज चीन मिल द्वारा गन्ना किसानों के बकाया राशि के भुगतान में विलम्ब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ,कड़ी करवाई किए जाने का निर्देश दिया। बाढ़ प्रबंधन को लेकर उन्होंने कहा की बाढ़ से बचाव के लिए अक्टूबर माह में ही तैयारिया प्रारंभ की जाए।

### कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश

कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा के दौरान उन्होंने मंडल में गैंगस्टर, भूमाफिया को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वन माफियाओं को चिन्हित किया जाए तथा तथा कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहार नवरात्रि एवं अन्य त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्वक संपन्न कार्य जाने हेतु सभी तैयारी कर ली,रामलीला स्थल,पूजा पंडाल स्थल,विसर्जन स्थल का एसडीएम,सीओ द्वारा निरीक्षण कर लिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की अभियान चलाकर आतिशबाजी की दुकानों का लाइसेंस चेक किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की मंडल में कही भी अवैध पटाखों की दुकान संचालित ना हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

कर करेतर की समीक्षा के दौरान उन्होंने राजस्व वसूली के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रवर्तन कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर डीआईजी महोदय देवीपाटन मंडल अमरेंद्र प्रताप सिंह,संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार यादव, जिलाधिकारी बलरामपुर अरविंद सिंह, जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा, जिलाधिकारी महोदया मोनिका रानी, जिलाधिकारी श्रावस्ती कृतिका शर्मा के साथ-साथ सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्टेट बैंक की शाखा में चोरों ने किया चोरी का प्रयास

**जन एक्सप्रेस । सादुल्लानगर/बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के थाना सादुल्लह नगर क्षेत्र अंतर्गत सराय खास में स्थापित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में शुक्रवार की रात में बेखौफ चोरों ने दीवाल काटकर चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि किन्ही कारणो से चोर चोरी करने में सफल नहीं हो सके। जानकारी के अनुसार सादुल्लानगर थाने के ग्राम पंचायत छितलूपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा सरायखास परिसर की दिवार में 29/30 सितम्बर की रात अज्ञात चोरों ने नगब लगाया लेकिन अंदर प्रवेश नहीं कर सके। शाखा प्रबंधक हिमांशु त्रिवेदी ने बताया कि सुबह बैंक का सफाई कर्मी सफाई के लिए अंदर घुसा तो देखा कि परिसर के पीछे की दिवार में नकब लगा है। सफाई कर्मी लवकुश द्वारा घटना की सूचना शाखा प्रबंधक को दी। शाखा प्रबंधक की सूचना पर घटना स्थल पहुँची क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योति श्री, प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर बृजानंद सिंह, स्वाट टीम प्रभारी खादिम सज्जाद ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी उतरौला ज्योति श्री ने बताया कि बैंक परिसर में अज्ञात चोरों द्वारा नकब लगाया गया, लेकिन चोर अंदर प्रवेश नहीं कर सके। बैंक का किसी प्रकार का क्षति नहीं हुई है। घटना की जाँच की जा रही है। आश्चर्य इस बात का है की बैंक व उसके आसपास रात्रि ड्यूटी के पुलिस कर्मियों को बराबर गस्त करने तथा विशेष ध्यान रखने का निर्देश पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किया गया है। इसके बावजूद भी रात में बेखौफ चोरों ने बैंक की दीवार पूरी तरह से काट दी और किसी को भी भनक तक नहीं लगी। पुलिस हर पहलू की जांच में डटी हुई है।

# घटना की सीबीआई जांच हो और आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिले: दिलीप राम त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



सुल्तानपुर की धरती से ब्राह्मणों ने भरी हुंकार यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी डॉक्टर घनश्याम तिवारी को अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के नेतृत्व में ब्राह्मणों का एक समूह अयोध्या से सुल्तानपुर पहुंचा और श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर पत्रकारों से मुखातिब प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा अत्यंत दुखद घटना जो मानवता को शर्मसार करने वाली है आत्मा को झकझोर देने वाली घटना है डॉक्टर घनश्याम त्रिपाठी को घर पर बुलाकर के कमरे में बंद करके हाथ पैर तोड़ दिया जाए ड्रिल मशीन से पैरों में छेद कर दिया जाए इस तरीके के घटना समाज को झकझोर दिया है हम सरकार से मांग करते हैं कि इस घटना की सीबीआई जांच हो और आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिले और उनके घर पर बुलडोजर चले जिससे समाज में इस तरह की घटना करने की किसी की हिम्मत ना हो। श्रद्धांजलि सभा में परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम त्रिपाठी राष्ट्रीय कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य काशीनाथ तिवारी जयप्रकाश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी उपाध्यक्ष जय गुरुदेव शुक्ला मंडल संरक्षक अयोध्या आचार्य राकेश पांडेय मंडल प्रभारी सचिन तिवारी वरिष्ठ सदस्य सर्वेश मिश्रा जिला अध्यक्ष युवा बागी सुमित तिवारी युवा युवा नेता सूरज तिवारी फौजी सवर्ण आर्मी प्रमुख सर्वेश पांडेय जितेंद्र कुमार दुबे मिंटू प्रधान प्रेम चौबे प्रेम द्विवेदी पत्रकार संतोष पांडेय अंकित मिश्रा राकेश पाठक ब्लॉक अध्यक्ष अमरीश पांडेय रोहित पांडेय मंगेश तिवारी राधेश्याम तिवारी अंकुर तिवारी सैकड़ों की तादात में नौजवान श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे।

## पास्को अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को सुनाई 20 वर्ष की सजा, अर्थ दंड भी लगाया

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को चार साल बाद 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 75 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। बौण्डी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने बौण्डी थाने में तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की शिकायत की थी। बौण्डी पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर नाबालिग से दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट व एससी एसटी एक्ट दर्ज कर आरोपी जयसिंह यादव पुत्र साधुराम यादव निवासी बबुरी मझारा तौकली थाना बौडी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और चार्जशीट न्यायालय दाखिल की थी। पुलिस की प्रभारी पैरवी पैरोकार बौडी आरक्षी अभिमन्यु कुमार व एडीजीसी एसपी सिंह ने की।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक की अनुपालन आख्या उपायुक्त प्रशासन राज्य कर एवं सदस्य सचिव जिला व्यापार बंधु वीरेंद्र नारायण वर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर व्यापारियों उद्यमियों की समस्याओं एवम् सुझावों को जिलाधिकारी द्वारा एक एक करके गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न मार्गों में सीवर लाइन डालने हेतु मार्गों को तोड़ने/खुदाई कर उसे सही न करने की अवशेष समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम/नागर कार्य इकाई को संबंधित व्यापारी के साथ समन्वय कर अवशेष मार्गों का अवलोकन करने तथा सभी मार्गों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन सुचारु रुप से संचालित हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम के झारखंडी मोहल्ले में सफाई को और बेहतर करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त प्रशासन राज्य कर वीरेंद्र नारायण वर्मा, उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम सहित नगर निगम व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, घायल

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

मटेरा थाना क्षेत्र के एक गांव में पूर्व प्रधान और ग्रामीण के बीच जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। विवाद ने शुक्रवार की रात तूल पकड़ लिया। पूर्व ग्राम प्रधान ने परिजन अपने समर्थकों के साथ दूसरे पक्ष के घर पर हमला बोल दिया दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि पूर्व प्रधान के पक्ष के लोगों ने विपक्षी के घर में आग लगा दी। जिससे उसकी गृहस्थी के साथ बाइक जलकर राख हो गई। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। दोषी कितना भी रसूखदार होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक मटेरा थाना क्षेत्र के पिपरहवा गांव निवासी फरीद और पूर्व ग्राम प्रधान फरमान के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। पूर्व ग्राम प्रधान दबंग प्रवृत्ति के हैं। कुछ सत्ता पक्ष के लोग भी उनका समर्थन कर रहे हैं। जिसके चलते पूर्व ग्राम प्रधान जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं इस मामले में खरीदने कई बार थाने पर कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन पुलिस ने गंभीरता से उसके प्रार्थना पत्र को नहीं लिया। ना ही कोई कार्रवाई की जिससे विपक्षियों के हौसले बुलंद थे। फरीद का कहना है कि शुक्रवार को भी शाम के वक्त उसने थाने पर तहरीर देकर हमले की आशंका जताई थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। रात के समय पूर्व ग्राम प्रधान ने समर्थकों के साथ उसके घर पर हमला बोल दिया। लोगों को मारने पीटने लगे। बचाव में दूसरी पक्ष से भी लाठी डंडे चले। हमले के दौरान फरीद का पुत्र सरकार धारदार हथियार के हमले में घायल हो गया। फरीद का आरोप है कि इसी दौरान पूर्व ग्राम प्रधान के समर्थकों ने उसके घर में आग लगा दी। जिससे पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई साथ में एक बाइक भी जल गई है। थाना प्रभारी परमानंद तिवारी ने बताया कि घटना घटित हुई है लेकिन अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज का कार्रवाई की जाएगी। आरोपी कितना भी रसूखदार क्यों ना हो उसे बक्शा नहीं जाएगा।

## खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर वैकल्पिक ऊर्जा, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, खादी ग्रामोद्योग, दुग्ध विकास, कृषि, दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण, जल निगम, पंचायती राज, लोक निर्माण, श्रम, उद्योग, समाज कल्याण इत्यादि विभागों के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस के विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भो का नियमित रूप से अवलोकन कर गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करायें कोई भी संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। संदर्भो के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। संदर्भो का निस्तारण इस प्रकार किया जाय जिससे फरियादी पूरी तरह से संतुष्ट हो सके। डीएम ने कहा कि संदर्भो के असंतोष निस्तारण से जिले की रैंकिंग प्रभावित होती है इसलिए गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाय सम्ब्न्धित अधिकारी फरियादी से स्वयं बात कर निस्तारण की कार्रवाई से अवगत कराते हुए फरियादी को संतुष्ट करें। जिससे आईजीआरएस संदर्भो के निस्तारण में जनपद को अच्छी रैंक प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री हेल्प लाइन से प्राप्त संदर्भो के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय, इससे अच्छी रैकिंग प्राप्त होगी। डीएम ने कहाकि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस बात के लिए ताकीद करें कि आईजीआरएस के संदर्भो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी संजय शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीएमओ डॉ एस.के. सिंह, उप जिलाधिकारी सदर डॉ पूजा यादव, नानपारा अजित परेस, पयागपुर दिनेश कुमार, कैसरगंज पंकज दीक्षित, पीडी डीआरडीए राज कुमार, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र श्रीवास्तव, सीवीओ डॉ राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीएसटीओ अर्चना सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# अयोध्या में लर्निंग लैब के रूप में विकसित किए जाएंगे 11 आंगनबाड़ी केंद्र

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




जनपद के 11 विकास खण्डों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग लैब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार की ओर से कुल सात लाख 27 हजार रुपए का बजट आवंटित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जो खर्च आएगा उसे ग्राम पंचायतें अपनी निधि से खर्च करेंगी। चयनित प्रत्येक विकासखंड के एक आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल, बाल मैत्रिक शौचालय, आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण, बाउंड्रीवॉल आदि का कार्य कराया जाएगा। जो आंगनबाड़ी केंद्र वर्ष 2016-17 के बने हैं उनको बिजली के कार्य का बजट नहीं दिया जाएगा। अयोध्या जनपद की 11 आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल मैत्रिक अभिगम्यता के अनुरूप एवं राष्ट्रीय मानदंडों तथा मानकों के अनुसार 18 मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत आदि की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए जनपद में प्रत्येक परियोजना में से एक आंगनबाड़ी केंद्र का कायाकल्प करते हुए लर्निंग लैब के रूप में विकसित किया जाएगा।

**लर्निंग लैब के लिए सात बिंदुओं के मानक निर्धारित किए गए हैं :**

इन बिंदुओं में आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालय से परिसर की विभागीय भवन में संचालित हो। संबद्ध प्राथमिक विद्यालय 4/5 स्टार श्रेणी में हो। आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्व में आदर्श केंद्र के रूप में चयनित ना किया गया हो। आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री वह सहायिका दोनों तैनात हो। आंगनबाड़ी कार्यकत्री ईसीसीई, पोषण ट्रैक्टर एवं अन्य विभाग के कार्यों में दक्ष हो संबंधित ग्राम पंचायत के पास उपलब्ध निधियां में पर्याप्त बजट हो यथासंभव आंगनबाड़ी केंद्र आबादी एवं परियोजना कार्यालय के निकट हो।

**इन 11 आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग लैब के रूप में विकसित किया जाएगा:**

योगी सरकार की ओर से लर्निंग लैब के रूप में विकसित किए जाने के लिए अमानीगंज विकासखंड के तिंदौली प्रथम, बीकापुर विकासखंड के शेरपुर पारा हरिंग्टनगंज विकासखंड के जलालपुर भग्गू प्रथम, मसौधा विकासखंड के कुरावां, मवई विकासखंड के पूरेकाजी प्रथम, मया बाजार के समदा, मिल्कीपुर के अलीपुर खजूरी प्रथम, पूरा बाजार के सरेठी प्रथम, रुदौली के जरायल कला, तारुन विकासखंड के इमलिया द्वितीय व विकासखंड सोहावल के मगलसी तकिया आंगनबाड़ी केंद्र को चयनित किया गया है।

**क्या होता है लर्निंग लैब?**

जिला कार्यक्रम अधिकारी अयोध्या अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों का समग्र विकास किया जाएगा। जिसमें पठन-पाठन की भी व्यवस्था की जाएगी। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिक्षा प्रारंभ करने से पूर्व की शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की व्यवस्था रहेगी।

## सेवानिवृत्त शिक्षक के घर चोरी में शामिल शातिर चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर/अयोध्या**

नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र स्थित पिठला गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक के घर हुई चोरी का कुमारगंज पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के अंदर ही पर्दाफाश कर दिया था। हालांकि पुलिस चोरी की घटना में शामिल तीसरी शातिर चोर की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत थी। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने घटना में शामिल तीसरे शातिर चोर को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए रूपए में से 42 सौ रूपए नकद तथा 750 ग्राम अबैध गांजा भी बरामद कर लिया है। बता दें कि पिठला गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश सिंह के घर के पीछे की दीवाल के सहारे घुसे चोरों ने जेवरात एवं नकदी पार कर दिए थे। हालांकि घर वालों के जग जाने के बाद चोरी कर रहे शातिर चोर फायरिंग करते हुए भागने में कामयाब हो गए थे। घटना की सूचना के बाद कुमारगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो शातिर युवकों को हिरासत में ले लिया था। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम पकड़े गए साथी चोरों से पूछताछ में जुट गई थी।

पुलिस ने पकड़े गए दोनों शातिर चोरों ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश महरा पुत्र जंगली उर्फ बिरेन्द्र महरा निवासी पिठला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए 11 हजार एक सौ नकद व 315 बोर का अवैध तमंचा व दो कारतूस भी बरामद कर लिया था। पुलिस को चोरों के तीसरे साथी की तलाश थी। पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल तीसरे चोर अनिल सिंह उर्फ करिया सिंह पुत्र शीतला सिंह निवासी पिठला थाना कुमार गज को थाना क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया और सघन तलाशी ली तलाशी के दौरान पकड़े गए चोर के कब्जे से अवैध गांजा बरामद हुआ पकड़े गए चोर ने अपने गांव में घटी चोरी की घटना में शामिल होने की बात बताई और चोरी किए गए रूपों में से 42 सौ रुपए नकद पुलिस के सुपुर्द भी कर दिया।

# महिला प्रधान के सकारात्मक प्रयासों से घुंघचाई में आई बदलाव की बयार

- कच्चे रास्तों से मिली निजात, ओडीएफ योजना से स्वच्छ हुई पंचायत
- स्ट्रीट लाइटों से जगमग हुई पंचायत की सड़कें

जन एक्सप्रेस । प्रशान्त शर्मा





**पूरनपुर।** महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं, हर जगह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। ऐसी ही एक महिला ग्राम प्रधान सीमा देवी है, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से मात्र ढाई साल में अपने गांव की तस्वीर ही बदल दी।प्रयासों से ओडीएफ प्लस योजना में पंचायत के चयन से स्वच्छता के साथ तमाम विकास कार्यों को संजीवनी मिली है। पूरनपुर विकास खंड की घुंघचाई पंचायत की लगभग बीस हजार आबादी है। चार साल पूर्व तक पंचायत की अधिकांश सड़कें खड़ंजा युक्त,कच्चे रास्तों पर जलभराव,टूटी नालियों से सड़कों पर बहता गंदा पानी,जगह जगह लगे कूड़े के ढेरों से उठती दुर्गंध से लोगों का जीना दूबर हो गया था।पंचायत के सैकड़ों पात्र परिवार आवास,शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे।वर्ष 2021 में पंचायत का चुनाव जीतकर प्रधान बनी सीमा देवी ने पंचायत में तमाम विकास कार्यों को रफ्तार दी।सीमा देवी ने बताया कि पंचायत में 11 इंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण व छह सीसी मार्गों का निर्माण कार्य कराया गया है।पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए बिजली के पोलों पर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई।105 परिवारों को आवास योजना व 81 जरूरतमंदों को शौचालय का लाभ दिलाया गया।ओडीएफ प्लस योजना के अंतर्गत 120 नए आवेदन किए गए जिन्हें जल्द ही शौचालय योजना का लाभ दिलाया जाएगा। खुले में शौच मुक्त करने के लिए पंचायत में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया है। गांव में पानी निकास के लिए दो नालों का निर्माण कार्य कराया गया है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए पंचायत में 225 सरकारी हैंड पंप लगे हुए हैं। 5.25 लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी का कार्य निर्माणधीन है। पानी टंकी का निर्माण होने से ग्रामीणों के घरों तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी। प्रयासों से पंचायत को ओडीएफ प्लस योजना में चयनित कराया। ओडीएफ प्लस योजना से पंचायत में नालियों का पक्का निर्माण कराया गया। सरकारी हैंड पंप के आसपास जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए सोकपिट का निर्माण कार्य कराया गया है।कूड़ेदान लगने से खुले में फेंके जाने वाले कचरे से निजात मिली है।

### पंचायत में डोर टू डोर उठेगा कूड़ा

डलाव घर व कूड़ा उठान की व्यवस्था न होने पर अधिकांश ग्रामीण कूड़े को इधर-उधर फेंक देते थे।कचरा प्रबंधन के लिए आरआरसी सेंटर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।नियमित घरों से निकलने वाला कचरा ग्राम पंचायत के- वाहन से केंद्र पर पहुंचाया जाएगा।केंद्र पर कचरे को लाकर अलग अलग किया जाएगा। घरेलू दूषित जल के लिए सोखता गड्ढे, प्लास्टिक प्रबंधन व मलीय कीचड़ प्रबंधन की भी व्यवस्था की जाएगी।



ग्रामीण और प्रशासन के सहयोग से विकास कार्य करा रही हूं। अभी पंचायत को और बेहतर बनाना है।सरकार की हर योजना का लाभ अपनी पंचायत के जरुरतमंदों तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हूं।
**-सीमा देवी, ग्राम प्रधान घुंघचाई।**



शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायत में ओडीएफ प्लस योजना से कार्य कराया जा रहा है।ग्रामीणों को पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है। पंचायत में अधिकांश कार्य कर दिए गए हैं। कुछ कार्य शेष हैं जिन्हें जल्द पूर्ण कराया जाएगा।
**-अवनीश कुमार**
**सचिव ग्राम पंचायत घुंघचाई**

# झाड़ियों से निकले बाघ ने मजदूरों पर किया हमला, बाल बाल बचे

- मजदूरों ने बामुश्किल भागकर बचाई जान, सामाजिक वानिकी की टीम पहुंची
- कलीनगर क्षेत्र के गांव डगा में साइफन के पास खेत की घटना, लोगों मे दहशत

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



"ग्रामीण जंगल के निकट घास काट रहे थे। झाड़ियां में छुपे बाघ को देख घबरा गए। टीम को मौके पर भेजा गया था। निगरानी के लिए टीम लगाई गई है।
**-कपिल कुमार, डिप्टी रेंजर पूरनपुर**

बैब घास काट रहे मजदूरों पर झाड़ियों में छुपे बाघ ने अचानक हमला कर दिया। इससे उनमें भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि वह बाघ की दबोच में आने से बाल-बाल बच गए। उन्होंने भागकर अपनी-अपनी जान बचाई। इस दौरान दो मजदूर गिरकर चोटिल हो गए। जानकारी पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। उनके शोर मचाने पर बाघ पड़ोस के गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। सूचना पर सामाजिक वानिकी की टीम भी पहुंच गई। देर शाम तक बाघ गन्ने के खेत में डेरा जमाए रहा। वन टीम उसकी निगरानी कर रही है। मजदूरों पर बाघ का हमला होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगलों की बजाए बाघ और तेंदुए आबादी क्षेत्र में घूम रहे हैं। कलीनगर तहसील क्षेत्र के कई गांवों में तो बाघ और तेंदुआ आतंक का पर्याय बन चुके हैं। आए दिन किसी न किसी घटना को अंजाम दे रहे हैं। शनिवार की सुबह करीब नौ बजे क्षेत्र के गांव डगा में बाघ ने मजदूरों का शिकार करने का प्रयास किया। बताते हैं कि गांव के अनवर के खेत में बैब घास खड़ी है। खेत के पास में साइफन है और पीटीआर की बराही रेंज का जंगल करीब एक किमी. दूर है। गांव माधोटांडा के किशोरी, बांकेलाल, गोविंदराम, मदनलाल खेत में दिहाड़ी पर घास काट रहे हैं। मजदूरों के मुताबिक अचानक बाघ ने उनपर जंप लगा दी। गनीमत रही कि उसकी दबोच में कोई भी नहीं आया। जंप लगाने के बाद बाघ थोड़ा पीछे हटा। इस दौरान मजदूर हो हल्ला करते हुए अपनी जान बचाने को भागने लगे। इस दौरान बांकेलाल व एक अन्य मजदूर गिरकर चोटिल भी हो गया। चीख-पुकार सुन आस-पड़ोस के खेतों में मौजूद लोग भी पहुंच गए। ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाकर बाघ को भगाने का प्रयास किया। शोर-शराबा करने पर वह पड़ोस के गन्ने के खेत में चला गया। सूचना पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। सामाजिक वानिकी पूरनपुर के वन दरोगा रामाधार, टाइगर ट्रेकर कंधई लाल आदि पहुंच गए और जानकारी जुटाई। देर शाम तक बाघ गन्ने के खेत से बाहर नहीं निकला। घटना के बाद से खेतों में संनाटा पसर गया है। लोगों ने बाघ को जंगल में खदेड़ने की मांग की है।

# ढाई हजार रुपये और टॉफी के डिब्बे से हुआ समझौता

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** महिला अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट के अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत होने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। फार्मासिस्ट ने शिकायत के निपटारे के लिए शिकायतकर्ता से एक शपथ पत्र लेकर सीएमओ के समक्ष प्रस्तुत किया है, तो वहीं शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र में लिखी बातों के सच होने से इंकार कर दिया है। मामला तूल पकड़कर लखनऊ स्थित स्वास्थ्य भवन तक पहुंच गया है। स्वास्थ्य भवन में तैनात निदेशक (नैदानिक स्थापना) डा. केएन तिवारी ने सीएमओ डा. आलोक कुमार को फोन कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। मामले में जांच की फाइल दुबारा खुल गई है।,जिससे फार्मासिस्ट की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल पूरनपुर के ग्राम भगवंतपुरा निवासी कामता प्रसाद पुत्र रामचंद्र ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में फार्मासिस्ट पर गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायतकर्ता ने फार्मासिस्ट के अवैध रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम में पत्नी का आपरेशन द्वारा प्रसव होने व प्रसव के दौरान बच्चे की मौत होने संबंधी शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में स्थलीय निरीक्षण के दौरान अवैध क्लीनिक चलने का मामला उजागर किया।

# अनुसूचित बालिकाओं के लिए होगा हास्टल का निर्माण : संजय गंगवार

- राज्यमंत्री ने अनुसूचित बस्तियों में जनसम्पर्क एवं चौपाल लगाकर सूनी समस्यायें
- ललौरीखेड़ा क्षेत्र में किया दौरा, लोगों ने की पुष्प वर्षा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने ललौरीखेड़ा ब्लाक क्षेत्र के कई गांवों में दौरा कर अनुसूचित वर्ग की बस्तियों में जनसम्पर्क किया और चौपाल लगाकर अनुसूचितों की समस्यायें सुनी और उनका मौके पर निस्तारण किया। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने आयोजित चौपालों में अपने सम्बोधन में कहा की भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है जिसका सीधा लाभ पात्रों को मिल रहा है। उन्होनें कहा की जनपद में अनुसूचित बालिकाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जिसकी क्षमता 200 बालिकाओं को रहने आदि की सुविधाऐं मिल सकेगी। उन्होनें हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाये गये कदम का जिक्र करते हुए कहा की सरकार महिलाओं को सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य विधानसभाओं एवं लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है जिससे महिलाओं की शासन सत्ता में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हो सकें।भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश ईकाई द्वारा जारी अनुसूचित बस्ती सम्पर्क अभियान एवं चौपालों के आयोजन सम्बन्धी जारी कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्यमंत्री श्री गंगवार ने ललौरीखेड़ा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर, महतावनगर और तेजनगर में अनुसूचित बस्तियों में पहुचकर जनसम्पर्क किया और चौपाल लगाकर बस्तियों में जनसमस्यायें सुनी। राज्यमंत्री श्री गंगवार के उक्त बस्तियों में पहुचने पर बस्तियों के लोगो ने उनका पूष्प वर्षा एंव पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित वर्ग के लोगो के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाऐं चलाई जा रही है। हालही में सरकार ने अनुसूचित वर्ग के विधार्थियों के लिए छात्रवृति शुल्क में बढ़ोत्तरी कर इस वर्ग के छात्रों को लाभांवित किये जाने का कार्य किया है। उन्होनें कहा की जनपद में अनुसूचित वर्ग की 200 छात्राओं के लिए हास्टल निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरूण को भेजा है और इस सम्बन्ध में उनकी वार्ता भी हो चुकी है इस पर जल्द ही निर्णय लिये जाने सम्भावना है।

# कनाकोर में किया मेले का उद्धघाटन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने ललौरीखेड़ा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम कनाकोर में श्री सिद्धबाबा मेले का फीता काट कर किया उद्धघाटन इस मौके पर उन्होनें कहा की मेला हमारे आपसी सौहार्द का प्रतीक है। यह हमारी परम्पराओं को जीवन्त रखने का एक मंच है। उन्होने कहा की कनाकोर में यह मेला हर वर्ष परम्परागत ढंग से आयोजित एंव संचालित किया जाता है जहा बड़ी संख्या में लोग आकर मेले में विचरण करते है और मंनोरजन करते है उन्होनें मेले में हर वर्ष आयोजित होने वाले दंगल की प्रशंसा करते हुए कहा की मेले में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन विशेष आर्कषण का केन्द्र बना रहता है वही ग्रामीण क्षेत्रों में खेलो की भावना को भी जागृत करता है। इसके लिए उन्होनें मेला आयोजन कमेटी के सदस्यों को बधाई दी।

# हापुड़ के अधिवक्ताओं के समर्थन में चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल 32वें दिन हुई समाप्त



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पीलीभीत। हापुड़ के अधिवक्ताओं के समर्थन में चल रही जिले के अधिवक्ताओं की हड़ताल आज 32 वे दिन समाप्त करने की घोषणा की गई । 3 अक्टूबर से मुख्यालय के अधिवक्ता अदालतों में जाकर कामकाज करेंगे । 29 अगस्त 2023 को हापुड़ में प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया था अगले दिन से ही प्रदेश भर के अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी थी। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आवाहन पर आंदोलन की कार्रवाई हुई थी। 30 अगस्त से लगातार जिले के अधिवक्ता कलाबान हड़ताल पर थे ।इस कारण न्यायालय में कामकाज नहीं हो रहा था। बीते दिन जनपद हापुड़ के अधिवक्ताओं की पुलिस के मध्य हुई वार्ता के बाद हापुड़ के अधिवक्ताओं द्वारा हड़ताल समाप्त कर दी गई। आज जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता में पदाधिकारी ओ की बैठक में तय किया गया की हापुड़ के अधिवक्ताओं द्वारा आंदोलन स्थगित करने के कारण जनपद के अधिवक्ता भी मंगलवार 3 अक्टूबर से अदालतों में कामकाज करेंगे। बैठक में महासचिव आनंद मिश्रा, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह सहोता, महासचिव विवेक अवस्थी, सिविल बार के अध्यक्ष विवेक पांडे, महासचिव मोहन गिरी गोस्वामी आदि थे। हड़ताल समाप्त होने की जानकारी होते ही कई अधिवक्ता शनिवार को ही अदालतों में पहुंच गए और कामकाज शुरू कर दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गुमटी तोड़ते हुए मंदिर के बाउंड्री वॉल में घुसा ट्रेलर

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** मछलीशहर कोतवाली के सामने बछड़े को बचाने के चक्कर में एक अनियंत्रित ट्रेलर ने मंदिर की बाउंड्री वॉल तोड़ दी। हाईवे के बगल रखी लकड़ी की गुमटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। देवरिया जिला के थाना कुकुंडी गांव बांसडीह निवासी समसुद्दीन खाली ट्रेलर मध्य प्रदेश के मैहर में गाड़ी को लोड करने के लिए लेकर जा रहा था। शनिवार भोर में अभी वह जौनपुर रायबरेली हाईवे पर स्थित मछलीशहर कोतवाली के निकट पहुंचा था की सामने एक बछड़ा आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में ट्रेलर अनियंत्रित हो गई। हाईवे के बगल रखी लकड़ी को गुमटी को क्षतिग्रस्त करते हुए सटी मंदिर की बाउंड्री वॉल तोड़ते हुए मंदिर परिसर में घुस गई। वो तो भोर का समय होने के कारण गोटी बंद थी। वहा कोई मौजूद नहीं था नही तो किसी की जान जा सकती थी।गोटी में रखा चाय बनाने के समान सहित 30 हजार रुपए का सामान टूट फुट कर खराब हो गया। इसके अलावा मंदिर परिसर की लगभग 50 फीट दीवाल टूटने से लाखो रुपए का नुकसान हो गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ट्रेलर व ड्राइवर को कब्जे में ले लिया। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक यजुवेंद्र सिंह ने बताया गोटी मालिक राज कुमार व मंदिर कमेटी द्वारा तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### छात्र की नदी में डूबने से मौत, तलाशने में गोताखोर भी डूबा

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** जौनपुर थाना कोतवाली के मोहल्ला हमाम दरवाजा में स्थित मदरसा नसिरिया अरबी कॉलेज में शिक्षा ले रहे छात्र की नदी में डूबने से मौत हो गई। आजमगढ़ जनपद के दरियापुर गांव निवासी उमे फरवाह ने अपने 17 वर्षी पुत्र मोहम्मद शीश को मजहबी पढ़ाई हासिल करने के लिए मदरसे में नाम लिखवाया था। बच्चों को पढ़ने के लिए उक्त महिला पुरानी बाजार में किराए का कमरा भी लेकर रहती थी। शीश अपने मदरसे के साथियों के साथ शुक्रवार को लाल तालियां मोहल्ले में स्थित गोमती नदी तट पर बजरंग घाट गया। बजरंग घाट पर वह अपना कपड़ा उतार कर नदी में नहाने चला गया और गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया। उसके साथ आए अन्य बच्चों ने मदरसे में जाकर उसके डूबने की खबर बताई। मदरसे के प्रिंसिपल द्वारा इसकी जानकारी इलाका पुलिस को दी गई। पुलिस देर रात तक छात्र की लाश तलाश करती रही लेकिन उसकी लाश अब तक नहीं मिल सकी है। अजीब बात है कि शीश की लाश तलाश में गए पांच गोताखोरों में से कर अपने घर वापस लौट आए और उसी में एक गोताखोर हरी पुत्र सभाजीत 45 वर्ष निवासी जोगियापुर थाना कोतवाली जो शीश की लाश निकालने के लिए गया था अपने साथियों को छोड़कर गोमती नदी में रही नाव पर सो गया और अधिक शराब पीने के कारण वह नदी में गिरकर डूब कर उसकी भी मौत हो गई। गोताखोर होरी उर्फ भूवर निषाद की भी लास्ट का अब तक पता नहीं चल सका है। शनिवार सुबह उसके परिवार के लोग सराय पोखता पुलिस चौकी पर पहुंचकर डूबे हुए व्यक्ति की लाश निकलवाने की मांग करने लगे। सूत्र बताते हैं कि होरी निषाद ने लाश निकालने के नाम पर अच्छा खासा पैसा वसूल कर क्षमता से अधिक शराब पी लिया और नाव पर सोकर पानी में गिर गया और उसकी मौत हो गई।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के सिंघावल गांव के बबुआन पुरवे में जमीनी विवाद को लेकर शनिवार की सुबह दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के दो लोगों को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को अस्पताल ले गई जहां चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सिंघावल गांव में पूर्व प्रधान मदन मोहन मिश्रा व पड़ोसी ओंकारनाथ मिश्रा के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। शनिवार को निर्माण कार्य को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से पचहत्तर वर्षीय मदन मोहन मिश्रा, बासठ वर्षीय चंद्रशेखर मिश्र व सत्तर वर्षीय राजकुमारी मिश्रा को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। जिनका प्राथमिक उपचार पीएचसी सिंगरामऊ में करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। दोनों तरफ से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी रही।

# राजस्व कर्मियों पर पथराव मामले में साजिशकर्ता सहित 35 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- दर्ज मुकदमें में 3 साजिशकर्ता,12 ज्ञात व 20 है अज्ञात, 8 को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- भुलनडीह गांव में पैमाइश करने गई राजस्व टीम पर हुआ था हमला, यीशु मसीह अनुयायियों पर है आरोप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिले के भुलनडीह गांव में जमीन की पैमाइश करने गई राजस्व टीम पर साजिश के तहत किए गए पथराव के मामले में पुलिस ने नायब तहसीलदार हुसैन अहमद की तहरीर पर पैंतीस लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आठ को गिरफ्तार कर लिया।दर्ज मुकदमें में तीन साजिशकर्ता, बारह ज्ञात व बीस अज्ञात है।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेज दिया। नायब तहसीलदार द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने साजिशकर्ता के आरोप में भुलनडीह गांव निवासी दुर्गा यादव पुत्र संपत, उनकी पत्नी लीला देवी व दामाद प्रशांत यादव उचौरी,खानपुर,गाजीपुर इसके अलावा कैलाश पुत्र श्रवण निवासी कछवन, कमलेश गौतम पुत्र सतिराम व महेंद्र गौतम पुत्र श्रीनाथ निवासी अटहरपार, सुरेंद्र राम पुत्र रामराज निवासी रेहारी, प्रीति शिबू पुत्री दुर्गा यादव, मनीष यादव पुत्र दुर्गा, जय प्रकाश यादव पुत्र संपत, अभिषेक यादव पुत्र जय प्रकाश, विजय मौर्य पुत्र रामलाल निवासी भुलनडीह,सोनू यादव पुत्र राजनाथ निवासी गाजीपुर, रजनीश पुत्र विजय प्रताप व विजय प्रताप पुत्र जयराम निवासी खुज्झी व बीस अज्ञात के विरुद्ध आईपीसी की धारा 147,148,149, 332, 333, 353,336,323,504, 506,307,324,427,34/34,120 B, EXCLA के तहत मुकदमा दर्ज कर महेन्द्र गौतम, कमलेश गौतम, जय प्रकाश यादव,अभिषेक यादव, सोनू यादव,विजय मौर्य,रजनीश व विजय प्रताप को दबिश देकर रात्रि में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेज दिया।

# जौनपुर से हजारों की संख्या में दिल्ली कूच करेंगी आंगनबाड़ियां : सरिता सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



आंगनबाड़ी संघ जौनपुर की अध्यक्ष सरिता सिंह ने अवगत कराया कि 04 अक्टूबर को दिल्ली में हो रहे एक दिवसीय महाधरने में पूरे देश की 26 लाख आंगनबाड़ी एकत्रित होंगी तथा अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी कृति समिति के तत्वावधान में हो रहे विशाल धरने में अपनी जायज मांगों को लेकर भारी संख्या में दिल्ली पहुँच कर हुंकार भरने का काम करेंगी। श्रीमती सिंह ने महा धरने के कारणों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, दिल्ली राजस्थान सबका मानदेय एक समान हो,हर राज्य में एक ही काम के लिए अलग अलग पारिश्रमिक दिया जाता है ऐसा नहीं होना चाहिए। एक देश, एक संविधान तो एक कानून भी होना चाहिए, दोहरा चरित्र क्यूँ। विभाग के अलावा जिस कार्य के लिए कोई नहीं मिलता तो आंगनबाड़ी लगा दी जाती है,दस्तक अभियान-आंगनबाड़ी को लगा दो, कोई आपदा आई आंगनबाड़ी लगा दो जनगणना से लेकर भवन गणना, विकलांग गणना, वृद्ध गणना, निराश्रित गणना, जितनी भी गणना करनी हो आंगनबाड़ी लगा दो।जब मानदेय बढ़ोत्तरी की बात आए तो कहा जाता है आंगनबाड़ी करती क्या हैं? तब विभागीय मंत्री भी बेतुका बयान देती हैं कि आप लोग एक घंटे ही काम करती हैं। श्रीमती सिंह ने अपील किया कि ऐसे में 04 अक्टूबर 2023 को अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी कृति समिति के आह्वान पर जौनपुर से अपने हक,मान एवं सम्मान की सुरक्षा की लड़ाई लड़ने हेतु समस्त आंगनबाड़ी बहने दिल्ली चलें।

# जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों का नवनिर्माण कार्य प्रारंभ न होने से जताई नाराजगी

- खंड विकास अधिकारी, बाल विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी का वेतन रोकने की निर्देश
- जिले के ब्लॉक सुईथाकला, खुटहन करंजाकला, रामपुर, सुजानगंज की स्थिति खराब

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में जिला कन्वर्जेन्स कमेटी की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत 273 आंगनबाडी केन्द्रों के निर्माण के स्थिति की विकासखण्डवार समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि 193 आंगनबाड़ी केन्द्रो भवनों का निर्माण कार्य प्रारम्भ है तथा 80 केन्द्रों का कार्य अनारम्भ थें। जिसमें विकाखण्ड खुटहन, करंजाकला, सुइथाकला, सुजानगंज एवं रामपुर में आंगनबाडी केन्द्रों के निर्माण की प्रगति सन्तोषजनक नही होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी, इन विकासखण्डों में आंगनबाडी केन्द्र निर्माण में अनारम्भ वाले आंगनबाडी केन्द्र सबसे ज्यादा थे। विकासखण्ड सुजानगंज में निर्मित होने हेतु स्वीकृत 12 केन्द्रों के सापेक्ष 09 केन्द्र अनारम्भ होने के कारण जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी सुजानगंज, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुजानगंज सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुजानगंज एवं सम्बन्धित सचिव का माह सितम्बर 2023 का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्मित होने वाले आंगनबाडी केन्द्रों का निर्माण स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार ही करायें साथ ही आपस में समन्वय स्थापित करते हुए 01 सप्ताह के अन्दर सभी अनारम्भ वाले आगनबाडी भवनों को प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। निर्देशित किया गया कि निर्मित हो रहे आंगनबाडी की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये और निर्धारित मानक के अनुसार ही निर्माण कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# भक्तों पर हमले की घटना को लेकर फूटा लोगों का गुस्सा, लगाया जाम

- आरोपी के घर बुलडोजर चलाने की मांग
- अधिकारियों के साथ कई थानों की फोर्स पहुंची
- विधायक ने दिया कठोर कार्रवाई का आश्वान, तब भीड़ हुई शांत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





बीते दिन बांगरमऊ के बोधेश्वर मंदिर में गैर समुदाय के युवक द्वारा श्रद्धालुओं पर हमला किए जाने के मामले में आक्रोशित कस्बा वासियों ने शनिवार को जाम लगा कर प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के घर पर बुलडोजर चलवाया जाए। जाम की सूचना पर एसडीएम, सीओ के साथ कई थानों की फोर्स पहुंची। क्षेत्रीय विधायक ने निष्पक्ष जांच कराते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। मालूम हो कि शुक्रवार को बांगरमऊ के प्रसिद्ध बोधेश्वर मंदिर मे मोहल्ला दरगाह शरीफ निवासी जावेद पुत्र पप्पू लाठी लेकर पहुंच गया था। उसने अचानक श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। जिससे वहां भगदड़ मच गयी थी। लाठी के हमले से दर्शन करने आए मिलन सिंह पुत्र रामबली सिंह व कैलाश सिंह पुत्र फकीरे सिंह निवासी मोहल्ला घूरे टोला व कृष्ण कुमार तिवारी पुत्र गिरजा शंकर तिवारी निवासी नौनिहाल गंज समेत आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हुए थें जिनमें तीन को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया था। एक घायल की गंभीर हालत देख डाक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। मंदिर में तैनात पीएसी के जवानों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने घायल श्रद्धालु की तहरीर पर जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। इस घटना को लेकर आक्रोशित लोगों ने शनिवार को शनिवार को लखनऊ चौराहा के निकट मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। घटना की जांच और कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपी के घर बुलडोजर चलाने की मांग करने लगे। जाम की जानकारी मिलते ही एसडीएम नूपुर गोयल, सीओ विजय आनंद, कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह, फतेहपुर इंस्पेक्टर राजेश पाठक, बेहटा मुजावर प्रभारी फूल सिंह भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। लोग आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर अड़े रहे। बाद पहुंचे क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार से लोगों को कड़ी कार्रवाई कराने का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके पास हरदोई रोड पर यातायात सामान्य हो सका।

### 2013 में हो चुकी के पुजारी के सेवादार की हत्या

बांगरमऊ के प्रसिद्ध बोधेश्वर मंदिर में यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व 7 सितंबर 2013 को मंदिर के पुजारी चैतन्य महाराज पर हमला हुआ था। इस घटना में बाबा की सेवादार जोगीकोट निवासी अतुल द्विवेदी उर्फ कल्लू की हत्या हो गई थी। उस घटना के बाद से मंदिर में पीएसी बल की तैनाती कर दी गयी थी।

## प्रधान पति ने लगाया चुनावी रंजिश में जानलेवा हमले का आरोप

- कहा हमलावरों ने कई राउंड की फायरिंग

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मांखी थाना क्षेत्र में प्रधानपति ने चुनावी रंजिश में जानलेवा हमला करने और कई राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उसका कहना है कि बचाव के लिए शोर मचाने ग्रामीणों के दौड़ने पर हमलावर भाग खड़े हुए। पुलिस फारयरिंग की बात को फर्जी बता रही है। माखी थाना क्षेत्र के बिरसिंह पुर गांव निवासी प्रधान पति अरुण कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि शुक्रवार शाम को वह अपनी कार से गौशाला देखने गया था। देर रात वापस लौटते समय भिम्माखेड़ा गांव के पास अरविंद सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, अंकुर सिंह, शिवा सिंह उसे देखते ही जान से मारने की नियत से सीधे फायरिंग करने लगे। वह जान बचाने के लिए भिम्मा खेडा गांव में घुस गया शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े तो हमलावर फरार हो गए। इस मामले में एसओ वीर बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर वह मौके पर गए थे जहां फायरिंग जैसी कोई घटना नही हुई। दोनों पक्षों के बीच चुनावी रंजिश चल रही है। गाड़ी पर ईंट पत्थर के निशान हैं फायरिंग का आरोप फर्जी है।

## संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

- पोस्टमार्टम में हैंगिंग से हुई मौत की पुष्टि
- पिता ने हत्या करने का लगाया आरोप, नहीं दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



अचलगंज थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव संदिग्ध हालातों घर के अंदर कमरे में रस्सी के फंदे से लटका मिला। जेठ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जिसमें हैंगिंग से ही मौत की पुष्टि हुई है। मायके वालों ने दामाद के भांजे में हत्या का आरोप तो लगाया है लेकिन उनकी ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गयी है। अचलगंज थाना क्षेत्र के शंकरखेड़ा बंड हमीरपुर निवासी कुमकुम (28) पत्नी सुनील का शव बीती देर रात घर के अंदर छत के कुंडे से बंधे रस्सी के फंदे से लटका मिला। साथ में सो रहे सात वर्षीय बेटे अंश ने अपने चाचा हेमंत को बताया। उसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम में हैंगिंग से ही मौत की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम हाउस पर मिले मृतका के पिता विजय बहादुर निवासी रूपऊ गड़ार थाना माखी ने बताया कि दामाद मुंबई में रहकर शटरिंग का काम करता है। सास ससुर की मौत हो चुकी है। बेटी गांव में दो बच्चों अंश (7) व अवनी (4) के साथ अकेले रहती थी। पिता का कहना है कि कुमकुम के घर ननद के बेटे अमित पुत्र हरिओम का आना जाना था। यह बात दामाद को पसंद नहीं थी। उसके मना करने पर बेटी ने अमित से बाद करना बंद कर दिया था। आरोप है कि उसी ने बेटी को मार कर टांग दिया। खास बात यह है कि पिता की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गयी है। मृतका पांच बहनों में दूसरे नंबर की थी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### महिला पर दबंगों ने किया चाकुओं से हमला

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के गगनी खेड़ा निवासी एक महिला ने पास के मोहल्ले में रहने वाले दो युवकों पर चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। गगनी खेड़ा निवासी राजकुमार निषाद की पत्नी नन्हकी ने बताया कि वह शाम लगभग साढ़े सात बजे बच्चों के प्रोजेक्ट का सामान लेने के लिए ऋषि नगर केबिन होते हुए शुक्लागंज जा रही थी तभी आरोप है कि पास के मोहल्ले में रहने वाले दो युवकों ने उसे रोक लिया और कई गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मामले की जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए भेजा है।

### चोरी के मोबाइल संग शातिर को दबोचा

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि शनिवार को पश्चिमी चौकी इंचार्ज गया प्रसाद रमन, का0 मनोज पलावत, योगेश प्रजापति के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी गंगाघाट रेलवे क्रासिंग के पास पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। जहां उसके पास से चोरी को मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम ग्राम खोदवा मझरा विसँवा थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर निवासी अक्षय कुमार जयसवाल पुत्र पुरुषोत्तम जयसवाल बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

### अमृत कलश यात्रा के लिए दिलाई गई शपथ

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। अमृत कलश यात्रा के अवसर पर शनिवार को अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आजादी का अमृत महोत्सव मेरी माटी मेरा देश शीर्षक के तहत अमृत कलश यात्रा के लिए शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने हाथो में मिट्टी लेकर प्रार्थना स्थल पर अमृत कलश यात्रा मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत पंच प्रण की शपथ ली। विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पाँच प्रकार की शपथ के द्वारा संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण एवं देश के विकास पत्र के लिए मन, वचन एवं कर्म से सदैव तत्पर रहने की शपथ ली। शपथ पूर्ण होने के पश्चात् बच्चों द्वारा मिट्टी को एक कलश में एकत्रित किया गया। हमारे विद्यालय द्वारा इस कलश को अमृत वाटिका दिल्ली तक भेजा जाएगा। इस मौके पर प्रबन्धक अजय त्रिवेदी, संरक्षक संतोष त्रिवेदी, दिनेश त्रिवेदी, प्रधानाचार्या डैफनी लैम्यूर व शिक्षक मौजूद रहे।

### पशु बली के मामले में पुलिस ने पुजारी को दबोचा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। नौबस्ता थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पुजारी द्वारा प्रतिबंधित पशु बली देने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कानपुर कमिश्नरेट पुलिस हरकत में आई और पुजारी को दबोच लिया है। आपको बताते चलें कि बीती 27 सितंबर 2019 को त्रिपुरा की उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने मंदिरों में जानवरों और पक्षियों की बली देने की सदियों पुरानी परंपरा पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ-साथ न्यायालय ने सरकार को संवैधानिक मूल्य और सभी जानवरों एवं पक्षियों के प्रति करुणा, प्रेम, मानवता, के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश जारी किए थे। उसके बाद से प्रतिबंधित पशुओं की बली देने पर पूरी तरह रोक लगा दिया गया था। हाल ही में संपन्न हुए त्योहारों में भी पशु बली को लेकर उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन उससे बीते दो दिन भी नहीं बीते थे । बीते शुक्रवार की रात एक मंदिर में पुजारी द्वारा पशुबली दिए जाने का मामला सामने आया और उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पुजारी पशु बली देने का प्रयास कर रहा है वही एक महिला उसे पशु बलि देने से रोकती हुई नजर आ रही है। मामले को संज्ञान में लेते हुए नौबस्ता पुलिस ने पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है।

### पति से झगड़ने के बाद महिला ने खाया विषैला पदार्थ

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बिठूर थाना क्षेत्र के मैनावती नगर की रहने वाली एक विवाहिता ने पति के दारु पीकर घर आने से नाराज होकर विषैला पदार्थ खा लिया जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई हालत बिगड़ने पर पारिवारिक जनों ने बिठूर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। सूत्रों के मुताबिक रेनू राठौर उम्र 35 वर्ष पत्नी शिवकुमार राठौर निवासी मैनावती नगर ने शुक्रवार की रात 1-30 बजे विषैला पदार्थ खा लिया जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। हालत करने के बाद पति शिवकुमार राठौर ने बिठूर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत चिंताजनक बताई है। परिवार वालों का कहना है कि शिवकुमार राठौर आए दिन शराब पीकर घर आता है। जिसके बाद पति और पत्नी के बीच में आए दिन झगड़ा होता है। शिव कुमार के एक लड़का रवि और एक लड़की काजल है जिनका घटना के बाद से रो-रो कर बुरा हाल है।

### ब्लैकमेलिंग और छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर के थाना नजीराबाद क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहित महिला ने चार वर्षों से ब्लैक मेलिंग कर रहे एक शख्स के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप इतने इतने गंभीर हैं कि शैतान को भी शर्म आ सकती है। मिली जानकारी के अनुसार थाना नजीराबाद क्षेत्र में निवास करने वाली काल्पनिक नाम सुनीता देवी के पति ब्रम्ह नगर निवासी प्रखर दीक्षित के पास नौकरी करते थे। आरोप है कि प्रखर दीक्षित ने अपनी महिला मित्रों के साथ उनके पति की अश्लील वीडियो बना ली और उसके बाद एक सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर फर्जी आईडी बनाकर पैसे वसूलता रहा। पीड़िता की मानें तो उसके पति से लगभग चार साल वसूली की गई। आरोप यह भी हैं कि प्रखर दिक्षित द्वारा पीड़िता के साथ छेड़छाड़ और पूरे परिवार के साथ मारपीट की घटनाओं को अक्सर अंजाम दिया जाता था। इसी के बाद प्रताड़ित होकर उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई और थाना नजीराबाद में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# प्रेमी के साथ रह रही महिला की संदिग्ध हालात में मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

- पिता ने दर्ज कराया था अपहरण का मुकदमा
- शव लेकर गांव पहुंचे आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया

लखनऊ में प्रेमी के साथ रह रही महिला की संदिग्ध हालातों में मौत हो गयी। शव लेकर गांव पहुंचे प्रेमी को पुलिस पूर्व में दर्ज अपहरण के मामले में हिरासत में ले लिया और शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई है बिसरा सुरक्षित किया गया है। मौरावां थाना क्षेत्र की ग्रामसभा लउवा के मजरे रामकिशुनखेड़ा निवासी शांती (28) पुत्री रामस्वरूप पासवान की शादी दो साल पूर्व इसी थाना क्षेत्र के गांव लच्छीखेड़ा निवासी मुकेश कुमार के साथ हुई थी। चौथी के बाद से शांती अपनी ससुराल न जाकर मायके में ही रह रही थी। इसी बीच उसका पड़ोसी गांव सिंघनखेड़ा निवासी रामू से उसका प्रेम प्रसंग हुआ। बीती 4 सितंबर को वह उसी के साथ चली गई। अगले ही पिता ने युवक पर बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता ने तहरीर में बेटी के घर से 20 हजार रुपये और मां के जेवर उठा ले जाने का जिक्र भी किया था। शांती रामू के साथ लखनऊ किराए के मकान में रह रही थी। शुक्रवार को शांती की हालत बिगडने पर युवक ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत होने पर वह शव लेकर गांव आया तो पिता बेटी की हत्या का आरोप लगाया। पुलिस पहुंची और जांच की। अपहरण की रिपोर्ट दर्ज होने के कारण आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस को चार सितंबर को पुरवा स्थित कोर्ट में कोर्ट मैरिज का कागज सौंपा है। एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया कि पिता की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# डीसीएम ने बाइक सवार भाई बहनों को रौंदा, मौत

- कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना अंतर्गत पॉलीटेक्निक के सामने हुआ हादसा
- बहन के साथ डी फार्मा की काउंसलिंग कराने आया था छात्र

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



कानपुर लखनऊ हाइवे पर दही थाना अंतर्गत पॉलीटेक्निक के पास अवैध कट से निकल रहे बाइक सवार भाई बहनों को लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार डीसीएम ने रौंद दिया। दही पुलिस ने दोनों को आनन फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। अचलगंज थाना क्षेत्र सुपासी निवासी सनी प्रजापति (18) पुत्र राजेश डी फार्मा की काउंसलिंग करवाने बड़ी बहन ज्योति (20) के साथ दही चौकी स्थित पालीटेक्निक आया था। काउंसलिंग के बाद दोनों वहां से निकल कर सामने बने अवैध कट से दूसरी लेन में जा रहे थें। इसी दौरान कानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक समेत दोनों उसी में फंस कर बुरी तरह कुचल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को निकालने की कोशिश की लेकिन नही निकाल सके जिसके बाद पुलिस ने क्रेन मंगवाकर दोनों को बाहर निकलवाया और तब तक दोनो की मौत हो चुकी थी। बाइक सवार हेलमेट पहने था। मृतक के पिता राजेश कुमार सुपसी में ही मेडिकल स्टोर चलाता है। मां विटोल गृहणी है। दोनों बच्चों की एक साथ मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। राजेश के दो ही बच्चे थे जिन्हें भगवान ने एक झटके में छीन लिया। दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की डीसीएम को कब्जे में ले लिया गया है। शवों को मोर्चरी में रखवाते हुए परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एडीएम ने किया औचक निरीक्षण, हड़कंप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



नवाबगंज। कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एडीएम उन्नाव ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। अचानक सीएचसी पर एडीएम के पंहुचने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर चेक करने के साथ ओपीडी व इमरजेंसी वार्ड में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। राजमार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार दोपहर एडीएम नरेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने पंजीकरण काउंटर पर पहुंचकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे मरीजों की संख्या की जानकारी पूछी तो स्वास्थ्य कर्मी ने तबतक 248 मरीज आने की बात कही। इसके बाद स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ राजेश कुमार के साथ उन्होंने उपस्थिति रजिस्टरों का निरीक्षण किया। इसके बाद एडीएम ने ओपीडी में उपस्थित चिकित्सकों से मरीजों से संबंधित जानकारी ली। वही इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

# ठाकुर जी महाराज स्नाकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राएं मोबाइल पाकार झूम उठे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

- स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण 2023

बिल्हौर। तहसील के राजेपुर गांव स्थित ठाकुर जी महाराज स्नाकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण हुआ जिसमें मुख्य अतिथि बिल्हौर ब्लाक प्रमुख श्रीमती मनोरमा कठेरिया ने पहुंचकर सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित कर एवं और आचार्य द्वारा विधि विधान से मां सरस्वती की पूजा संपन्न करा कर कार्यक्रम संपन्न हुआ सबसे पहले ब्लॉक प्रमुख श्रीमती मनोरमा कठेरिया को माला पहनकर ताजे फूलों का गुलदस्ता और शाल ओढ़ाकर उनको शिक्षिकाओ ने सम्मानित किया। राकेश कुमार वर्मा जी ने आए हुए अन्य अतिथियों का स्वागत किया जलपान करने के बाद में छात्र-छात्राओं को लाइन से बुला बुलाकर सभी मोबाइलों के ऊपर कोडिंग पहले से कर रखी गई थी सभी छात्र-छात्राएं अपना पहचान पत्र की कॉपी देने के बाद ही वहां पर हस्ताक्षर करने पड़ते थे इसके बाद में मोबाइल वितरित किए गए लगभग 100 छात्र छात्राओं को मोबाइल वितरण ब्लॉक प्रमुख श्रीमती मनोरमा कठेरिया और वर्मा जी ने सैमसंग कंपनी का एंड्राइड मोबाइल देकर फोटो खिंचवाए इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने ग्रुपो मे भी फोटो कराई सभी छात्र-छात्राओं ने बताया कि यह हम सबको सहयोग सरकार की तरफ से है कि हम और पढ़ लिख कर आगे बढ़े।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मौजूद रहे प्रबंधक डॉ बीके सिंह, व्यवस्थापक राकेश कुमार सिंह उर्फ वर्मा जी, उपस्थित स्टाफ गौरव कुमार, प्रतिभा शुक्ला, कमलेश कुमार , प्रियंका कटियार, सुनैना वर्मा, राकेश राठौर, हितेश चंद्र, धर्मेंद्र कटियार, अनुज कुमार, हेमंत श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# पंचायत सहायकों को सहज जन सेवा केन्द्र की सौंपी गई आईडी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



नवाबगंज। सरकार की मंशानुरूप ग्रामीणों को सरकारी सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ गांव में ही उपलब्ध कराने के लिए पंचायत सहायकों को सहज जन सेवा केन्द्र की आईडी दी गई है। जिससे अब ग्रामीणों को आय, जाति, निवास, राशन कार्ड, पैन कार्ड आदि बनवाने की सुविधा पंचायत सहायकों के माध्यम से गांव में स्थित पंचायत भवन में ही उपलब्ध होगी। जिसके लिये शनिवार को नवाबगंज विकासखंड मुख्यालय के सभागार में सहज डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुलदीप यादव व डीपीएम अविनाश द्विवेदी ने आईडी संचालन से सम्बंधित प्रशिक्षण पंचायत सहायकों को दिया। उन्होंने ने बताया कि आय, जाति, निवास बनवाने के लिए 30 रु आवेदक शुल्क है।
प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ प्रशिक्षु आईएएस डॉ राम मोहन मीणा ने सभी को स्वच्छ भारत मिशन के तहत श्रमदान करने हेतु व करने के लिए प्रेरित करने हेतु शपथ दिलाई। इस दौरान एडीओ पंचायत राजेश कुमार, सचिव रमाकांत शुक्ला, सुरेंद्र कुमार, आकाश शुक्ला, अमरेश वर्मा, चरनजीत, आशीष पटेल आदि समेत पंचायत सहायक भैसौरा, महनौरा, जगदीशपुर, पिपरोसा, कुशहरी, सधीरा, आशाखेड़ा, कुसुम्भी आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन ने स्वराज आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को बांटी सामग्री

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन जिला कानपुर की तरफ से स्वराज आश्रम पनकी में रहने वाले सभी बुजुर्गों जो अपने घर परिवार से दूर यहां जीवन व्यतीत कर रहे हैं उनके लिए सभी के सहयोग से रोजाना की सामग्री और कपड़े वितरित किए गए। जिसमें प्रमुख रूप से सीमा गुप्ता अनूप गुप्ता कीर्ति जैन द्वारा सामग्री वितरित की गई।
इस दौरान सभी महिलाओं के लिए मैक्सी गाउन मंजन साबुन बिस्किट नमकीन फल मिठाई और सभी पुरुष वर्ग के लिए तौलिए रुमाल साबुन बिस्किट नमकीन मिठाई फल मंजन दिए गए जिसे पाकर सभी के चेहरे खिल गए अन्य सहयोगियों में पुष्पा गुप्ता आयुष गुप्ता विनीता अग्रवाल शालू चौधरी अनुपम गुप्ता रविंद्र गुप्ता एवं अन्य लोगों ने मिलकर सामग्री वितरित की, सीमा गुप्ता ने बताया यहां आश्रम में इन बुजुर्गों से मिलकर मन में यह सवाल आता है कि बच्चे अपने माता-पिता को क्यों छोड़ देते हैं उनका मन द्रवित हो गया वही कीर्ति जैन ने बताया इन लोगों के लिए कुछ करने से मन को शांति मिलती है अनुभव गुप्ता ने बताया कि ऐसे कार्य होने चाहिए लेकिन इसका लाभ सीधे बुजुर्गों को मिले।

### महाकाल नाम की बनी माला से सैकड़ों व्यापारियों का किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



पेचबाग व्यापार मण्डल के कार्यकारणी सदस्यों ने बीते दिन व्यापारी एकता की मिसाल पेश की और कहा कि व्यापारी का कोई धर्म नहीं कोई जाती नहीं कोई पार्टी नहीं है सबसे पहले हम व्यापारी हैं। शनिवार को कानपुर उद्योग व्यापार मण्डल के 50वर्ष पूर्ण होने पर व्यापारी स्वाभिमान यात्रा प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व मे सम्पूर्ण शहर में जगह जगह से निकाली गई । यात्रा के स्वागत के लिए सभी व्यापार मण्डलो ने मंच लगा कर ज़ोरदार स्वागत किया। पेचबाग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष कामिल अंसारी,महामंत्री एहसान हज़ारी संचालक फरीद रहमानी कोषाध्यक्ष मो नदीम, उपाध्यक्ष, मो अज़हर, कासिम, शाहनवाज़ अंसारी ,मो आरिफ, आफताब आलम, गोलू, फ़िरोज़ अंसारी, वरिष्ठ सदस्य मो इमरान, आफताब खान, साथ अन्य सदस्यो ने यात्रा का स्वागत महाकाल नाम से बनी माला 500 से अधिक व्यापारी को पहनाकर व्यापारी समाज की एकता की मिसाल क़ायम की।

# आरएसएस ने मोदी को हिंसा फैलाने का काम सौंपा: राहुल

## शाजापुर में कहा, जातीय जनगणना पर सवाल उठाता हूं तो बीजेपी कांपने लगती है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शाजापुर

मध्यप्रदेश के शाजापुर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जातीय जनगणना पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी ओबीसी की सरकार नहीं चलाते। वे दलितों-आदिवासियों के लिए भी काम नहीं करते हैं। उनका काम तो ध्यान इधर-उधर करने का है, नफरत और हिंसा फैलाने का है। यह काम उन्हें आरएसएस ने सौंपा है। राहुल शनिवार को शाजापुर जिले की कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के पोलायकलां में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने सभा में कहा, हिंदुस्तान को 90 अफसर (कैबिनेट सेक्रेटरी और सेक्रेटरी ऑफ गवर्मेंट ऑफ इंडिया) चलाते हैं। ये निर्णय लेते हैं कि पैसा कहां जाएगा लेकिन इनमें 3 अफसर ही ओबीसी हैं। हिंदुस्तान के पूरे बजट में 5 प्रतिशत की भागीदारी ही ओबीसी अफसरों की है। जबकि, ओबीसी की आबादी हिंदुस्तान में 50 प्रतिशत है। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा, देश के सामने एक ही मुद्दा है- जातीय जनगणना। ओबीसी कितने हैं? उनकी भागीदारी कितनी होनी चाहिए? जब जातीय जनगणना का सवाल उठाता हूं तो बीजेपी के लोग कांपने लग जाते हैं। नरेंद्र मोदी भागने लग जाते हैं। अमित शाह हिंदू-मुस्लिम करेंगे। कांग्रेस सरकार आने पर यह पहला काम हम करके दिखाएंगे।



### ओबीसी सचिवों की कमी के मुद्दे पर जोर

राहुल संसद में देश में ओबीसी सचिवों की कमी के मुद्दे के जरिए सरकार बरसे थे। आज मध्यप्रदेश में भी उन्होंने कहा कि ओबीसी की आबादी कितनी है, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। ओबीसी की आबादी हिंदुस्तान में लगभग 50 प्रतिशत है। 90 अफसरों में सिर्फ तीन अफसर ओबीसी के हैं। दो-तीन साल पहले देखते तो हिंदुस्तान की सरकार में 90 में से शून्य अफसर ओबीसी से थे। यह देश की सच्चाई है।

### हमारा पहला काम जातिगत जनगणना होगा

राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के सामने सिर्फ एक मुद्दा है- जातिगत जनगणना। कांग्रेस की सरकार बनी तो पहला काम यही होगा। हमारी सरकार थी तब हमने जातिगत जनगणना करवाई थी। नरेंद्र मोदी जानते हैं कि हिंदुस्तान में ओबीसी कितने हैं। वह बताना नहीं चाहते कि ओबीसी कितने हैं? वह आपको सच्ची शक्ति नहीं देना चाहते हैं। हमारा पहला काम जातिगत जनगणना होगा। हमारी सरकार आएगी तो हम देश को बता देंगे कि कितने ओबीसी हैं।

### किसानों के लिए कर्ज माफी की बात की

राहुल ने कहा कि आप किसान हैं। आप लोग यहां सोयाबीन उगाते हैं। किसानों ने हमें बताया कि सरकार यहां उचित दाम नहीं देती है। हमने मध्यप्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ समेत हर राज्य में किसानों की कर्ज माफी की थी। कमलनाथ जी किसानों का कर्ज माफ कर रहे थे। यहां बीजेपी वालों ने आपको धोखा देकर सरकार चुरा ली।

### अदाणी मुद्दे को अपनी सांसदी जाने से जोड़ा

अपने संबोधन के शुरुआत में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मैंने संसद में जैसे ही अदाणी जी की बात शुरू की। वैसे ही मेरी लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी। आप सोचिए, अदाणी की रक्षा करने के लिए एकदम मेरी लोकसभा की सदस्यता को रद्द कर दिया। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं सच्च बोलता हूं। सरकार का रिमोट कंट्रोल अदाणी जी के हाथ में है। सच्चाई अदाणी जी से बड़ी है।

### मध्यप्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र है

राहुल ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्य की शिवराज सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र है जितना भ्रष्टाचार बीजेपी के लोगों ने मध्यप्रदेश में किया है, पूरे देश में नहीं किया है। बच्चों के फंड्स, मिड-डे मील के फंड्स, स्कूल यूनीफॉर्म के फंड्स चोरी किए। महाकाल कॉरिडोर में भाजपा ने पैसा चोरी किया। व्यापमं स्कैम को आप सब जानते हैं। एक करोड़ युवाओं को नुकसान पहुंचाया। सीट्स बेची जाती है। पेपर लीक किए जाते हैं।

### महिला आरक्षण की शर्तों का मुद्दा उठाया

पिछले दिनों संसद से पारित होने के बाद शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन कानून लागू हो गया। हालांकि, इसके प्रभावी होने से पहले जनगणना और परिसीमन की शर्तों को पूरा करना होगा। राहुल ने सभा में महिला आरक्षण से जुडी इन्हीं शर्तों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भाजपा ने महिला आरक्षण की बात की। हमने एक सवाल उठाया। भाजपा ने कोई जवाब नहीं दिया। हमने पहले कहा कि महिला आरक्षण अच्छा है लेकिन इसमें आपने दो छोटी लाइनें लिख रखी है। इन्हें मिटाइए। एक लाइन थी- महिला आरक्षण से पहले सर्वे करने की जरूरत है। दूसरी लाइन थी- महिला आरक्षण करने से पहले हमें परिसीमन करना है। इससे महिला आरक्षण दस साल बाद होगा। आज नहीं होगा। हमने कहा कि यह दो लाइन बदलिए।

### महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण क्यों नहीं है?

राहुल ने महिला आरक्षण के जरिए ओबीसी के मुद्दे पर भी मोदी सरकार को घेरा। राहुल ने कहा कि हमने सवाल पूछा कि महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण क्यों नहीं है? नरेंद्र मोदी जी आप कहते हैं कि आप ओबीसी नेता हैं। ओबीसी के लिए काम करते हैं।

# लोकसभा चुनाव में नहीं लगवाएंगे पोस्टर, न पिलाएंगे चाय : गडकरी

## गडकरी बोले, जिसको वोट देना होगा, वो खुद देगा, जिसको नहीं देना है वो नहीं देगा



### ✻ मैं चुनावों में रिश्वत नहीं लेता हूं और न किसी को भी ऐसा करने की अनुमति दूंगा : गडकरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव और अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा बयान दिया है। गडकरी का कहना है, इस बार लोकसभा चुनावों में वो पोस्टर-बैनर नहीं लगवाएंगे। न ही चाय पानी पिलवाएंगे। उन्होंने आगे कहा- जिसको वोट देना है, वो खुद आकर देगा, जिसको नहीं देना है वो नहीं देगा। गडकरी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के वाशिम में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान ये बातें कहीं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी का कहना है, मैं चुनावों में रिश्वत नहीं लेता हूं और न किसी को भी ऐसा करने की अनुमति दूंगा। लेकिन, मुझे विश्वास है कि मैं ईमानदारी से आप सभी की सेवा कर सकूंगा।

### एक बार घर-घर मटन बंटवाया था, फिर भी हम चुनाव हार गए थे : गडकरी

नितिन गडकरी चुनावों में प्रलोभन को लेकर पहले ही कुछ इस तरह का बयान दे चुके हैं। 24 जुलाई को गडकरी महाराष्ट्र राज्य शिक्षक परिषद के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यहां वह चुनाव जीतने के तरीके बता रहे थे। गडकरी ने कहा कि चुनाव प्रलोभन से नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में विश्वास और प्यार पैदा करके जीते जाते हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वोटर बहुत होशियार होता है। वो खाता सबका है, लेकिन वोट उसी को देता है, जिसे उसे देना होता है। गडकरी ने बताया कि उन्होंने एक बार लोगों के बीच एक-एक किलो मटन बांटा था। फिर भी चुनाव हार गए थे क्योंकि आज का वोटर बहुत जागरूक है। गडकरी ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रचार के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए जाते हैं। कई लोग वोटर को पैसा खिलाते हैं, लेकिन मेरा मानना है कि इलेक्शन केवल लोगों के बीच विश्वास पैदा करके जीते जाते हैं।

# 31 साल पुराने रेप केस में 215 सरकारी कर्मचारी दोषी

### ✻ तमिलनाडु के वचथी गांव में पुलिस, फॉरेस्ट और रेवेन्यू अफसरों ने किया था दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु के वचथी गांव के 31 साल पुराने रेप केस में मद्रास हाईकोर्ट ने 215 लोगों को दोषी करार किया है। दोषियों में पुलिसवाले, फॉरेस्ट और रेवेन्यू अधिकारी शामिल हैं। 1992 में इन लोगों ने आदिवासी गांव वचथी में 18 महिलाओं का रेप और पुरुषों को टॉर्चर किया था। 2011 में एक लोअर कोर्ट ने इन लोगों को दोषी ठहराया था। इस आदेश के खिलाफ आरोपियों ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। शुक्रवार (29 सितंबर) को हाईकोर्ट ने लोकर कोर्ट का फैसला बरकरार रखा।

### कोर्ट ने दी थी 1 से 10 साल की सजा, 10 लाख जुर्माना लगाया था

2011 के अपने फैसले में लोअर कोर्ट ने सभी दोषियों को 1 से 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही हर दोषी को 10 लाख रुपए देने आदेश दिया गया था, जो 18 रेप विक्टिम्स को दिए जाते। इनमें से हर दोषी 5 लाख रुपए जमा कर चुका है, जबकि 5 लाख बकाया है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने अपने आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि पीड़ितों को नौकरी या उनके और उनके परिवारों को स्व-रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएं। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि तत्कालीन जिला कलेक्टर, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस और डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर दोषियों के खिलाफ एक्शन ले क्योंकि उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर थी।

### चंदन की लकड़ी ढूंढने के लिए अधिकारियों ने की थी रेड

20 जून 1992 को फॉरेस्ट और रेवेन्यू अधिकारियों के साथ मिलकर पुलिस टीम ने वाचथी गांव में रेड डाली थी। ये लोग यहां तस्करी की गई चंदन की लकड़ी ढूंढने आए थे। पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने गांव के लोगों को चंदन तस्कर वीरप्पन का समर्थक बताते हुए तीन दिन तक उनके साथ बर्बरता की थी। 269 दोषियों में से 126 फॉरेस्ट ऑफिसर, 84 पुलिसवाले और 5 रेवेन्यू अधिकारी थे। 2011 में जब लोकर कोर्ट का आदेश आया, तब तक 54 दोषियों की मौत हो चुकी थी।

# अब सात अक्तूबर तक बैंकों में बदल और जमा कर सकेंगे दो हजार के नोट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दो हजार रुपये के पुराने नोट को बदलवाने और जमा की आखिरी तारीख को बढ़ाकर सात अक्तूबर कर दिया गया है। अभी तक इसकी आखिरी तारीख 30 सितंबर, 2023 थी। बता दें कि कुछ महीनों पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने दो हजार रुपये के नोटों को वापस लेने का एलान किया था। बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 3.56 लाख करोड़ रुपये के 2000 के बैंक नोटों में से 3.42 लाख करोड़ रुपये के नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। 29 सितंबर को कारोबार की समाप्ति के बाद केवल 0.14 लाख करोड़ रुपये ही चलन में रह गए हैं। इस प्रकार, 19 मई 2023 को प्रचलन में रहे 2000 बैंक नोटों का 96 प्रतिशत अब बैंकों में वापस आ गया है। आरबीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आठ अक्तूबर 2023 से बैंक शाखाओं में दो हजार के नोटों को जमा लेना और बदलना बंद कर दिया जाएगा। आठ अक्तूबर के बाद आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों में एक बार में 20 हजार रुपये तक के 2000 के नोट बदले जा सकेंगे। आठ अक्तूबर के बाद केवल आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों के माध्यम से दो हजार के बचे नोटों को अपने खातों में जमा किया जा सकेगा।

### देश के सरकारी कार्यालयों सहित स्कूल-कॉलेज में मोबाइल पर पूरी तरह रोक लगाई जानी चाहिए

जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा

**मुंबई।** भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मांग किया है कि पुरे देश के सरकारी कार्यालयों सहित स्कूल-कॉलेज में मोबाइल पर पूरी तरह रोक लगाई जानी चाहिए। अर्जुन गुप्ता ने आगे लिखा है कि है आए दिन मोबाइल के कारण तमाम हादसा व दुर्घटनाएं होने की खबर मिल रही है। फिर चाहे रेल हो या बस अगर केंद्र सरकार इस विषय पर ध्यान देकर कुछ नियम बनाकर सरकारी कार्यालयों, रेल, बस, स्कूल, कॉलेज सहित अन्य सभी सरकारी संस्थानों में यह लागू कर दिया जाए तो बहुत उत्तम कार्य होगा।



# अनिल गलगली आशीर्वाद राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित

जन एक्सप्रेस । मुंबई

आशीर्वाद और एनएफडीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 31 वां राजभाषा पुरस्कार समारोह में संचार मिडिया की श्रेणी में अग्निशिला के संपादक एवं आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को आशीर्वाद राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर पद्म भूषण उदित नारायण, अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा, एनएफडीसी के उप महाप्रबंधक महेश यादव, मंजू लोढ़ा, आशीर्वाद के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, डॉ उमाकांत बाजपेयी, नीता बाजपेयी, अरविंद राही, अशोक त्रिवेदी उपस्थित थे।




# शाह ने अहमदाबाद में 1651 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पहले कार्यक्रम के तहत उन्होंने अहमदाबाद के सरखेज में ओकाफ लेक के रेनोवेशन के लिए भूमि पूजन किया। इसके बाद भदाज, ओगंज और जगतपुर में नई झील, त्रागड में सार्वजनिक पार्क का उद्घाटन किया। इसके साथ ही अहमदाबाद में 1651 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

### पहले काम करना हमारी परंपरा है : शाह

लोकसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय शाह ने कहा कि आज 1500 करोड़ रुपए के अतिरिक्त कार्यों का शुभारंभ और समापन किया गया है। लोगों के मांगने से पहले काम करना हमारी परंपरा है, भले ही जनता ने न मांगा हो। पिछले 52 महीनों में गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में 17 हजार करोड़ से ज्यादा के 11 हजार काम हुए हैं। एएमसी और औडा की 21 योजनाओं को अंतिम रूप दिया गया है और 18 लॉन्च की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई के समय में चांद पर भी तिरंगा फहरा दिया गया है। देश में जी-20 का भी सफल आयोजन किया गया। नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 फीसदी आरक्षण दिया है। इसके अलावा विश्वकर्मा समाज के विकास के लिए लोहार, बढ़ई, मोची, सोनी आदि को मशीनों के लिए 3 लाख तक की सहायता दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 महीने में चार ऐसे काम किए हैं।



# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा : कचरा मुक्त भारत के लिए जनांदोलन



गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री

भारत विविध सभ्यताओं का देश है। संस्कृति, परंपरा, धर्म और भाषा में विविधता के बावजूद विषम परिस्थितियों में भी एकजुट रहना ही हमारी पहचान है। एकता और जन-भागीदारी की यह ताकत आज हमारे देश के विकास को गति दे रही है। सामूहिक ईच्छा शक्ति से किसी क्षेत्र में किस तरह बदलाव लाया जा सकता है, हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया विश्व का सबसे बड़ा व्यवहार परिवर्तन अभियान स्वच्छ भारत अभियान (क्लीन इंडिया कैंपेन) इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लक्ष्य को पाने और स्थायी व सतत विकास को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन (स्क्रस्-त्न) एक जनांदोलन बनकर उभरा है। यह अभियान स्वच्छता के लिए मात्र तत्कालिक उपायों को अपनाने तक ही सीमित नहीं है वरन यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान तलाशते हुए देश के सामने दीर्घकालीन दृष्टिकोण की नींव रखता है। और यह सकारात्मक परिणाम सरकार के सभी सम्बन्धित विभागों के उचित समन्वय और संयुक्त प्रयासों से संभव हो पाया है। हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणा के अकूत स्रोत आदरणीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच को प्रदर्शित करने वाले इस अभियान के उद्देश्यों को गति देने और उसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए हमारी पूरी टीम नियमित तौर पर राज्यों जिलों और गांवों को सम्बल प्रदान करने के लिए आवश्यक विभागीय यात्रायें कर रही है। उच्च स्तरीय समीक्षाओं के माध्यम से इस मिशन को सफल बनाने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए की जा रही मेहनत और संकल्प का नतीजा है कि SBM-G 2.0 के तहत देश के 4.4 लाख से अधिक गांवों ने स्वयं को ODF Plus घोषित किया हैं । इसके अतिरिक्त 11.25 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों और 2.36 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण हुआ है।

### स्वच्छता ही सेवा-2023 के माध्यम से अपनाए गए 'होल ऑफ गवर्नमेंट' दृष्टिकोण को रेखांकित करना भी बेहद महत्वपूर्ण

एसएचएस- 2023 सार्वजनिक क्षेत्रों के कायाकल्प के उद्देश्य से गतिविधियों की एक प्रभावशाली श्रृंखला के रूप में है। इसमें सार्वजनिक स्थानों की सफाई से लेकर स्वच्छता से जुड़े सभी उपकरणों का नवीनीकरण शामिल है। यह अभियान नदी तटों, जल निकायों, पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक स्मारकों की सफाई, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दिखाता है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिहाज से पेयजल और स्वच्छता विभाग व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के बीच सहयोगात्मक गठबंधन एक बेहतरीन मंच तैयार करता है। ऐसे मौके पर स्वच्छता ही सेवा-2023 के माध्यम से अपनाए गए 'होल ऑफ गवर्नमेंट' दृष्टिकोण को रेखांकित करना भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस अभिनव दृष्टिकोण ने 'डीडब्लूएस और एमओएचयूए के अलावा 59 सरकारी विभागों को 30,000 से अधिक गतिविधियां शुरू करने और पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अब तक 7.5 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाया है। इसके अलावा इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि समुदायों की अभूतपूर्व भागीदारी है।

### ओडीएफ प्लस गांवों की संख्या 7 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशत हो गई

स्वच्छ भारत मिशन जैसी शानदार पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा स्वच्छता ही सेवा अभियान है। यह मिशन के प्रति जन-भागीदारी को सुनिश्चित करने के साथ इसे जनांदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम सभी विगत वर्षों में स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता और उसके परिणाम देख चुके हैं। एसएचएस-2022 के दौरान लगभग 10 करोड़ लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में स्वेच्छा से भाग लिया। इस बार उत्साहवर्धक बात यह है कि इस वर्ष पखवाड़ा में अभी तक करीब 9 करोड़ लोगों ने श्रमदान कार्यक्रमों में भागीदारी दिखाई हैं । स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इस वर्ष महज 12 दिनों में ही 20 करोड़ से अधिक लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की है, अर्थात औसतन प्रतिदिन करीब 1.67 करोड़ लोग इस अभियान का अंग बने हैं । यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस विशाल जन-भागीदारी के कारण ही हमने इस वर्ष एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड बनाया। लोगों के संकल्प का सुफल है कि ओडीएफ प्लस गांवों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। देश में अब ऐसे ओडीएफ प्लस गांवों की संख्या 7 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशत हो गई है।

### देश के सभी नागरिकों से स्वैच्छिक गतिविधियों के माध्यम से श्रमदान करने का आह्वान

स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत इस वर्ष मेरे साथ मंत्रिमंडल में मेरे अनुभवी सहयोगियों केंद्रीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री आदरणीय श्री गिरिराज सिंह और केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री आदरणीय श्री हरदीप सिंह पुरी ने की। माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस वर्ष 15 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच इस अभियान को चलाया जा रहा है। इसका समापन एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटा राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक स्वच्छता श्रमदान के साथ होगा। इस वर्ष यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण और शहरी के संयुक्त तत्वावधान में पेयजल और स्वच्छता विभाग व शहरी और आवास मामलों का मंत्रालय संयुक्त पहल के रूप में चला रहा है। मेरी स्पष्ट मान्यता हैं कि स्वच्छता ही सेवा कोई साधरण अभियान नहीं है। यह देश के सभी नागरिकों से स्वैच्छिक गतिविधियों के माध्यम से श्रमदान करने का आह्वान है। इसका उद्देश्य साझा जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना और स्वच्छता को लेकर सामूहिक दायित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस वर्ष यह अभियान 'कचरा मुक्त भारत' के संकल्प से जुड़ा है। हमारा उद्देश्य इस बात पर जोर देना है कि स्वच्छता हमारा सामूहिक दायित्व है और यह हम सबके दैनिक जीवन का अहम भाग होना चाहिए।

### स्वच्छता पर जोर

आज जब हम स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता पर विचार कर रहे हैं, तो हमारे लिए इस असाधारण प्रयास के सभी पहलुओं की गहराई से अध्ययन करना भी बेहद जरूरी है। अभियान के दौरान विजिबल क्लीनलिनेस अर्थात दृश्यगत स्वच्छता पर जोर देने के साथ ही इससे जुड़े समाज के गुमनाम नायकों, सफाई मित्रों, स्वच्छाग्रहियों, जल सहियाओं, आदि के कल्याण पर भी ध्यान दिया गया है। समाज में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका की स्वीकृति के साथ और उनके उत्थान के लिए कार्य करना भी इस अभियान का सराहनीय पहलू है। ये वही लोग हैं जो हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए लगनशीलता से कार्य कर रहे हैं।

### देश के सभी नागरिकों से आग्रह और अपील करना चाहता हूं कि हमारे पूज्य राष्ट्रपिता के बताए रास्ते पर चलते हुए हम सभी श्रमदान की भावना को अपनाएं और एक अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान में स्वेच्छा से सक्रिय रूप से जुड़ें

है। स्रोत पर ही अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व को देश के युवा समझ रहे हैं। इस समझ और जागरूकता के साथ वे अपने समुदायों में स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं और स्वच्छता चैंपियन बन रहे हैं। इस अभियान से जुड़े सांस्कृतिक और अन्य विशेष कार्यक्रमों के जरिए स्वच्छता से जुड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यापक जन-भागीदारी को बढ़ावा देने में अहम मदद मिल रही है। यह अभियान इस वर्ष के लिए स्।ास्-पोर्टल के लॉन्च का भी साक्षी बना, जो इस पहल के तहत स्वैच्छिक कार्यों का विस्तृत रिकॉर्ड रखता है। इससे पारदर्शिता और जावबदेही भी सुनिश्चित हुई है, जो पहले इस तरह के अभियानों में देखने को नहीं मिलती थी। साथ ही नागरिकों और संगठनों के बेहतरीन प्रयासों से जुड़े रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के लिए एक मंच भी तैयार हो गया है। एसएचएस-2023 के साथ भारतीय स्वच्छता लीग के जुड़ जाने से इस अभियान में एक प्रतिस्पर्धी भावना का भी संचार हुआ है। मैं देश के सभी नागरिकों से आग्रह और अपील करना चाहता हूं कि हमारे पूज्य राष्ट्रपिता के बताए रास्ते पर चलते हुए हम सभी श्रमदान की भावना को अपनाएं और एक अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान में स्वेच्छा से सक्रिय रूप से जुड़ें, अपने गांवों, कस्बों और शहरों को संपूर्ण स्वच्छ बनाने में श्रमदान करें।

जय भारत जय स्वच्छता

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)